CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 16°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 6 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 295 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर आवासीय योजना का लोकार्पण**

पेज 2




**भारत की नजरें सीरीज में बढ़त बनाने पर**

खेल टाइम्स



**विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व**

सम्पादकीय



**ट्रम्प और मोदी में लगातार संवाद जारी**

पेज 12

## साल का सबसे बड़ा चांद सुपरमून दिखा



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में बुधवार की रात साल का सबसे बड़ा चांद यानी सुपरमून दिखाई दिया है। यह साल का दूसरा सुपरमून है। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामने से करीब 14 गुना बड़ा दिखा। साथ ही 30 फीसदी ज्यादा चमकीला भी नजर आया। सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है। इस वजह से चांद ज्यादा बड़ा और चमकीला दिखाई देता है। सुपरमून को देखने पर ऐसा लगा जैसे यह पृथ्वी के करीब आ रहा है। 5 नवम्बर का चांद पृथ्वी से करीब 3,57,000 किलोमीटर की दूरी पर है।

### राष्ट्रपति चुने जाने के बाद ट्रम्प को मिली पहली बड़ी हार

# भारतीय मूल के तीन नेताओं ने रचा इतिहास, ममदानी बने न्यूयॉर्क के मेयर

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के तीन उम्मीदवारों ने अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत दिलाई है और पिछले साल नवम्बर में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पहली हार का सामना करना पड़ा है।

जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी उन प्रमुख डेमोक्रेट नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी, सिनसिनाटी और वर्जीनिया में अहम चुनाव जीते हैं। इन तीनों नेताओं को ऐसे समय में जीत मिली है, जब डेमोक्रेटिक पार्टी लगातार चुनावी झटकों का सामना कर रही थी। इसलिए इस जीत का राजनीतिक और प्रतीकात्मक दोनों दृष्टि से बड़ा महत्व है। हालांकि, ट्रम्प ने खुद इन चुनाव को नहीं लड़ा, लेकिन उन्होंने कई उम्मीदवारों का समर्थन किया था। न्यूयॉर्क में ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को समर्थन दिया था। ट्रम्प ने यहां तक कहा था कि अगर ममदानी जीतेंगे, तो वह संघीय फंड रोक देंगे। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्जीनिया समेत कई राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं ने कहा कि उनका वोट ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ संदेश देने के लिए था, खासकर टैरिफ और आव्रजन नीति। फिलहाल भारतीय मूल के तीन नेताओं की जीत ने सियासी माहौल बदल दिया है और रिपब्लिकन पार्टी की गति को रोक दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ये नतीजे 2026 के मध्यवर्ती चुनावों और 2028 के राष्ट्रपति चुनावों पर क्या असर डालते हैं। अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में शुमार न्यूयॉर्क में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत मिली। उसके उम्मीदवार भारतवंशी जोहरान ममदानी को यहां मेयर चुनाव में जीत मिली। ममदानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एंड्रयू कुओमो को शिकस्त दी। कुओमो इस चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन हासिल कर चुके थे। इसके बावजूद उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम और भारतीय-अमेरिकी मेयर के तौर पर शपथ लेंगे।





- **अमेरिका में भारतीय मूल के जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी डेमोक्रेट नेताओं ने अहम चुनाव जीते**
- **न्यूयॉर्क में राष्ट्रपति ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को दिया था समर्थन**

## संक्षिप्त समाचार

### कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को आस्था का जन सैलाब उमड़ा, हरकी पैड़ी पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। धर्मनगरी में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार सुबह तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही हरकी पैड़ी समेत समूचे गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने मां गंगा के पावन जल में डुबकी लगाकर अखंड पुण्य प्राप्त किया। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से अगणित पापों का नाश होता है और सुख, समृद्धि तथा सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### छह महिला श्रद्धालुओं की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह वाराणसी गंगा स्नान करने जा रही छह महिला श्रद्धालुओं की तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई, जबकि कुछ अन्य घायल हो गए। बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे गोमो प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन चुनार रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर चार पर आकर रुकी। इस बीच कुछ यात्री रेलवे ट्रैक पार कर प्लेटफार्म नंबर तीन की ओर जाने लगे। उसी समय हावड़ा कालका मेल दिल्ली की ओर जा रही थी। कालका मेल का चुनार स्टेशन पर ठहराव नहीं था। ट्रेन अपनी स्पीड से गुजरी, जिसमें कई श्रद्धालु ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में सविता (28), साधना (16), अंजू (20), सुशीला (60), कलावती (50), शिवकुमार (12) की मृत्यु हो गई, जबकि कुछ अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### उत्तराखंड के बद्रीनाथ में बर्फबारी

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में जारी बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने वाली है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ में बर्फबारी हुई। मध्य प्रदेश में दो दिन बाद ठंड बढ़ेगी। भोपाल में रात के तापमान में चार या पांच डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि हरियाणा के पास एक चक्रवात बना हुआ है। यह मध्य प्रदेश में ठंडी हवा आने से रोक रहा है। अगले 24 या 48 घंटे में यह चक्रवात उत्तर भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस में समाहित हो जाएगा। इसके बाद ही हमारे यहां ठंड का असर शुरू होगा।

# हरियाणा की तरह बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी: राहुल

### बिहार के पांच लोगों को मंच पर बुलाया, सभी ने कहा: उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार में पहले फेज की 121 सीटों पर गुरुवार (आज) वोटिंग होनी है। इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राज्य में ऑपरेशन सरकार चोरी चलाया जा रहा है। राहुल ने बिहार के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया। सभी ने कहा कि उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं। राहुल ने वोटर वैरिफिकेशन पर 1 घंटा 20 मिनट लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था।

बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में हरियाणा की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला। इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। राहुल गांधी ने सबसे पहले हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी का वीडियो दिखाया। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया। अब ये व्यवस्था क्या है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई। राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नायब सिंह सैनी की एक बाइट पर संदेह पैदा होता है। राहुल ने इलेक्शन रिजल्ट से दो दिन पहले 6 अक्टूबर 2024 को सैनी का बयान सुनाया। नायब सैनी कहते हैं कि मैंने शुरू से यह कहा है कि भाजपा एकतरफा सरकार बना रही है। हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं। आप चिंता मत करिए। राहुल ने सवाल उठाया कि आखिर वो व्यवस्था क्या है। बीजेपी नेता मुस्कुराते हुए सरकार बनाने का दावा कर रहे थे। यह व्यवस्था वोट चोरी की है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई। राहुल ने ब्राजीलियन लड़की की तस्वीर भी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये हरियाणा की वोटर लिस्ट में है। इसने कभी -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा: ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला**

### वोट चोरी पर राहुल के दावे फर्जी: भाजपा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार किया। रिजिजू ने कहा कि राहुल ने जो प्रेजेंटेशन दिया, वह फर्जी था। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुछ विदेशी महिलाओं के नाम का जिक्र किया। वे संसद सत्र चलते समय विदेश चले जाते हैं। छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं। उन्हें विदेशों से जो प्रेरणा मिलती है, उसके आधार पर वे लोगों का समय बर्बाद करते हैं।

### चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को बताया बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हरियाणा विधानसभा के 2024 में हुए चुनावों में धांधली के आरोपों को नकारते हुए कहा है कि यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही थी और एक ही नाम से कई बार मतदान किया जा रहा था, तो कांग्रेस के चुनाव एजेंटों को इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी। राहुल गांधी के संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में हेराफेरी करने के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आयोग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि हरियाणा में मतदाता सूची को लेकर कहीं कोई शिकायत नहीं है। वर्तमान में 90 सदस्यों वाली विधानसभा चुनाव से जुड़ी 22 याचिकाएं उच्च न्यायालय में लंबित हैं। आयोग ने श्री गांधी के फर्जी वोटिंग के आरोप पर कहा कि यदि एक ही नाम पर कई बार मतदान हो रहा था तो श्री गांधी को बताना चाहिए कि उनकी पार्टी के पोलिंग एजेंट मतदान केंद्रों पर क्या कर रहे थे। आयोग का यह भी कहना था कि यदि किसी मतदाता पर संदेह था, तो कांग्रेस के मतदान एजेंटों ने मतदाता की पहचान को लेकर कोई आपत्ति दर्ज क्यों नहीं कराई।

# आरोपी के दुबई से गायब होने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

सट्टेबाजी प्रकरण का आरोपी दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है, जिसके बाद कोर्ट ने यह निर्देश दिया है। न्यायालय ने कहा ऐसे मामलों के आरोपी अदालतों और जांच एजेंसियों को खेल समझें, इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी रवि उप्पल की ओर से कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि इससे हमारी अंतरात्मा को धक्का लगा है और अदालत को इस बारे में कुछ करना होगा। भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बच रहा उप्पल कथित तौर पर दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने उसके खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्यवाही बंद कर दी है। पीठ ने कहा कि उस जैसे सरगनाओं के लिए अदालतें और जांच एजेंसियां महज खेलने का साधन हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा।



- **ईडी को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश**

### राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे: राजनाथ

**पटना।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को बांका में चुनावी सभा में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि, उन्होंने सशस्त्र बलों में आरक्षण की मांग की है। बिहार के जमुई जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि राहुल जी को क्या हो गया है? वे रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। वह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई प्रतिघाती कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को ज्यादा आजादी मिली




**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आज दुनिया में कई तरह के खतरे हैं और ये तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता। अब सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में मिलजुलकर की गई खोज (इनोवेशन) ही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है। जनरल द्विवेदी दिल्ली में हुए 'इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025' में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा कि सेना अब ड्रोन युद्ध, क्वांटम टेक्नोलॉजी, 6जी और स्पेस मिशन जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ईडी कार्रवाई की तारीफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**FATF रिपोर्ट**



- **भारतीय जांच एजेंसी के काम को वैश्विक मॉडल बताया, 17520 करोड़ के पोंजी स्कैम का भी जिक्र**

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ भारत की सख्त कार्रवाई की इंटरनेशनल लेवल पर सराहना हुई है। वैश्विक निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के काम को एक प्रभावशाली वैश्विक मॉडल बताया है। रिपोर्ट में एफएटीएफ ने कहा कि भारत की कानूनी व्यवस्था और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम तंत्र मजबूत और भरोसेमंद है।

यह प्रणाली अपराध से जुड़ी संपत्ति को जब्त करने और पीड़ितों को राहत दिलाने के मामले में अन्य देशों के लिए मिसाल बन गई है। रिपोर्ट में महाराष्ट्र के एक मामले का जिक्र है, जिसमें अवैध कमाई से खरीदी गई संपत्तियों को जब्त कर पीड़ितों को लौटाया गया। एफएटीएफ ने कहा कि भारत ने वित्तीय अपराधों से जब्त संपत्तियों को समाजहित में उपयोग करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। संस्था के मुताबिक, भारत का यह मॉडल अन्य देशों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। एफएटीएफ ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लान्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) और भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (2018) को संपत्ति वसूली और प्रबंधन का एक प्रभावी और व्यापक मॉडल बताया है। रिपोर्ट में ईडी के कई प्रमुख मामलों का उल्लेख है, जिनमें करीब 17520 करोड़ रुपये के रोज वैली पोंजी घोटाले में पीड़ितों को संपत्ति लौटाना और भारत-अमेरिका की संयुक्त कार्रवाई में 268 बिटकॉइन (करीब 130 करोड़ रुपये मूल्य) और 10 लाख डॉलर की संपत्तियों की जब्ती शामिल है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश पुलिस सीआईडी के साथ मिलकर 6,000 करोड़ रुपये की संपत्तियों की बहाली और पीएमएलए के तहत 17.77 अरब रुपये की अचल संपत्ति जब्त करने जैसे उदाहरण भी रिपोर्ट में दर्ज हैं। एफएटीएफ ने भारत के पीड़ित-केंद्रित संपत्ति पुनर्वसूली मॉडल और तकनीक, वित्तीय डेटा विश्लेषण व एजेंसियों के बेहतर तालमेल की सराहना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने पारदर्शिता, जवाबदेही और पीड़ितों के हितों को प्राथमिकता देते हुए मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया है।



**पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए सुरक्षाकर्मी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थानों के लिए रवाना होते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती आज करेंगी कैमूर जिले के भभुआ में चुनावी जनसभा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती गुरुवार को बिहार के कैमूर जिले के भभुआ में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। यह जनसभा भभुआ हवाई अड्डे के पास मैदान में आयोजित की जाएगी, जिसमें आसपास के जिलों तथा विधान सभा क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। बसपा कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी अपने बूते पर लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी का यह जनसंपर्क अभियान राज्य के कई जिलों में लगातार जारी है। पार्टी के अनुसार बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद, राज्यसभा सांसद रामजी गौतम सहित कई वरिष्ठ नेता बिहार में लगातार प्रचार अभियान में सक्रिय हैं।

### कश्मीर के पर्वतीय रिसॉर्ट्स में हिमपात मैदानी क्षेत्रों में बारिश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्वतीय रिसॉर्ट्स- गुलमर्ग, पहलगाम और सोनमर्ग तथा कई ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों में हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई। अधिकारियों ने कहा कि ताजा हिमपात के कारण श्रीनगर- लेह राजमार्ग सहित प्रमुख राजमार्गों को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिए गए है। गुरेज-बांदीपोरा मार्ग भी यातायात बंद कर दिया गया है। यात्रियों को संबंधित जिला नियंत्रण कक्षों से सड़क की नवीनतम स्थिति की पुष्टि किए बिना यात्रा न करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं, जबकि उसके बाद मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहने की उम्मीद है।

# हरियाणा का मुद्दा उछाल कर जनता को गुमराह कर रहे राहुल गांधी: भाजपा

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के ठीक एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हरियाणा में विदेशी महिला के मतदाता पहचान पत्र और वोट चोरी का मुद्दा उठाने पर पलटवार करते हुए इस जनता को गुमराह करने का हथकंडा बताया।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पिछले संसद सत्र के दौरान एक महिला की तस्वीर टी-शर्ट पर छपवाकर पूरे संसद परिसर में घूमते रहे और उसके नाम को उछाला था। रिजिजू ने आरोप लगाया कि उसी शाम उस महिला ने गलत बयानबाजी पर राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाई थी। रिजिजू ने कहा कि अब, अपनी विपफलताओं को छिपाने के लिए नेता प्रतिपक्ष गांधी बिहार में मतदान से एक दिन पहले लोगों को हरियाणा की कहानी सुना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे सापफ है कि विपक्ष के पास बिहार में तो मुद्दा बचा ही नहीं, इसलिए ध्यान भटकाने के लिए हरियाणा का मुद्दा गढ़ा जा रहा है। रिजिजू ने कहा कि श्री गांधी दावा कर रहे थे कि एग्जिट पोल में कांग्रेस जीत रही थी लेकिन चुनाव परिणाम अलग आने पर अब हायतौबा मचा रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि 2004 के आम चुनाव में भी एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए को जिता रहे थे, लेकिन मतगणना के नतीजों में एनडीए की हार हुई। हमने जनाद. ेश को मानते हुए परिणाम को स्वीकार किया और यूपीए को बधाई दी, लेकिन हमने चुनाव आयोग की आलोचना नहीं की। रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र में जीत और हार, दोनों को स्वीकार करना पड़ता है। उन्होंने कांग्रेस नेता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एग्जिट पोल जब कांग्रेस के पक्ष में होता है।

# श्रमिकों की बेटियों के विवाह पर अब 85000 सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ उप्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया, राशि में बढ़ोतरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना की राशि में बढ़ोतरी की गई है।

नई व्यवस्था के तहत सामान्य विवाह पर 65000, अंतर्जातीय विवाह पर 75000 तथा सामूहिक विवाह पर 85000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त आयोजन के लिए 15000 की अलग से राशि दी जाएगी। यह सहायता सीधे पात्र श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि ष्श्रमिक परिवार समाज की नींव हैं। उनकी बेटियों के विवाह में सहयोग देना सरकार का नैतिक और मानवीय दायित्व है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का संपूर्ण आयोजन श्रम विभाग और बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जिसमें सुरक्षा, आवास, भोजन और परिवहन जैसी सभी सुविधाएं सुनिश्चित रहेंगी। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव पूजा यादव ने कहा कि वर्तमान में बोर्ड में 1.88 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

अब तक 18.94 लाख से अधिक आवेदनों पर 6336.61 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। पंजीकृत श्रमिक मात्र 20 एकमुश्त पंजीकरण शुल्क और 20 रुपए वार्षिक अंशदान के साथ योजनाओं के पात्र बन सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन और निशुल्क है, जिसे जन सेवा केंद्रों के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। गौरतलब है कि बोर्ड द्वारा जन्म सहायता, शिक्षा सहायता, पेंशन, दिव्यांगता/मृत्यु सहायता और गंभीर बीमारी सहायता जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं, जिनसे लाखों श्रमिक परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है।

## माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर आवासीय योजना का लोकार्पण

# 2017 में ही तय था उप्र की छवि बदलेंगे: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मुख्यमंत्री ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेता. वनी है, जो माफिया को शार्गिद बनाते हैं, उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं, वे गरीबों का शोषण करवाते हैं।

अब यूपी में ऐसा नहीं चलेगा। हमने 2017 में ही तय कर लिया था कि यूपी की छवि बदलकर रहेंगे। जियामऊ, डालीबाग स्थित एकता वन में आयोजित भव्य समारोह में योगी ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह केवल आवास वितरण नहीं, बल्कि संदेश है कि माफिया से छीनी गई भूमि पर गरीबों का आशियाना बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करके समाज को डराने-धमकाने का काम करेगा, तो लेने के देने पड़ जाएंगे। यह सरकार जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यही नए भारत और नए उप्र की पहचान है, जहां विकास के साथ धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज लाखों श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, टिकरी, सुखतीर्थ, बदायूं, प्रयागराज, काशी, अयोध्या में स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। काशी में सायं देव दीपावली पर देवता दीप जलाएंगे। योगी ने कहा कि इस पावन अवसर पर लखनऊ में मापिफया से मुक्त भूमि पर लाभार्थियों को आवास देना सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस प्राइम लोकेशन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10.70 लाख में फ्लैट दिए, इसकी कीमत बाजार में करीब एक करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि 8000 आवे. दनों में 5700 आवदेन योग्य लोगों का था, इसमें से 72 को पहले आवंटन मिला है। मुख्यमंत्री ने सभी 72 लाभार्थियों को आवास की सुविधा मिलने पर उन्हें और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों को अब अपना सिर उठाकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है। यह प्रधानमंत्री आवास योजना से कवर होगा तो यह और सस्ता व लाभकारी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लखनऊ में कितना सुंदर वातावरण बना है, कितने अच्छे पार्क विकसित हो चुके हैं। सरकार चाहती है कि हर नागरिक खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करे और प्रदेश के विकास में भागीदार बने।

### गुरु नानक देव के उपदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत: योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व पर राजधानी लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी भारत के एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक महापुरुष थे, जिन्होंने 500 वर्ष पहले समाज के संगठन, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वही आज भारत की सामाजिक व्यवस्था की नींव है। इस दौरान उन्होंने सिख गुरुओं के सम्मान में अपना शीश नवाया और दर्शन किए। समारोह में कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

# राजद का 'कट्टा' बिहार का बैठा देगा 'भट्ठा': केशव

**लखनऊ, वार्ता**



उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का 'कट्टा' बिहार का 'भट्ठा' बैठा देगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब जाग चुकी है और वह परिवारवाद, जातिवाद और अपराधवाद की राजनीति को सदा के लिए उखाड़ पफेंकेगी। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इन दिनों उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य राजद और

कांग्रेस पर काफी हमलावर हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि रात-दिन संविधान बचाने का अलाप करने वाले महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव खुद लो. कतंत्र की खिल्ली उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में यादव परिवार को न लोक की लाज है, न संसद की मर्यादा की चिता। ऐसे बयान लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव को कमजोर करने वाले हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि तेजस्वी यादव के इस गैर-जिम्मेदाराना बयान का त्वरित संज्ञान लिया जाए और उन पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी नेता संविधान और संसद की गरिमा के विरुद्ध बयान देने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर हो। वहीं बिहार चुनाव के बीच छठ पूजा को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा था कि वे न तो भारत माता को मानते हैं और न ही 'छठी मईया' को।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40

सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 155000
प्रति किलो



# भारत-न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौता फिलहाल नहीं

■ दोनों पक्ष धीरे-धीरे व्यापार बढ़ाने और समाधान तलाशने पर सहमत हुए

**नई दिल्ली/ऑकलैंड।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौते पर पिफलहाल सहमति नहीं बनी है और दोनों पक्ष धीरे-धीरे व्यापार बढ़ाने और समाधान तलाशने पर सहमत हुए हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले के बीच बुधवार को हुई बैठक के बाद दोनों मंत्रियों ने मीडिया से बात की। खास बात यह रही कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लेक्सन संसद में प्रश्नकाल छोड़कर खुद ऑकलैंड पहुंचे और प्रेस वार्ता के बीच में दोनों मंत्रियों के साथ शामिल होकर मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दिया। ऑकलैंड रवाना होने से पहले उन्होंने हालांकि इन अटकलों को खारिज किया कि व्यापार वार्ता में कोई गतिरोध आया है, जिसके कारण उन्हें अचानक जाना पड़ रहा है। लेक्सन ने ऑकलैंड में व्यापार वार्ता की प्रगति के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि गोयल तथा मैकक्ले दृढ़ रहने वाले वार्ताकार हैं और उन्हें ऐसा होना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में दोनों देशों के पास कापफी अवसर हैं। व्यापार के अलावा रक्षा में दोनों देश पहले से ही साथ काम कर रहे हैं। जनसंपर्क में काफी संभावनाएं हैं, खेल में दोनों देशों के बीच पुराने संबंध रहे हैं और भारतीय हॉकी टीम के ऐतिहासिक न्यूजीलैंड दौरे (साल 1926 में) को 100 साल होने वाले हैं। अमेरिका के दरवाजे बंद करने के बाद भारतीय छात्रों के लिए न्यूजीलैंड में काफी अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है और ऐसे में भारत के साथ व्यापारिक संबंध न्यूजीलैंड के लिए महत्व रखता है। इससे पहले गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच किसी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने से पहले काफी चर्चा होनी है। न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह के व्यापार समझौते में समय लगता है और व्यापार वार्ताएं हमेशा चुनौतीपूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष समाधानों पर सहमत हुए हैं। न्यूजीलैंड के लिए भारत के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं। व्यापार लक्ष्यों के बारे में पूछे जाने पर मैकक्ले ने कहा कि कोई भी लक्ष्य तय करने से पहले हम समय ले सकते हैं। न्यूजीलैंड का प्रतिनिधिमंडल इस साल मार्च में भारत गया था और 33 समझौतों तथा सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर हुए थे, जिनमें एयर इंडिया और एयर न्यूजीलैंड साल 2028 तक दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने पर सहमत हुई थीं। श्री मैकक्ले ने कहा कि उनका न्यूजीलैंड के लिए संतुलित अवसर तलाशना है। टाटा और महिंद्रा के वाहनों की न्यूजीलैंड में लंबे समय से उपस्थिति के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भारत में बनी गाड़ियां न्यूजीलैंड में स्थानीय जैसी हैं और जब भी व्यापार समझौता होगा, देश में भारतीय वाहनों की बिक्री में कोई बाधा नहीं आएगी।

### अमूल, इफको को विश्व की शीर्ष सहकारी संस्था होने पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अमूल और इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है। अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के लिए गर्व का क्षण! अमूल और इपफको को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। यह अमूल से जुड़ी लाखों महिलाओं के अथक समर्पण और इपफको में योगदान देने वाले किसानों के लिए सम्मान बात है। यह सहकारी संस्थाओं में असीम संभावनाओं का भी प्रमाण है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के वैश्विक मॉडल के रूप में बढ़ावा दे रहे हैं।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी मजबूत खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमतों में मंदी रही, जबकि गेहूं के दाम बढ़ गए। चीनी में भी तेजी दर्ज की गयी। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 34 रिगिट फिसलकर 4,109 रिगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल का दिसम्बर वायदा भी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49.65 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत चार रुपए घटकर 3,841.86 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं पांच रुपए की मजबूती के साथ 2,862.37 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत भी 12 रुपए चढ़कर 3,320.06 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 143 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल भी नौ रुपए सस्ता हुआ। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। वनस्पति 63 रुपए और सूरजमुखी तेल 90 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 31 रुपए और पाम ऑयल 59 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल पांच रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। वहीं मसूर दाल में टिकाव रहा। चना दाल 10 रुपए और उड़द दाल 21 रुपए महंगी हुई। मूंग दाल 36 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 40 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 25 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7882.59 रुपए, मसूर काली 8150.73 रुपए, मूंग दाल 10136.38 रुपए, उड़द दाल 10385.77 रुपए, तुअर दाल 10537.92 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.37 रुपए और चावल 3841.86 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4352.03 रुपए और गुड़ 5061.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

### मोदी से मिले हिमन्त, दो बड़ी परियोजनाओं के उद्घाटन का निमंत्रण दिया

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें राज्य में दो बड़ी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को यहां बताया कि सरमा ने मंगलवार शाम मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं के बीच मुलाकात की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्वा सरमा ने कल शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हरियाणा की तरह..**

स्वीटी, कभी सीमा तो कभी सरस्वती के नाम पर वोट डाले। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ब्राजी. लियन मॉडल की फोटो दिखाई। राहुल ने सवाल किया कि हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन लड़की का क्या काम है। राहुल ने दावा किया कि मॉडल ने 22 बार वोट डाला। हरियाणा में पांच कैटेगरी में 25 लाख वोट चोरी हुए। एक अन्य महिला ने एक असेंबली में 100 बार वोट किया। राहुल गांधी ने ब्राजीलियन मॉडल का नाम नहीं बताया। हालांकि उसकी तस्वीर फोटोग्राफर मैथियस फेरेरो ने फ्री स्टाक इमेज प्लेटफॉर्म अपलोड की थी। राहुल गांधी ने यह तस्वीर वहीं से निकाली।

मॉडल की तस्वीर पहली बार 2 मार्च, 2017 को पब्लिश की गई थी और इसे न्देचर्सी लाइसेंस के तहत 5.9 करोड़ से ज्यादा बार देखा और 4 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिहार के जमुई से पांच लोगों को मंच पर बुलाया। उन्होंने बारी-बारी से बताया कि उनका वोटर लिस्ट से नाम कट गया है। दावा किया कि उनके गांव से करीब 300 लोगों को वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया गया। एक वोटर ने राहुल से अपील की वह कुछ समाधान निकालें, ताकि अगले चुनाव में उनके साथ ऐसा न हो। राहुल ने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट में कई नाम ऐसे हैं जिनका हाउस नंबर 0 दिखाया गया। यानी कि वे लोग जिनका कोई घर नहीं है। इन्हीं में से एक नरेंद्र हैं, जिन्होंने वोट तो किया, लेकिन उनका घर नहीं है।

जैसा कि इन लोगों (भाजपा) ने मेरा घर छीन लिया था, वैसा ही नरेंद्र के साथ किया। दरअसल 2023 में सांसदी जाने पर राहुल गांधी का 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करा दिया गया था। उनका सामान मां सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास में शिफ्ट किया गया था। राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीर प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाई। राहुल ने कहा कि अब सुनते हैं ज्ञानेश का ज्ञान जो कहते हैं कि पुल के नीचे सड़क पर या लैंपपोस्ट के किनारे ऐसे लोगों का हाउस नंबर 0 होता है। ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाने के बाद राहुल ने कहा कि अब ये बेचारी बहुत ट्रोल होगी। राहुल गांधी का आरोप है कि महिला ने हरियाणा में 22 बार वोट किया। उसके कई नाम हैं जैसे सीमा, स्वीटी, सरस्वती, रश्मि, विमला। इस महिला ने 10 बूथ पर 22 बार वोट किया।

# 'राजा भैया' के खिलाफ बेंती आवास में शस्त्र पूजन की जांच पूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** विजयादशमी के मौके पर बेंती आवास परिसर में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ 'राजा भैया' के शस्त्र पूजन को लेकर आज़ाद अधिकार आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा की गई शिकायत को पुलिस ने अपनी जांच में निराधार पाया है। शिकायत में उनके प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा स्थित आवासीय परिसर में कथित रूप से धार्मिक भावना भड़काने और अनुचित गतिविधियों के आरोप लगाए गए थे।

आईजीआरएस पोर्टल पर शस्त्र पूजन को लेकर की गई संख्या 60000250236632 को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) बृजनंदन राय के पर्यवेक्षण में कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्राधिकारी कुंडा ने संबंधित स्थल का भौतिक निरीक्षण कर प्रत्यक्षदर्शियों, स्थानीय निवासियों तथा पुलिस बल के सदस्यों के बयान दर्ज किए।

जांच में यह पाया गया कि आरोपित तिथि पर उक्त स्थान पर किसी प्रकार का विवादास्पद आयोजन या उत्तेजक गतिविधि नहीं हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजा भैया के महल परिसर के समीप स्थित धर्मशाला में केवल पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई थी, जो पूरी तरह से धार्मिक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मौके पर कोई भी आपत्ति. जनक भाषण, धार्मिक नारा या किसी समुदाय की भावना आहत करने वाला कार्य नहीं पाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा लगाए गए आरोप असत्य, निराधार एवं मनगढ़ंत पाए गए हैं। जांच में ऐसा कोई भी तथ्य या प्रमाण नहीं मिला जिससे धार्मिक वैमनस्य या कानून-व्यवस्था भंग होने की संभावना सिद्ध हो। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे आयोजन के दौरान स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल की उपस्थिति में क्षेत्र पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। न तो किसी प्रकार की भीड़भाड़, न ही किसी विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# घर लौट रहे भतीजे की सड़क हादसे में मौत

## बुआ के घर भात देकर बाइक से आ रहा था मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अपनी बुआ के यहां भात देकर अपने घर लौट रहे बाइक सवार युवक की एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी जबकि उसकी बहन और चचेरा भाई घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार धन प्रकाश पुत्र मुथरा दास निवासी ग्राम अजयपुर मुलसम जिला बागपत ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि उसका पुत्र हिमांशू, पुत्री ईशा व भतीजा गुड्डू पुत्र महेन्द्र बीते 02 नवम्बर की शाम लगभग 06 बजे एक मोटर साइकिल पर सवार होकर बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी में अपनी बुआ के यहां से भात देकर वापिस अपने ग्राम के लिये लौट रहे थे। जैसे ही वे बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के अलीपुर अटेरना ग्राम के पास आये तो विप. रीत दिशा से तेज रफ्तार अन्य मोटर साइकिल पर सवार तीन युवकों ने उसके पुत्र की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और मोटर साइकिल सहित खतौली की तरफ फरार हो गये। उधर तीनों घायलों को मौके पर पहुंची बुढाना पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने तीनों घायलों को मेरठ के लिए रैफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय रास्ते में उसके पुत्र हिमांशु की मौत हो गयी जबकि उसकी पुत्री और भतीजा हस्पताल में भर्ती हैं। उधर बुढाना पुलिस ने अन्य मोटर साइकिल सवार तीनों युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

## कार की टक्कर से टेम्पू सवार वृद्ध की मौत, दूसरा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** हाइवे पर बरला इंटर के पास टेम्पू में कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टेम्पू में सवार दो लोग गंभीर घायल हो गये। पुलिस ने दोनों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने एक वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। बुधवार को एक टेम्पू पुरकाजी से आलू प्याज लेकर मुजफ्फरनगर जा रहा था जब वह बरला इंटर कालेज के सामने पहुंचा तो पीछे आ रही तेजगति से एक कार ने जोर से टक्कर मार दी जिससे टेम्पू पलट गया ओर उसमें सवार मुजफ्फरनगर के मोहल्ला व थाना खालापार निवासी 60 वर्षीय इरशाद पुत्र लतीफ व सन्नवर पुत्र यासीन निवासी पुरकाजी घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां डाक्टरों ने इरशाद को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया ओर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि दूसरे का ईलाज चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं आई थी।

# मुंडभर में युवक का शव फांसी पर लटका मिला, पीएम कराया

■ पुलिस ने की जांच शुरू, गांव में छाया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भौरकलां थाना क्षेत्र के गांव मुंडभर के युवक का शव गांव की ही ट्यूबवैल पर फांसी पर लटका हुआ मिला है।

भौराकलां थाना क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम मुंडभर निवासी अमर पाल की काफी समय पूर्व मौत हो गई थी। और उसका चालीस वर्षीय बेटा प्रदीप व एक अन्य बेटा मेहनत मजदूरी करके अपना पेट पालते थे। दोनो भाई अविवाहित थे। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम चार बजे ग्रामीणों ने भौराकलां पुलिस को सूचना देकर बताया कि गांव की ही ट्यूबवैल पर प्रदीप का फांसी पर शव लटका हुआ है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची इस समय यहां काफी संख्या में भीड़ इक्ट्ठा थी पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुए पेड पर लटके शव को नीचे उतारा और आपस के ग्रामीणों से इस घटना के संबंध में जानकारी ली। प्रदीप ने फांसी पर लटककर जान क्यो दी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दे सका फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों कहना था कि मृतक प्रदीप व उसका परिवार बहुत गरीब था और मृतक और उसका छोटा भाई ट्रक चलाने के अलावा अन्य काम कर अपना पेट पालते थे। फिलहाल प्रदीप की मौत को लेकर गांव में शोक छाया हुआ है। और पुलिसने भी छानबीन शुरू कर दी।

# तेवड़ा में हुई मारपीट की घटना से तनाव की आशंका

■ दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद हुई जमकर मारपिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव तेवड़ा में बुधवार दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट मे धारदार हथियार चलने से आधा दर्जन व्यक्ति लहूलुहान हो गये घायलों का अस्पताल मे उपचार कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब बारह लोगों का शांतिभंग में चालान किया है।

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव तेवड़ा में दिलशाद और जाहिद के परिवार की महिलाओं में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद दिलशाद की ओर से कुछ व्यक्ति जाहिद के घर आकर गाली-गलौज करने लगे।गाली गलौज का विरोध करने पर दिलशाद के साथियों ने जाहिद के परिवार वालों पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें जाहिद, राशिद, अरशद व महिला लाडो घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की व दोनों पक्षों को थाने लाकर पूछताछ की व घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पक्षों के करीब एक दर्जन व्यक्तियों का शांति भंग करने के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की है।

ककरौली थाना क्षेत्र का संवेदनशील गांव माना जाता है तेवडा, झोझा बिरादरी के इस गांव में अक्सर इस तरह की घटनाएं होती रहती है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने मां गंगा मे लगाई आस्था की डुबकी

## भारी सुरक्षा के बीच स्नान मेला सम्पन्न, प्रशासन की सख्ती के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ न जुटने से साधु संतो में रोष







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थस्थल शुकतीर्थ में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां गंगा में स्नान किया। सुबह सवेरे हर हर गंगे के जयघोष के साथ भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाट पर पहुंचे तथा मां गंगा की पूजा अर्चना कर सूर्य को जल तर्पण किया। मेले में सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों के अमले के साथ मौजूद रहे।

पोराणिक तीर्थनगरी शुकतीर्थ में बुधवार की सुबह कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिये मंगलवार की शाम से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था, जिसमें श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रॉली, भैंसा बोगी सहित अन्य वाहनों से शुकतीर्थ पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर अनुष्ठान सम्पन्न कराए। महिलाओं ने बच्चों का मुण्डन कराया तथा अन्न, वस्त्र आदि का दान किया तथा खिचडी के प्रसाद का वितरण किया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर साधु संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। तीर्थनगरी में स्थित प्राचीन शुकदेव आश्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्राचीन वट वृक्ष की परिक्रमा कर मनोकामना सिद्धि के लिए धागा बांधा तथा शुकदेव मंदिर के दर्शन किये व प्रसाद चढाया।

**महिला श्रद्धालुओं ने की अलग घाट की मांग:** गंगा घाट पर पहुंची महिला श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओ नाकाफी बताते हुए प्रशासन से महिलाओ के लिए अलग स्नान घाट की मांग की। तथा वस्त्र परिवर्तन शालाओं मे साफ सफाई रखने व घाट पर फैली कीचड़ को हटवाने की मांग की।

श्रद्धालुओं ने हनुमान धाम मे रामभक्त हनुमान की विशाल प्रतिमा के दर्शन किये तथा हनुमान जी की पूजा कर बेसन के लड्डू का प्रसाद चढाया। हनुमत धाम में हनुमान जी के अनेक रूपों के दर्शन होते हैं, जहां श्रद्धालु हनुमान जी की पूजा कर शक्ति की उपासना करते हैं। शुकतीर्थ के प्रमुख आश्रमो में दण्डी आश्रम, शिव धाम, महेश्वर आश्रम, पार्वती धाम, तिलकधारी आश्रम, शनिधाम, महाशक्ति सिद्धपीठ, तिलकधारी आश्रम, मां पूर्णागिरि आदि आश्रमो मे श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद रही।

**शुकदेव आश्रम मे श्रद्धालुओं ने की वट वृक्ष की परिक्रमा:** प्रसिद्ध शुकदेव आश्रम मे श्रद्धालुओं ने प्राचीन वट वृक्ष की परिक्रमा की व शुकदेव मंदिर मे पूजा की मान्यता है की हजारों वर्ष पूर्व इसी वट वृक्ष के नीचे शुकदेव मुनि ने हस्तिनापुर नरेश परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी। तभी से यह पेड़ तथा उसपर बैठा तोते का जोड़ा भी अमर हो गया। श्रद्धालू तोते के उस जोड़े के भी दर्शन करते हैं।

**मेले मे सुरक्षा को तैनात रहा पुलिस बल:** मेले मे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को 900 पुलिस कर्मचारी तैनात किये गये थे। पुलिस अधिक. ारी मेले मे गश्त करते रहे। तथा गंगा मे सुरक्षा को पीएसी फलड बल मोटरबोट के साथ मौजूद रहा।

**भंडारे लगाकर प्रसाद किया वितरित:** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रसिद्ध दंडी आश्रम के संचालक मनोहर शर्मा द्वारा विशाल भंडारा लगाकर श्रद्धालुओं को हलवा व खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया।इसके अलावा गंगा घाट पर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। राधा माता द्वारा लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया

**भारी सुरक्षा के बीच स्नान मेला सकुशल संपन्न:** प्रशासन द्वारा भारी सुरक्षा के बीच गंगा स्नान मेला सकुशल संपन्न हो गया। मेले की व्यवस्था को लेकर श्रद्धालुओं ने मिश्रित प्रतिक्रिया दी हैं जहां कुछ श्रद्धालु मेले में सड़क किनारे डेरे न लगने से नाराज दिखाई दिए तो अनेक श्रद्धालुओं ने इसे प्रशासन का अच्छा प्रयास बताया है। महिला श्रद्धालुओं का कहना था की कि इस बार मेले में शान्ति व्यवस्था बनी रही जो बहुत सराहनीय कदम है। वहीं साधु संतो ने सुविधाओं को और बेहतर करने की मांग की है।

**जिला पंचायत ने दिया धन्यवाद:** मेला सकुशल सम्पन्न होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिलाधिकारी व प्रशासन को धन्यवाद दिया तथा मेले मे स्वच्छता सुंदरता बनाने वालों को भी धन्यवाद दिया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम मे रागनी की प्रस्तुति मे झूमे दर्शक:** शुकतीर्थ मे आयोजित स्नान मेले मे मंगलवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे महताब सिंह गुर्जर एन्ड पार्टी द्वारा रागनी की प्रस्तुति दी गयी। मेला ग्राउंड मे आयोजित रागनी कार्यक्रम का शुभारम्भ महताब सिंह द्वारा सरस्वती वंदना के उपरांत किया गया।जिसके बाद कविता चौधरी द्वारा उपदेश की प्रस्तुति दी गयी साथ ही ओच्छा मानस पदवी पाजा की रागनी पर वाह वाह बटोरी गयी। गायक कलाकार बबलू नागर ने महाभारत का किससे मे खेल बालको ने ऐसा खेला की रागनी प्रस्तुत की गयी। बृजेश सोरखा द्वारा बोस ऐसी साड़ी लादे जिसकी चमक निराली व परमेन्द्र अंतवाड़ा द्वारा निर्गुण भजन प्रस्तुत किये गये। अनुराधा शर्मा ने उपदेश के अलावा बृजेश के संग पटड़े ऊपर पैर धर,मत उठाइये नंदलाल व बबलू नागर अनुराधा की जोड़ी ने द्रोपदी चीर हरण के किस्से मे तू इनकी कर पहचान, ध्यान से आंख नहीं बनवाई की प्रस्तुति दी व शिवानी कविता चौधरी के डांस ने दर्शको को मंत्र मुग्ध कर दिया।

**जिला पंचायत अध्यक्ष की पोत्री का गंगा घाट पर हुआ मुंडन :** गंगा स्नान के अवसर श्रद्धालुओं ने नन्हें मुन्नो के पहली बार बाल कटवाये तथा कटे हुए बालो को गंगा मे प्रवाहित किया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल की पोत्री का मुंडन कराने आये सुमन व संतोष तथा प्रिया निर्वाल ने बताया की उन्होंने नन्ही परी भाग्य लक्ष्मी का मुंडन कराया है। प्रदीप निर्वाल ने बेटी के मुंडन के उपरांत दानदक्षिणा की परम्परा की।

# शुकतीर्थ मे देव दीपावली पर दीपों से सजे घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भगवान शिव द्वारा त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध करने के उपरांत देवताओं द्वारा दीपावली मनाई गयी थी इसी पवित्र परम्परा मे शुकतीर्थ मे बुधवार की शाम देव दीपावली पर्व का आयोजन किया गया इस दौरान गंगा के दोनों और दीपक जलाए गए तथा सजावट की गयी। कार्यक्रम मे जिलाधिकारी सहित साधु संतो गणमान्य व्यक्तियों व गुरुकुल के छात्रों ने भाग लिया।



शुकतीर्थ धाम में जिला प्रशासन एवं श्री गंगा सेवा समिति के तत्वाधान मे आयोजित देव दीपावली पर गंगा घाट दीयों की रोशनी से जगमग हो गये। घाट पर एक साथ हजारों दीये जगमगाये तो ऐसा लगा कि आसमान के तारे टिमटिमाते हुए जमीं पर उतर आये हों।तीर्थ नगरी में कार्तिक गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों ने गंगा मैया को प्रणाम कर आस्था में लीन श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य और ध्यान-भजन किया। गंगा घाट क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान के बाद संध्या के वक्त घाट की सीढ़ियों पर 5100 सौ दीपक सरसों तेल से जलाये गये। भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम से आये सैकडों विद्यार्थियों ने गंगा में दीप प्रवाहित किये। आचार्यो, पुरोहितों ने मंत्रोच्चार किया। श्री गंगा सेवा समिति सदस्यों ने सहयोग किया। इस अवसर जिलाधिकारी उमेशचंद मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीडीओ कमल किशोर कण्डारकर देशभूषण, एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार, एसडीएम जानसठ राजकुमार, तहसीलदार श्रद्धागुप्ता,नायब बृजेश कुमार, दंडी आश्रम के मनो. हर लाल शर्मा, ओमदत्त आर्य, अचल कृष्ण शास्त्री, आचार्य सोमवीर, गिरीशचंद उप्रेती, विनोद शर्मा, अजय कृष्ण शास्त्री, प्रधान सुनीता सैनी, डॉ. महकार सिंह, देवेन्द्र आर्य आदि उपस्थित रहे।

# फौजी की पत्नी से लाखों की ठगी में एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर थाना पुलिस ने एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ के निर्देशन में फौजी की पत्नी से बारह लाख 95 हजार रूपये की घटना का खुलासा करते हुए खुर्जा बुलंदशहर के एक नटवरलाल को गिरफ्तार कर लिया है और इस गिरोह के बाकी साथियों की तलाश जारी है।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दू सिद्धार्थ ने पुलिस लाइन के सभाकक्ष मे पत्रकारो को जानकारी देते हुए बताया कि खतौली निवासी फौजी की पत्नी ने ऑनलाइन एक मंदिर खरीदा था। मंदिर नौ हजार रूपये में खरीदा गया। इसी का फायदा ठगों ने उठाया। ठगों ने भोली भाली महिला को ठगने का प्रयास करते हुए महिला से कई बार दस लाख रूपये ट्रांसफर करा लिए। दस लाख रूपये की ठगी होने के बाद पीडिता को एहसास हुआ कि ठग उससे ठगी कर रहे है। इसकी शिकायत पीडिता ने सबसे पहले कस्टमर केयर पर की, लेकिन यहां भी एक बार फिर पीडिता को ठगी का शिकार होना पड़ा। कस्टर केयर पर सम्पर्क करने के बाद उन्हे बताया गया कि इसकी शिकायत करने के लिए 50 हजार रूपये खर्च करने पडेगे। 50 हजार रूपये की ओर ठगी कर ली गई और इसके बाद आरबीआई समाधान एप के माध्यम से दो लाख रूप्ये की ओर ठगी कर ली गई इस तरह महिला से एक बाद एक बारह लाख 95 हजार रूपये ठग लिए गए। इसके बाद पीडिता ने साइबर थाने में सम्पर्क करते हुए एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ को अपनी पीड़ा सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने पीडिता से एक तहरीर लेकर ठगों के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज किया



जिसकी जांच इंस्पेक्टर सुल्तान सिंह को दी गई। इस मामले के खुलासे के लिए एसपी क्राइम के निर्देश पर पूरी टीम लगाई गई। पुलिस ने आरबीआई समाधान से जुडे पुष्पेन्द्र सिंह चौहान नामक व्यक्ति को जो खुर्जा बुलन्दशहर को निवासी है को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद एक आरोपी को तो जेल भेज दिया है बजकि उसके बाकी साथियों की तलाश की जा रही है। छानबीन के बाद पता चला कि बारह लाख 95 हजार रूपये की ठगी करने वालों ने अपने खातों में अन्य लोगों से भी ठगी करते हुए 104 ट्रांजेक्शन करा रखी है। आरो. पियों के खिलाफ दस अन्य शिकायते भी दर्ज की गई है।



# गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

**रामराज।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को धर्मपुरा में गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था और सूर्य उदय से पहले ही घाटों पर गंगा स्नान का शुभारंभ हो गया। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने गंगा में पुष्प अर्पित कर सूर्य देव को अर्घ्य दिया।

कई परिवारों ने इस अवसर पर अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी संपन्न कराए। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए घाटों पर धार्मिक उल्लास और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। स्नान के साथ ही क्षेत्र में पारंपरिक मेले का आयोजन भी किया गया, जिसमें खाने-पीने की दुकानों, झूलों और मनोरंजन के अनेक साधनों ने मेले की रौनक बढ़ा दी। बच्चों ने झूलों और मिकी माउस जैसे आकर्षणों का आनंद लिया, जबकि महिलाओं ने बाजार से पूजन सामग्री और अन्य वस्तुएं खरीदीं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग घाटों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अलावा, आसपास के क्षेत्रों में वाहनों की सघन चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया। गंगा तट पर आस्था, भक्ति और उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला।



# बिजली विभाग की लापरवाही से कभी भी हो सकता बड़ा हादसा

## गांव चन्दसीना में खतरे के साए में जी रहे ग्रामीण

**■ मुख्य लाईन से खुले तार जोड़कर घरों को रोशन कर रहे हैं ग्रामीण**

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली ब्लॉक के गांव चन्दसीना में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों पर हादसे का खतरा मंडरा रहा है। गांव में मुख्य विद्युत लाइन काफी दूरी पर होने के कारण ग्रामीणों ने अपने घरों में बिजली पहुंचाने के लिए दूर जाकर मुख्य लाइन से खुले तार जोड़ रखे हैं।

इन तारों के नीचे से ही गांव का मुख्य मार्ग गुजरता है, जिससे कभी भी शॉर्ट सर्किट या करंट लगने से बड़ा हादसा हो सकता है। यही नहीं, समीप स्थित एक ग्रामीण के मकान की छत पर करंट आने की शिकायत भी सामने आई है, जिससे परिवार को लगातार खतरा बना हुआ है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भाकियू नेता समीर खान मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लिया। उन्होंने इस संबंध में बिजली उपखंड अधिकारी को पत्र लिखकर तत्काल समाधान की मांग की।

सूत्रों के अनुसार, संबंधित जेई ने भी मामले की जानकारी ली थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही विभाग ने इस समस्या का समाधान नहीं किया, तो वे बिजली विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी ने वॉलीबॉल में जीती ट्राफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मेला ग्राउंड में जिला पंचायत मुजफ्फरनगर के तत्वाधान में चौधरी चरण सिंह वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुकाबले में शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी की टीम ने लगातार दौ सैट जीतकर जग्गाहेडी की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीमों को ट्राफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

जिसके पहले सेमीफाइनल मैच में शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी की टीम ने अथाई क्लब की टीम को 31-15 अंको के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में जग्गाहेडी की टीम ने भोकरहेडी टीम को 31-24 अंको के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल जग्गाहेडी की टीम व शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी की टीम के बीच खेला गया जिसमें शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी की टीम ने लगातार दौ सैट जीतकर जग्गाहेडी की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया।



समापन पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा वीरपाल निर्वाल, रालोद के अमरनाथ पाल, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, जिला पंचायत सदस्य बिल्लू,विपिन त्यागी, समाजसेवी विनोद कुमार शर्मा ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्राफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। रेफरी के रूप में अमित कुमार व बंटी शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई। मैंचों की कामेंट्री इदरीश बसेडा ने की। इस मौके पर अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार, जेई कौशलवीर, अंकित आर्य व अंकित बालियान रहे।

# किसानों मजदूरों की पीड़ा नहीं दिखती भाजपा सरकार को : हरीश रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** चरथावल मे मुज़फ़रनगर रोड एक बेंकेट हाल मे कांग्रेस नेता राकेश पुंडीर द्वारा आयोजित किसान मजदूर अधिकार रैली को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हरीश रावत पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड ने कहा की केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों और मजदूरों की पीड़ा सुनने को तैयार नहीं है न ही उसे किसान मजदूरों का दर्द दिखाई देता हैस जिससे देश का किसान मजदूर अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा हैस उन्होंने भाजपा सरकार पर समाज को बाटने का भी आरोप लगाया और कहा की समाज को बाटकर भाजपा सत्ता पर काबिज रहना चाहती है सभा मे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का सभा मे पहुंचने पर कांग्रेसजनो द्वारा जोरदार स्वागत किया गया और कहा की देश के निर्माण मे किसानों और मजदूरों का बहुत बड़ा योगदान है और यही देश के सच्चे कर्णधार है किसानों द्वारा फसलों के वाजिब दाम भी नहीं मिलने के कारण किसान दिनोदिन कर्ज मे डूबता जा रहा हैस कहा की किसान आंदोलन मे सात सो किसान शहीद हो गए लेकिन इस सरकार के कानो पर जु तक नहीं रेंगी जबकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा सरकार को देनी चाहिए ज़ब सरकार किसानों के हितो के लिए ही गंभीर नहीं है तो उससे अंदाजा लगाया जा सकता है की यह सरकार आम आदमी के हितो के लिए कितनी गंभीर हे कार्यक्रम मे पूर्व गृहराज्यमंत्री सईदूजम्मा, ठाकुर सुरेन्द्र सिंह, सलमान, आकिब राणा, अजमत पुंडीर, सद्दाम त्यागी, तारिक कुरैशी, फिरोज खान, रविंद्र बालियान, मुकुल शर्मा, मुकेश ठाकुर, नरेश भारती, श्याम सिंह पुंडीर, शैलेन्द्र बाल्मीकि अध्यक्षता आनंद त्यागी एवं सरदार घनश्याम सिंह व संचालन प्रवीण पुंडीर द्वारा किया गया।



### रोडवेज़ की टक्कर लगने से भैंसा की मौत, चालक हुआ घायल

**भोपा।** क्षेत्र के मुजफ्फरनगर मार्ग पर रोडवेज बस ने भैंसा बोगी में टक्कर मार दी। तेज़ टक्कर लगने से भैंसे की मौके पर ही मौत हो गई जबकी बोगी चालक अंकित को घायल अवस्था में भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए भेजा गया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बरूकी निवासी जगत सिंह ने बताया कि उसका पुत्र अंकित अपने चचेरे भाई अंकुर के साथ बुधवार को शुक्रताल गंगा स्नान मेले से वापस लौट रहा था जैसे ही वह भोपा के निकट पहुंचा तभी रोडवेज बस संख्या 412 08 AP 1952 ने उसकी भैंसा बोगी में टक्कर मार दी जिससे भेंसे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बोगी चालक अंकित को उपचार के लिए भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए भेजा गया जगत सिंह ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि मामले मे मुकदमा दर्ज किया गया है

# फुगाना पुलिस की मुठभेड़ में एक डकैत घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** फुगाना पुलिस से मोटर साइकिल पर सवार दो डकैतों की मुठभेड़ हो गयी। जिसमें पुलिस टीम ने एक डकैत को गोली मारकर घायल कर दिया जबकि दूसरा डकैत अंधेरे में ईख के रास्ते फरार हो गया। घायल डकैत को सीएचसी बुढाना में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार फुगाना सर्किल की पुलिस क्षेत्राधिकारी रुपाली राव के निर्देश पर फुगाना थाना अध्यक्ष विजय कुमार सराय चौकी इंचार्ज पिन्टू चौधरी के संग क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गांव हबीबपुर सीकरी के पास चौकिंग करने के उद्देश्य से एक मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोका तो वे नहीं रूके। तब पुलिस की टीम ने उनका पीछा करना शुरु किया तो उनकी मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर कच्चे रास्ते पर उतर गयी। जिसमें दोनों व्यक्ति गिर गये। अपने पीछे पुलिस को आया देख बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी। जिसमें बदमाश अनस पुत्र इकलाख निवासी ग्राम हर्रा मेरठ पुलिस की गोली से घायल हो गया जबकि उसका दूसरा साथी ईख के रास्ते अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से बाइक, तमंचा, खोखा, कारतूस, लूटे गये 700 रुपये व आधार कार्ड बरामद किया है। पकड़े गये डकैत पर 6 अपराधिक मुकदमें पहले से ही दर्ज हैं। पुलिस ने घायल डकैत को सीएचसी में भतह्र कराया है। डकैत की तलाश शुरु कर दी है। एसपी देहात आदित्य बंसल ने पुलिस को डकैत की गिरफ्तारी पर शाबासी दी है।

# सामाजिक न्याय पार्टी जनादेश सुप्रीमो का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सामाजिक न्याय पार्टी जनादेश के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजिनियर देवेंद्र सिंह कश्यप का कस्बा बुढ़ाना में पहुंचने पर फूल मालाओं से सैंकड़ों लोगों के द्वारा भव्य स्वागत हुआ। जिसमें मुख्य रूप से राजेश तुरैहा, कुलदीप कश्यप, अहसान अहमद, कपिल कश्यप व उनकी टीम के द्वारा स्वागत किया गया।

इसके लिए इंजिनियर देवेंद्र सिंह कश्यप ने यहां पर उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने यहां पर जनपद शामली के कलेक्ट्रेट परिसर में आगामी 26 नवम्बर को होने वाले आंदोलन को लेकर भी जोरदार चर्चा की।

जिसमें उन्होंने बताया कि आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर जनपद शामली में एक अति पिछड़ा महादलित अधिकार आंदोलन होगा। जिसमें सभी भाई आगामी 26 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में शामली कलैक्ट्रेट पहुंचे और इस आंदोलन को कामयाब करने का काम करें।



**बुढाना: सामाजिक न्याय पार्टी के अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।**

# कब्रिस्तान का बोर्ड तोड़कर मुतवल्ली को धमकाने वाले कब होंगे अरेस्ट

## आखिर दबंगों के आगे प्रशासन क्यों है नतमस्तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कब्रिस्तान के मेन गेट पर लगे साइन बोर्ड को रात के अंधेरे में तोड़कर अगले दिन मुतवल्ली को धमकी देने वाले आखिर खुले क्यों घूम रहे हैं। बाकायदा इन आरोपियों का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वे बिल्कुल साफ कब्रिस्तान के मेन गेट का साइन बोर्ड ऐसे आराम से तोड रहे हैं जैसे कि इनको किसी ने साइन बोर्ड तोडने का आदेश दे दिया हो। स्थानीय पुलिस को इसकी शिकायत भी तीन बार हुई लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि स्थानीय पुलिस की इन लोगों से कहीं ना कहीं पर मिलीभगत जरुर है। शिकायतकर्ता मौहम्मद शेख अयाजुद्दीन नम्बरदार और कब्रिस्तान के मुतवल्ली इस प्रकरण में अब मुज"फरनगर पहुंचकर जिले के आला अधिकारियों को शिकायत करेंगे कि कब्रिस्तान का साइन बोर्ड तोडकर उसके बाद मुतवल्ली जरीफ अहमद को धमकी देने वाले अभी तक भी गिर"तार क्यों नहीं किए गये। शिकायतकर्ता ने बताया कि साइन बोर्ड तोडने वाले भूमाफिया कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। इसके लिए उनका समाज एक मीटिंग भी करेगा। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व रात के अंधेरे में बुढ़ाना कस्बा पुलिस चौकी से चंद ही कदम की दूरी पर स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रुप से कब्जा करने की नीयत से कस्बे के ही कुछ भूमाफियाओं के द्वारा कब्रिस्तान के मेन गेट पर लगा हुआ साइन बोर्ड उखाड़ दिया गया था। जब इसकी शिकायत हुई तो उसी समय मौके पर मिले एक आरोपी को बुढ़ाना पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया था जबकि अन्य आरोपी फरार हो गये थे लेकिन चंद घंटे बाद ही पुलिस ने आरोपी को छोड़ दिया था। जिसमें शिकायतकर्ता ने आज बुधवार के दिन बुढ़ाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते पूरा प्रकरण हाईकोर्ट में रखने की बात कही है। 54 सैकेंड के एक वायरल वीडियो में आरोपी मोटे रस्से के सहारे रात में कब्रिस्तान का बोर्ड उखाडते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। सबसे अजीब बात यह है कि आरोपी चौकी के पास ही इस घटना को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं। एक कुंटल लोहे के आसपास के वजन का यह भारी भरकम साइन बोर्ड आखिर इन आरोपियों ने घटना से अगले दिन कहां पर छुपाया है यह भी जांच का विषय है। अगर बुढ़ाना पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेजें खंगाले तो आरोपी उस साइन बोर्ड को ले जाते हुए दिखाई भी दे सकते हैं या फिर बोर्ड पास में ही स्थित हिंडन नदी में डाला गया है इसकी भी चर्चा जोरों पर है। इस संबंध में जब बुढ़ाना सीओ से बात करनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं किया जा सका। कुल मिलाकर कब्रिस्तान के भारी भरकम साइन बोर्ड का गायब होना चर्चा का विषय बना है। शिकायतकर्ता ने सीओ से एक बार फिर गुहार लगाते हुए साइन बोर्ड की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है और उनसे बृहस्पतिवार के दिन मिलने की बात भी कही है ताकि उनको एक बार फिर से पूरे प्रकरण से अवगत कराया जा सके।

# स्वास्थ्य और पौष्टिक भोजन के प्रति छात्रों ने फैलायी जागरूकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस. डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में संस्थान के एनएसएस क्लब द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस इनिशिएटिव्स प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को फास्ट फूड से परहेज, प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने तथा स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन की आदतें विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और स्वच्छ पर्यावरण ही अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी हैं।कार्यक्रम में सचिव अनुभव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। छात्रों को अपनी दिनचर्या में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए और फास्ट फूड जैसी अस्वस्थ आदतों से दूर रहना चाहिए।ह उन्होने अच्छे स्वास्थ्य के पांच सिद्धान्तों नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन, धूम्रपान व तम्बाकू से परहेज, शराब के सेवन से परहेज और अवैध दवाओं के उपयोग से दूर रहकर अगर इन पाँच सिद्धांतों का लगातार पालन किया जाए, तो ये शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बेहतर बना सकते हैं।निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि एक स्वस्थ जीवन जीने से हम खेल सकते हैं, पढ़ाई कर सकते हैं, काम कर सकते हैं और हर दिन का पूरा आनंद ले सकते हैं। जब हम अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देते हैं, तो हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। नियमित व्यायाम हमारे शरीर को सक्रिय रखता है, जबकि अच्छी खान-पान की आदतें हमें ऊर्जा और पोषण प्रदान करती हैं। हहेल्थ एंड वेलनेस जैसे कार्यक्रम न केवल लोगों में जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। स्वस्थ व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज की नींव रख सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने हफिट इंडिया-हेल्दी इंडिया का संकल्प लिया।




# डॉ. मनुराधा ने हासिल की पीएचडी, शिक्षा जगत में बढ़ाया रवापुरी इंटर कॉलेज का मान

**■ राजेन्द्र सिंह की सुपुत्री है डा.मनुराधा**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जवाहर लाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज, रवापुरी की अंग्रेजी विषय की अध्यापिका मनुराधा (सुपुत्री श्री राजेंद्र सिंह) ने अपने परिश्रम और लगन से सफलता की नई इबारत लिख दी है। उन्हें दिनांक 2 नवम्बर 2025 को इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में अंग्रेजी विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान उन्हें कैबिनेट मंत्री माननीय अरविंद कुमार शर्मा (पूर्व आईपीएस, गुजरात कैडर) के कर-कमलों से प्राप्त हुआ। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि से हर्ष की लहर दौड़ गई। प्रधानाचार्य डॉ. चन्द्रमोहन शर्मा ने डॉ. मनुराधा को बधाई देते हुए कहा कि ह्वे न केवल एक समर्पित और अनुशासित शिक्षिका हैं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं। उनकी यह सफलता पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

अपनी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. मनुराधा ने कहा कि इस सफलता का श्रेय वे अपने माता-पिता, गुरुजनों और सहयोगियों को देती हैं। उन्होंने विशेष रूप से विद्यालय के प्रबंधक सचिन कुमार आर्य (एडवोकेट), प्रधानाचार्य डॉ. चन्द्रमोहन शर्मा, सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं कर्मचारियों के प्रति आभार जताया जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ और मार्गदर्शन किया। उनकी यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत गौरव की बात है, बल्कि रवापुरी इंटर कॉलेज के शिक्षाजगत में प्रतिष्ठा और प्रेरणा का प्रतीक बन गई है।

## श्री नामदेव महाराजकी मूर्ति स्थापना कार्यक्रम की तैयारियां शुरू



**शाहपुर।** सिद्धपीठ श्री एकांतेश्वर महादेव धाम (जुड्डी वाला मंदिर) ग्राम पलडा में श्री नामदेव महाराज की मूर्ति स्थापना दिवस और नामदेव समाज मिलन समारोह के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल और शाह टाइम्स संवाददाता भाग्य शर्मा को निमंत्रण पत्र देने पहुंचे नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव, सुधीर नामदेव, सिद्धार्थ नामदेव आदि।

# गुरुनानक देव के सिद्धान्तों पर चलते रहने का लिया गया संकल्प

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व धार्मिक उल्लास, भक्ति और सेवा भावना के वातावरण में मनाया गया। नगर के रोडवेज गुरुद्वारा में आयोजित इस भव्य आयोजन में संगतों ने गुरुबाणी कीर्तन, कथा श्रवण और सेवा के माध् यम से गुरु नानक देव जी के उपदेशों को आत्मसात किया। पूरा परिसर वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयघोष से गूंज उठा। श्री गुरु सिंह सभा की ओर से रोडवेज गुरुद्वारा में गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व अत्यंत श्रद्धा और धूमध् शाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध हजूरी रागी भाई कमलजीत सिंह ने मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर संगतों को निहाल किया। उनके द्वारा गाए गए भजन और शबदों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया। गुरुद्वारा गांधी कॉलोनी के हेड ग्रंथी ज्ञानी जोगा सिंह और ज्ञानी हरजीत सिंह ने कथा के माध्यम से श्री गुरु नानक देव जी के जीवन और उनके उपदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु नानक देव जी ने मानवता, समानता और सेवा को जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य बताया था। कार्यक्रम में गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शबद-गायन प्रस्तुत कर संगतों का मन मोह लिया। उनके सुरीले सुरों की सादगी पूर्ण प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया।सेवा भावना के प्रतीक इस अवसर पर सामाजिक संस्था समर्पित युवा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्यासेवा का संदेश दिया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा, भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत, सपा के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, निशांत मलिक, उद्यमी कुश पुरी, सुनील तायल, कृष्ण गोपाल मित्तल, सभासद अमित पटपटिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, व्यापारी, उद्यमी और नगर के गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने गुरुद्वारे में मत्था टेककर गुरु नानक देव जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।



श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सतपाल सिंह मान एवं पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों और संगतों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें सभी ने समान भाव से सहभागिता की। प्रकाश पर्व का यह आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में सेवा, एकता और भाईचारे का सशक्त संदेश भी दे गया। गुरु नानक देव जी के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लेकर संगतें अपने-अपने घर लौटी।

**NAME CHANGE**

I hi ther to known as AABIDA D/O INAM R/O BEHRA THRU MUZAFFARNAGAR UTTAR PARDESH - 251308 have changed my name and shall here after be known as SHEEBA

## रजवाहे की सफाई विवाद ने पकड़ा तूल

# पतरोल और भाकियू नेता आमने-सामने पहुंचे कोतवाली

शाहटाइम्स संवाददाता

**खतौली।** भूड़ गांव में रजवाहे की सफाई को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तूल पकड़ चुका है। मंगलवार को हुए हंगामे के बाद बुधवार को मामला कोतवाली पहुंच गया। सिंचाई विभाग के पतरोल और सिंचाई संघ संगठन के पदाधिकारियों ने भाकियू नेता अंकुश प्रधान के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर भाकियू नेता ने भी विभागीय कर्मियों पर अभद्रता और धमकी देने के आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

मामला मंगलवार को तब बिगड़ा जब सिंचाई विभाग द्वारा भूड़ गांव में रजवाहे की सफाई का कार्य कराया जा रहा था। ग्रामीणों ने विभाग पर लाप. रवाही और मनमानी के आरोप लगाते हुए सफाई कार्य रुकवा दिया। इस दौरान भाकियू नेता अंकुश प्रधान मौके पर पहुंचे और पतरोल अरविंद कुमार मीणा से जमकर बहस हुई। स्थिति बिगड़ने पर भाकियू नेता अंकुश प्रधान ने पतरोल को पकड़कर गंदी सिल्ट में दौड़ाया, जिसका वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।वीडियो वायरल होने के बाद सिंचाई विभाग और सिंचाई संघ संगठन में आक्रोश फैल गया। बुधवार को सिंचाई संघ संगठन के अध्यक्ष विनय कुमार, जिलेदार सुरेंद्र कुमार, मंत्री भोजवीर सिंह, दारा सिंह, संदीप कुमार, अनिल कुमार आदि पतरोल के साथ कोतवाली पहुंचे।उन्होंने कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल को तहरीर देते हुए भाकियू नेता अंकुश प्रधान पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौच करने और विभागीय छवि धूमिल करने का आरोप लगाया। विभागीय अधिकारियों ने यह भी कहा



कि भूड़ कॉलोनी के कुछ लोगों ने अवैध रूप से अपने घरों का गंदा पानी और कूड़ा रजवाहे में डाल रखा है, जिससे पानी दूषित हो रहा है। विभाग ने ऐसे लोगों को पहले ही नोटिस जारी किए थे। वहीं दूसरी ओर भाकियू नेता अंकुश प्रधान भी आधा दर्जन ग्रामीणों प्रदीप शर्मा आदि के साथ कोतवाली पहुंचे और पतरोल सहित विभागीय अधिकारियों के खिलाफ गाली-गलौच करने, घरों में गंदी सिल्ट भरवाने और जेसीबी मशीन चढ़ाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। इस प्रकरण ने अब सिंचाई विभाग और ग्रामीणों के बीच टकराव का रूप ले लिया है। दोनों पक्षों की तहरीरों के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 'हर-हर गंगे' के जयकारों से गूंजा खतौली मिनी हरिद्वार घाट

शाहटाइम्स संवाददाता

**खतौली।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर खतौली स्थित गंग. नहर घाट पर बुधवार को आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा। भोर होते ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। हर-हर गंगे& और हजय गंगा मैयाह के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया।



मंगलवार देर शाम से ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। बुधवार को भोर होते-होते घाट पूरी तरह श्रद्धालुओं से भर गए। भक्तों ने पहले दीपदान कर माँ गंगा का पूजन किया और फिर आस्था की डुबकी लगाई। गंगाजल में स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ और माँ गंगा के जयकारों से घाट को गूंजा दिया। इस अवसर पर श्री गंगनहर सेवा समिति, खतौली द्वारा विशेष आयोजन किया गया। समिति की ओर से घाट को सुंदर ढंग से सजाया गया और शाम को माँ गंगा की भव्य महाआरती संपन्न हुई। आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। दीपों की लौ और गंगा आरती के मंत्रोच्चारण से वातावरण आध्यात्मिकता से भर उठा। प्रशासन के अनुसार, इस बार कार्तिक पूर्णिमा स्नान में पिछले वर्षों की तुलना में अधिक श्रद्धालु पहुँचे। कई श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के साथ अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी करवाया। पूरा गंगा तट भक्तिमय दृश्य प्रस्तुत कर रहा था, जहाँ तक नजर गई, वहाँ तक श्रद्धालुओं की भीड़ ही दिखी। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर खतौली का यह गंगनहर घाट एक बार फिर 'मिनी हरिद्वार' बन गया आस्था, श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत हो गया था। श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा खतौली गंगनहर घाट पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## ग्रामीण ने लेखपाल संग की मारपीट व गाली गलौज

**बुढ़ाना।** गांव बैल्ली के लेखपाल अंकित राय ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि बीती 3 नवम्बर को उपजिलाधिकारी बुढ़ाना के निर्देश पर वह तहसील क्षेत्र के गांव टांडा माजरा के जनसेवा व्यय केन्द्र पर आजम के यहां फार्मर रजिस्ट्री करवाने के लिए गया हुआ था। तभी दोपहर के समय लगभग दो बजे समीपवर्ती ग्राम बैल्ली निवासी राजबीर उर्फ राजू पुत्र ओमबीर सिंह वहां पर आया और आते ही उसके साथ गाली गलौच कर बंधक बनाकर हत्या करनेकी धमकी देने के साथ ही अत्याधिक अभद्र व्यवहार कर अपने फोन से अन्य लोगों को फोन कर करके उसे और उसके घरवालों को भी मरवाने की धमकी देने लगा। उसने इस दौरान सरकारी कार्य में भी बाधा डाली और उस पर अपने गांव क्षेत्र से सम्बन्धित गलत काम करवाने का जबरदस्ती दबाव भी बनाया। जब उसने उसे ऐसा करने से मना कर दिया तो उसने उसके साथ मारपीट भी की। तभी आसपास के लोगों ने शोर शराबा सुनकर मौके पर आकर उसको आरोपी राजू के चंगुल से छुड़ाया। उधर बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी राजू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दवा कारोबार की बारीकियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया



**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (फार्मेसी विभाग) में आज डेटा अखंडता अच्छे विनिर्माण प्रथाओं की नींव पर एक अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता (क्वालिटी डिपार्टमेंट, फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री) अंकित राणा ने बताया कि किसी भी औषधि निर्माण इकाई में गुणवत्ता, स्वच्छता और पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं। उन्होंने छात्रों को क्वालिटी एश्योरेंस, क्वालिटी कंट्रोल, डॉक्यूमेंटेशन, वैलिडेशन, प्रोडक्शन फ्लो, और हाइजीनिक मेंटेनेंस जैसे विषयों की गहन जानकारी दी।उन्होंने यह भी बताया कि दवा का प्रत्येक डोज़ किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य से जुड़ा होता है। राणा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि फार्मासिस्ट की भूमिका केवल दवा निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज की सेवा और मानवता के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का भी माध्यम है। उन्होंने उद्योग के अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे गुणवत्ता नियंत्रण iQuality Control) और क्वालिटी एश्योरेंस iQuality Control किसी भी कंपनी की सफलता की नींव होते हैं।

कॉलेज की प्राचार्या आकांक्षा निरवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के लिए उद्योग की वास्तविक परिस्थितियों, नवीन तकनीकों तथा रोजगारपरक कौशलों को समझ विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। यह भी उल्लेख किया कि कॉलेज का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुसंधान, नवाचार और व्यावहारिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है, जिससे वे भविष्य में एक सक्षम, आत्मनिर्भर और समाजोपयोगी फार्मासिस्ट के रूप में अपनी भूमिका निभा सकें।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित मालिक , सागर कुमार ,वैभव , अमन शर्मा , सौरभ ,अमन सिंह ,विजय कुमार ,अमजद खान आदि योगदान रहा।

### उद्यमियों ने की बंदरों से निजात दिलाने की मांग

**मुजफ्फरनगर।** वर्तमान में मुजफ्फरनगर शहर में बंदरों के आतंक से आमजन परेशान है। इसे देखते हुए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन कुमार गोयल ने राज्य मंत्री कपिल देव तथा चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप को ज्ञापन देकर बंदरों से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बंदरों के आतंक के कारण शहरवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। बंदरों द्वारा बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे आमजन में भय और असुरक्षा का माहौल है। इसलिए, उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बंदरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और उनकी संख्या नियंत्रित की जाए। साथ ही, उन्होंने बंदरों के हमले से घायल हुए लोगों के इलाज की व्यवस्था करने की भी मांग की है। देखते हैं कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है। फिलहाल, शहरवासियों को बंदरों से सावधान रहने की जरूरत है।

# घर में घुसकर मां बेटे पर किया हमला, दोनों गंभीर रूप से घायल

**जानसठ।** थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुएओर दबँगता दिखाते हुए मामूली कहा-सुनी के बाद घर मे घुस कर लोहे की राड व डंडो आदि से हमला कर लहू लुहान कर घायल कर दिया।

थाना क्षेत्र के मनफोड़ा गांव में बुधवार की सुबह हमलावरों ने घर में घुसकर एक युवक पर लोहे की रॉड और जानलेवा हथियारों से हमला कर दिया। जब युवक की माँ ने बीच-बचाव किया, तो उन्हें लोहे के रोड से मारा गया और नीचे गिरने पर उनके पेट में लात मारी गई। तो वही गंभीर रूप से घायल मां और बेटे को आनन-फानन में पहले सीएचसी जानसठ भर्ती कराया गया लेकिन घायलों की गम्भीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित परिवार ने नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार मनफोड़ा गांव निवासी आकाश पुत्र मनोज और आर्यन पुत्र नरेन्द्र गंगा स्नान कर घर लौट रहे थे। जब वे गांव के पास पहुँचे, तो स्थानीय निवासी आशीष उर्फ गुडू, आदित्य पुत्र सरवर समेत कुछ अन्य लोगों ने उन्हें रोककर गाली-गलौच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने मौके पर हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया, जिसके बाद दोनों युवक अपने घर लौट आए। प्रत्यक्षदर्शियों और शिकायतकर्ता कृष्णपाल पुत्र चतर सिंह के अनुसार, मामला शांत होने के कुछ ही देर बाद, आशीष उर्फ गुडू और आदित्य अपने साथ चेहरे पर कपड़ा बांधे अज्ञात साथियों को लेकर आकाश के घर में जबरन घुस गए। हमलावरों के हाथ में लोहे की रॉड, डंडे और नुकीले हथियार थे। आरोप है कि घर में घुसते ही उन्होंने लोहे की रॉड से आकाश पर जानलेवा वार करना शुरू कर दिया। बताया गया कि आकाश के सिर सहित शरीर पर गंभीर घाव आए हैं। वहीं बेटे पर हमला होते देख, आक. श की मां इंदू पत्नी मनोज कुमार हिम्मत दिखाते हुए बीच-बचाव करने आईं। लेकिन दबंगों ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। हमलावरों ने उन पर लोहे के कांटे ढ़जिसे स्थानीय भाषा में श्अाश् कहा जाता हैऋ से हमला किया और डंडे बरसाए। हमले से इंदू देवी नीचे गिर गईं।

शिकायतकर्ता कृष्णपाल ने बताया, श्माता जी नीचे गिर गईं, तब भी हमलावरों ने हैवानियत दिखाते हुए उनके पेट में लात मारी। अगर गाँव के लोग शोर सुनकर इकठ्ठा नहीं होते, तो हमलावर मेरे भतीजे और उसकी माता को जान से ही मार देते। गाँव में शोरगुल और चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकठ्ठा हो गए, जिसके बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल आकाश और इंदू को तुरंत जानसठ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी चोटों की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल मुजफ्फरनगर के लिए रेफर कर दिया।पुलिस ने बताया कि तहरीर प्राप्त कर ली गई है और जल्द ही आरोपियों को हिरासत में लिया जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

## मुजफ्फरनगर के निपुण सिंह बने हाईकोर्ट में सीनियर एडवोकेट

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के दीवानी के वरिष्ठ अधिवक्ता तेगबहादुर सैनी के पुत्र निपुण सिंह हाईकोर्ट में सीनियर एडवोकेट बन गए हैं। वह पिछले बीस वर्षों से इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रयागराज में प्रैक्टिस कर रहे हैं। निपुण सिंह ने मुजफ्फरनगर के एसडी पब्लिक स्कूल से वर्ष 2000 में 12वीं पास करने के बाद जीवाजी यूनिवर्सिटी से एलएलबी ऑनर्स किया था। इसके बाद सीधे इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने के लिए चले गए थे और तब से वहीं पर प्रैक्टिस कर रहे हैं। अब निपुण सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनके बीस वर्ष की प्रैक्टिस और मुकदमों के आधार पर हाईकोर्ट में सीनियर एडवोकेट के रूप मेंहाईकोर्ट की कमेटी ने मान्य कर दिया है। निपुण सिंह के पिता तेग बहादुर सैनी मुजफ्फरनगर में दीवानी एवं रेंट कंट्रोल एक्ट के जाने माने अग्रणी अधिवक्ता है।



## देव दीपावली पर जगमग हुआ गणपति धाम



**मुजफ्फरनगर।** देव दीपावली के पावन पर्व पर आज श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर में हजारों की संख्या मे दीपो की रोशनी से पूरा मंदिर प्रांगण जगमगा गया वही शाम के समय उपस्थित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान विष्णु की महाआरती कर वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया तत्पश्चात गरिमा गोयल एवं नेहा बंसल द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर मंदिर कमेटी के भीम कंसल, अशोक गर्ग, अनिल गोयल, जेपी गोयल, विनोद राठी, राधिका देवी, स्नेह लता आदि उपस्थित रहे।

## गन्ना किसानों की खुशहाली का प्रतीक खाईखेड़ी शुगर मिल में पैराई सत्र शुभारंभ

**पुरकाजी।** उत्तर प्रदेश के पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र में स्थित खाईखेड़ी शुगर मिल में गन्ना पैराई सत्र का शुभारंभ माननीय कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने फिता काट कर

कार्यक्रम की शुरुआत की व पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें स्थानीय किसानों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। अनिल कुमार कैबिनेट मंत्री ने कहा किसानों की यह एकजुटता देखकर गर्व होता है।

यह सत्र न केवल पैराई का प्रतीक है, बल्कि समृद्धि का संदेश भीकार्यक्रम में मंत्री प्रतिनिधि विनय मित्तल इलम सिंह गुर्जर धीरसिंह गुर्जर मनोज चौहान अमित गोयलओमसिंह गुर्जररामनिवास



पाल गौरव कुमार उर्फ मोनू जानी आर्य मोनू प्रधान, प्रताप सिंह प्रधान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## चैकिंग में धरे गये दो युवको से हथियार बरामद

**छपार।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चेकिंग के दौरान दो युवकों को चाकू व तमंचा सहित गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है बुधवार को पुलिस खटीमा हाइवे के रेंई कट पर चेकिंग कर रही थी उसी समय एक युवक संदिग्ध हालात में दिखाई दिया। पुलिस उसे रोक कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ पूछताछ में उसने नाज काला. ऩी मिमलाना रोड थाना कोतवाली निवासी शाहजेब बताया। दूसरी घटना में बिजोपुरा कट खामपुर मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक युवक की तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व जिंदा कारतूस बरामद किया उसने गांव खामपुर निवासी आसु उर्फ आस मौहम्मद बताया। पुलिस ने बताया कि आरोपी छपार थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

## गैस के चूल्हों के नही दिये एक लाख

**छपार।** उधार दिये गैस के चूल्हों के एक लाख से भी अधिक रुपए मांगने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर 15 दिन बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने थाने पहुंच कर पुलिस से गुहार लगाई है। गांव खोजा नगला निवासी दानिश हिमाचल प्रदेश में गैस के चूल्हे का थोक व्यापारी हैं उसने छह माह पूर्व गांव छपरा निवासी मोनिस को एक लाख 36 हजार रुपए कीमत के गैस चूल्हे उधार दिये थे। मोनिस ने एक माह में रुपए देने का वादा किया था। समय पर उसने रुपए नहीं लौटाये और झूठे वादे करता रहा। पीड़ित अपने साथी के साथ 22अक्टूबर को उसके घर गया तो आरोपी ने रुपए देने से इंकार करते हुए गांव में दोबारा घुसने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी लेकिन 15 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## डीएम ने सभी सहयोगियों का जताया आभार



**मोरना।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा की मां गंगा के पावन तट पर सदियों से इस स्नान पर्व का आयोजन होता चला रहा है इस बार मुख्यमंत्री की प्रेरणा से इस कार्यक्रम को दिव्य और भव्य बनाने का प्रयास किया गया।सभी प्रशासनिक अधिकारियों साधु संतो व गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से यह आयोजन सफल हो सका जिसके लिये सभी बधाई के पात्र हैं। सफाई कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा जो धन्यवाद के पात्र है, भविष्य में यह प्रयास और भी बहतर किये जाएंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कहा की पुलिस उच्चाधिकारियों, जिलाधिकारी व पूरी टीम के समर्पण से यह आयोजन सफल हो सका है। कंट्रोलरूम स्थापित कर मेले को ज़ोन व सेक्टर मे बांटा गया था। ड्यूटी प्वाइंट बनाए गये थे। इस बार दो पहिया वाहनों के लिए अलग चार पहिया वाहनों के लिए अलग अलग पार्किंग की व्यवस्था की गयी थी। ड्रोन कैमरे सीसीटीवी कैमरे के द्वारा प्रत्येक पर निगरानी की जा रही थी गंगा में पानी के बीच स्पेशल फ्लड स्क्वायड टीम को तैनात किया गया था। साथ ही सड़क मार्ग को सुगम बनाने के लिए दुकानदारों के लिए एक लाइन खींची गई थी उसके आगे कोई नहीं आया जिसके चलते सुचारू रूप से यातायात का संचालन हुआ। मां गंगा के आशीर्वाद से सभी कुछ सकुशल सम्पन्न हुआ है।

# स्नातक वोट फॉर्मों का किया गया अवलोकन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमेन विनोद सैनी ने बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में स्थित अपने कैंप कार्यालय पर एमएलसी स्नातक चुनाव के लिए स्नातक वोट फॉर्मों का अवलोकन किया।

उन्होंने वहां पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि ये सभी फार्म भरकर 06 नवम्बर दिन बृहस्पतिवार को जमा कराए जाने हैं। जिनकी वोटें बनेगी केवल वे ही मतदाता शिक्षक स्नातक एमएलसी चुनाव में मतदान का अधिकार पा सकेंगे। उन्होंने ये भी बताया कि





उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। ये फार्म बुढ़ाना मतदान केंद्र पर जमा होंगे। इस दौरान वहां पर भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल के महामंत्री और बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल के सोशल मीडिया संयोजक मौहम्मद शाहिद असलम और भारतीय जनता पाट्ह शक्ति केंद्र संयोजक सुशील शर्मा भी उपस्थित रहें। इसके अलावा भाजपा नेता आशीष जैन ने भी आज फिर काफी फार्म भरवाकर एकत्रित किए।

## भूमि विवाद में मारपीट महिला गंभीर रूप से घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**भोपा।** चर्चित गांव सीकरी में रोज नए विवाद तथा मारपीट की घटनाएं आम हैं।

बुधवार को भूमि के विवाद में आधा दर्जन आरोपियों ने तीन व्यक्तियों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर एक महिला को लहूलुहान कर दिया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी महिला मोहसिना ने बताया की बुधवार की सुबह वह पति यामीन अंसारी व पोता सुहेल खेत में फसल की बुआई कर रहे थे।

तभी दूसरे पक्ष के आधा दर्जन से अधिक व्यक्ति वहां आये और रंजीशन गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरो. पियों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। जिसमे तीनों घायल हो गये।

पीड़िता मोहसिना ने बताया की आरोपियों ने उसकी गर्दन पर फरसा कर हत्या का प्रयास किया है। लहूलुहान हालत में घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## शाहपुर के श्रद्धालुओं ने किये माता वैष्णो देवी के दर्शन



**शाहपुर।** थानाक्षेत्र की मीरापुर चौकी प्रभारी मां वैष्णो देवी के अनन्य भक्त एसआई विकास चौधरी ने आज सपरिवार सहित जम्मू कटरा के त्रिकुटा पहाड़ियों में विराजमान माता वैष्णो देवी के दर्शन किए। ओर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। विकास चौधरी ने बताया कि मां का आंचल किसी स्वर्ग से कम नहीं है।

# गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

शाहटाइम्स संवाददाता

**खतौली।** तहसील रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए, जिसके उपरांत कीर्तन दरबार और भजन-संध्या का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में ज्ञानी जनक सिंह ने गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज को समानता, भाईचारा, सेवा और ईमानदारी का संदेश दिया। वहीं, मेरठ से आए भाई प्रीतम सिंह सूरमा ने अपनी मधुर वाणी में शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के मुख्य भवन को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बड़ी संख्या में संगत ने कीर्तन दरबार में भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर विशेष लंगर का आयोजन किया गया, जिसकी सेवा



वर्णित जैन पुत्र नीरज जैन एवं सरदार जोगिंदर सिंह परिवार द्वारा की गई।इस पवित्र अवसर पर सरदार सतपाल सिंह, सरदार जसवीर सिंह, सरदार सरबजीत सिंह, सरदार गुरविंदर सिंह, सरदार इकबाल सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, हरवंश लाल सलूजा, मदन छाबड़ा, आशीष रावल, सतनाम सिंह, सरदार नरेंद्र सिंह, सरदार मंजीत सिंह, सरदार रविंदर सिंह बिंद्रा, सत्येंद्र पाल आर्य, सरदार मनमीत सिंह, सरदार सतनाम कंप्यूटर, आशु तनेजा, गौरी शंकर गौरी, सरदार हरविंदर सिंह एडवोकेट, हनी ग्रोवर, सरदार नरेंद्र सिंह, लवली अरोरा आदि उपस्थित रहे। पूरे शहर में गुरु पर्व का उल्लास और भक्ति भाव देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## एमआरआई का निर्णय देश हित में : स्वामी प्रमोधानानंद

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्र रक्षा सेना के महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानानंद गिरी महाराज ने चुनाव आयोग द्वारा देशभर में लागू किए गए एसआईआर पर कहा कि चुनाव आयोग का एसआईआर का निर्णय देश हित में है और उत्तम निर्णय है। जो एसआईआर आज किया गया वह अगर 10 साल 15 साल पहले भी किया होता तो देश की सुरक्षा करने में आसानी होती क्योंकि देखने में यह आता है कि हमारे देश में ऐसे कानून व्यवस्था है जिस कानून व्यवस्था के कारण से देशद्रोही विदेशी आतंकवादी भी यहां पर आकर के वोटर बन जाते हैं और वोटर बनकर के यहां के चुनाव को प्रभावित करते हैं। जब वह चुनावों को प्रभावित करते हैं तो देश की चुनावी राजनीति को प्रभावित करते हैं और जब देश की चुनावी राजनीति को प्रभावित करते हैं तो देश को राष्ट्रीय द्रोहिता की तरफ ले जाने का कार्य करते हैं। वह भी पाकिस्तान के एजेंट होते हैं बांग्लादेश के एजेंट होते हैं या विदेशियों की वकालत करते हैं यह देश का दुर्भाग्य है और मैं चुनाव आयोग से कहूंगा प्ू को पूरे देश में कड़ाई के साथ पालन कराया जाए एक व्यक्ति एक वोटर और वह हिंदुस्तान का ही हो बाहर का एक भी व्यक्ति किसी प्रकार से वाटर के रूप में स्वीकार नहीं है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जन्मदिन की पार्टी बनी हिंसा का मैदान, युवक को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें जन्मदिन की पार्टी के दौरान एक युवक को उसके ही परिचित साथियों ने डंडों, बेल्ट और लात-घूंसों से बेरहमी से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक सचिन पुत्र सेवाराम निवासी मोहल्ला टंकी वाला, ग्राम हसनपुर लुहारी है, जो पिछले पांच वर्षों से गुड़गांव में रहकर कार्य करता है। सचिन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 अक्तूबर को वह अपने गांव आया हुआ था, तभी उसके दोस्त सूरज पुत्र प्रवीन ने बताया कि उसका जन्मदिन है और बेरी के बाग लुहारी में पार्टी रखी गई है।सचिन के मुता. बिक, पार्टी में शराब और गानों का माहौल था। जब उसने शराब पीने से मना किया तो सूरज और उसके साथियों ने गाली-गलौज कर उसे वहां से भगा दिया। अगले दिन 27 अक्तूबर को सूरज ने दोबारा फोन कर बुलाया और कहा कि आज खानपान होगा।

सचिन अपने दोस्त लक्की पुत्र घसीटू के साथ पार्टी में पहुंचा, जहां पहले से ही सूरज और उसके साथी अंकुर पुत्र राजेश, लीलू पुत्र दिवेंद्र, हर्ष पुत्र सलीम और छोटा पुत्र धोला पुत्र नाथी मौजूद थे।सचिन का आरोप है कि पहले से रची साजिश के तहत इन लोगों ने उस पर बेल्ट, डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। लक्की जब बीच-बचाव के लिए आया तो उसे भी पीटा गया। इस दौरान गांव के ही चंदन पुत्र सुनील ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हमलावरों ने सचिन को पेड़ से बांध रखा है और लगातार उसकी पिटाई कर रहे हैं। सचिन बार-बार हाथ जोड़कर माफी मांगता नजर आता है, लेकिन इसके बावजूद उसकी पिटाई जारी रहती है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है।



पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद हमलावरों ने उसे धमकी दी थी कि अगर पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे, जिसके डर से वह गुड़गांव चला गया था। अब वीडियो वायरल होने पर परिजनों ने उसे वापस बुलाया और उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र रावत ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है और उसमें दिख रहे युवकों की पहचान की जा रही है। सत्यता की पुष्टि होने के बाद सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगा।

# सुरेश राणा ने किया ट्यूबवैल का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ जलापूर्ति की दिशा में एक और कदम उठाते हुए मोहल्ला हाफिज दोस्त में जगत सिंह पुलिया के पास नई टड्ूबवेल इस शिलन्यास पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने किया किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और मंत्री का फूलमालाओं से स्वागत किया। शिलान्यास के पश्चात मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास के कार्यों में नई ऊंचाइयां छू रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार हर कस्बे और गांव में पेयजल, सड़क, स्वच्छता और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है।उन्होंने कहा कि थानाभवन में बने संत बूढ़ा बाबू देवस्थल ने क्षेत्र की पहचान को एक नई दिशा दी है। आज यह स्थल श्रद्धा, आध्यात्मिकता और सामाजिक



मेलजोल का केंद्र बन गया है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में माताएं, बहनें और बुजुर्ग लोग घूमने जाते हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह स्थल सिर्फ पूजा का नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और स्वास्थ्य जागरूकता का प्रतीक बन गया है।नारी सुरक्षा को लेकर बोलते हुए राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाएं पहले से अधिक सुरक्षित और सशक्त हुई हैं। मिशन शक्ति जैसी योजनाएं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।इस अवसर पर पहली बार मंच संभालते हुए सभासद पति महावीर सिंह ने कहा कि हमेरे वार्ड की जनता और मैं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा का तहे दिल से आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने हमारे क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है।कार्यक्रम में नगर अध्यक्षा,राव मुश्यदा अधिकारी जितेंद्र राणा, नीरज गोयल, सभासद देवेंद्र, महबूब, विनोद, सुरेश सैनी, कन्हैया सैनी, अंशुल, बॉबी अरोड़ा सहित सभी सभासद, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता, नगर पंचायत कर्मचारी और सैकड़ों नागरिक मौजूद रहे।

## संदिग्ध से तलाशी के दौरान अवैध तमंचा मिला

**ऊन।** पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा का कारतूस बरामद हुआ पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गत रात्रि पुलिस ने गस्त के दौरान गांव हरसाना के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद किया तथा अपना नाम सोनू पुत्र इकबाल निवासी गांव पटनी बताया ।चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति को तमंचा कारतूस के साथ पकड़ा है अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यापारी से कार सवारों ने छीना मोबाइल की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सुबह के समय घूमने निकले व्यापारी से कार सवार लोगों ने मारपीट कर मोबाइल छीन लिया। जिसके बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवारों की तलाश के लिए सीसीटीवी खंगाले। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बुधवार की सुबह कस्बे के व्यापारी संजय बिदंल सुबह सवेरे ऊन रोड पर घूमने के लिए जा रहे थे।जब वह ऊन रोड पर सपना सिनेमा के पास पहुंचे तो पीछे से काले रंग की रंग रुकी और उसमें से उतरे चार युवकों ने व्यापारी संजय बिदंल से मारपीट धक्का मुक्की कर जबरदस्ती मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। जिसके बाद व्यापारी द्वारा मामले की सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया मामले की सूचना मिली थी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।





# खेल और खिलाड़ियों को समर्पित हैं चौ. जयंत सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विधानसभा के ग्राम कासमपुर में विधायक विकास निधि योजना के अंतर्गत नवनिर्मित ओपन जिम के उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि हमारे नेता केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह अपनी सांसद निधि की सारी धनराशि युवाओं को स्वास्थ के प्रति सजग करने हेतु खेल और खिलाडीयों को समर्पित कर रहे हैं। उनकी सोच को आगे बढ़ाते हुए ग्राम कासमपुर का यह ओपन जिम भी यहां के युवाओं को स्वास्थ के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामवासियों को शामली सदर विधायक प्रसन्न चौधरी राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र चेयरमैन साहब जिला पंचायत सदस्य उमेश पंवार ग्राम प्रधान नीरज चौधरी ने युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजगता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, घायल

**शामली।** कैराना क्षेत्र के गांव कंडैला निवासी एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को शामली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसको गंभीर चोटे आई है। कैराना क्षेत्र के गांव कंडैला निवासी इरशाद बुधवार को अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से बुढाना जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बुटराडी के निकट पहुंचा तो इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन सवार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे इरशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि इरशाद को गंभीर चोटे आई है।



### अवैध 126 ग्राम चरस बरामद

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के क्रम में एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध 126 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर देर रात्रि को शहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त छप्पी उर्फ सरफराज पुत्र इरशाद निवासी नौकुआ को अवैध 126 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त छप्पी उर्फ सरफराज उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में इसके लिंक की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने तस्कर को जेल भेज दिया।

### किसान ने थाने पर की शिकायत, रुपए दिलवाने की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी एक किसान ने अपने गांव के ही दूसरे किसान पर उसके रूपए नहीं देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी किसान कासिम पुत्र इस्लाम ने बताया कि उसने अपने गांव के ही एक किसान को अपनी कृषि भूमि ठेके पर दी थी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने फसल उगाने के बाद काट ली और अब पीड़ित के ठेके के रूपए नहीं लौटा रहा है। पीड़ित जब अपने रूपयों की मांग करते हैं तो आरोपी उसके साथ गाली गलौज व मारपीट पर उतारू हो जाता है। बुधवार को पीड़ित किसान ने थाने पर पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इं. का. में कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन



**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरु नानक जयंती व गंगा स्नान के अवसर पर नई कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, विद्यालय के अध्यक्ष गुलशन राय व सदस्य चंद्र देव, चंचल गोयल, प्रभात भार्गव, पूर्व आईजी विजय कुमार ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि राजेश्वर बंसल ने रीबन काटकर कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की प्रगति के लिए विद्यालय में दो डिजिटल बोर्ड और 17 कंप्यूटर उपहार स्वरूप दिए हैं ताकि बालिकाएं समय से तकनीकी का ज्ञान प्राप्त करें और आगे बढे। उन्होंने अंग्रेजी भाषा सीखने पर भी बालिक. ाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा बेटियां तीन घरों को शिक्षित करती हैं। विजय गर्ग ने कहा एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण के लिए उसके समाज का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। जिसमें बेटियां अहम भूमिका निभाती है। प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्यों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता, उपासना, वंदना, अनीता, सुरभि रानी, आकांक्षा, रवि कुमार, मोहित कुमार, अश्विनी कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा सरकार की रोक से यूपी के किसान परेशान, बॉर्डर पर अटकी धान की गाड़ियां, बढ़ी आर्थिक मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** हरियाणा सरकार और यूपी के बीच धान खरीद को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी हरियाणा सरकार की ओर से यूपी से आने वाली धान से भरी ट्रॉलियों और ट्रकों की एंट्री पर रोक जारी रही। हरियाणा. यूपी बॉर्डर स्थित मंगलौर पुलिस चौकी पर पुलिस ने सख्ती बरकरार रखते हुए यूपी के किसानों को राज्य में प्रवेश नहीं करने दिया, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



यूपी के किसानों का कहना है कि वे हरियाणा की मंडियों में वर्षों से अपनी फसल बेचते आ रहे हैं। वहां के अढ़तियों द्धकमिशन एजेंटोंऋ से किसान पहले ही एडवांस पैसा लेकर अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करते हैं, यहां तक कि कई किसान अपने बच्चों की शादियों तक के खर्च इन्हीं अढ़तियों से उठाए गए पैसों से करते हैं। किसान बताते हैं कि यूपी में पर्याप्त मंडियां न होने के कारण उन्हें हरियाणा की मंडियों पर निर्भर रहना पड़ता है।

**किसानों की पीड़ा**

बोगी माजरा निवासी किसान जगदीश ने बताया, हमैंने अपनी पांच बीघा जमीन में धान की खेती की थी, जिसे काटकर बेचने के लिए हरियाणा जा रहा था। लेकिन पुलिस ने बॉर्डर पर रोक लगा दी। मैंने हरियाणा के अढ़तियों से एडवांस पैसा ले रखा है, इसलिए मुझे वहीं फसल बेचनी है। अब एंट्री न मिलने से भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

वहीं, प्रेम कुमार, एक अन्य किसान ने बताया, हमैं दो दिन से बॉर्डर पर फंसा हुआ हूं। पुलिस हमें हरियाणा में घुसने नहीं दे रही है। हमारी ट्रॉली में रखा धान खराब होने लगा है। किसान यूनियन के नेता, जो खुद को किसानों का मसीहा बताते हैं, आज घरों में आराम से बैठे हैं। हमारी आवाज कोई नहीं उठा रहा। किसानों का कहना है कि अगर जल्द ही रोक नहीं हटाई गई, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

हरियाणा सरकार की ओर से रोक के पीछे अभी तक कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। हालांकि स्थानीय प्रशासन का कहना है कि यह आदेश राज्यस्तर से आया है और जब तक उच्चाधिकारियों से निर्देश नहीं मिलते, तब तक यूपी से आने वाले धान को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस बीच, बॉर्डर पर सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और ट्रक फंसे हुए हैं। किसानों के चेहरों पर चिंता साफ झलक रही है, जबकि प्रशास. निक अधिकारियों ने हालात पर कड़ी निगरानी रखी हुई है।

## ग्रामीणों ने खुद संभाली सफाई की कमान, गलियों से कूड़ा स्वयं उठवाया

**बिडौली।** जनपद शामली के गांव बिड़ौली सादात में कूड़ा और कीचड़ ज्यादा होने से ग्रामीण परेशान हो गए थे। रास्तों पर चलना दुश्वार हो गया था और नालियों में भरे कीचड़ से दुर्गंध फैल रही थी। गांव में लंबे समय से सफाई न होने के कारण मोहल्लेवासी परेशान थे। मोहल्लेवासियों ने बताया कि यह रास्ता सोनू के आवास से होकर ईदगाह बांध तक जाता है। मोहल्ले की गली में सफाई न होने का आरोप लगाते हुए साजिद मंसूरी ने बताया कि न तो कोई सफाईकर्मी आता है और न ही कोई सफाई होती है। बुधवार को अपने खर्चे पर साजिद मंस. ूरी ने मोहल्ले की पूरी गली की सफाई ट्रैक्टर-ट्रॉली से कराई। मोहल्लेवासियों ने साजिद मंसूरी का आभार जताते हुए जिला प्रशासन से गांव में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और सफाईकर्मी तैनात करने की मांग की है। सफाई अभियान में साजिद, साबिर, अशरफ सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



# हवा में हथियार लहराते युवाओं की बढ़ती हीरोपंती, फोटो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो वायरल करने का ट्रेंड इन दिनों युवाओं में खतरनाक तरीके से तेजी पकड़ता जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि मानों कुछ युवा हथियार से जुड़े फोटो और रील बना कर खुद को 'हीरो' साबित करना चाहते हैं। बीते दिनों एक युवक का तमंचे के साथ फोटो वायरल हुआ था। उस वायरल प्रकरण में युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि फिर से एक युवक का हवा में हथियार लहराते हुए फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर धड़ल्ले से वायरल हो गया है।



वायरल होती इस नई फोटो में युवक एक रिवॉल्वर को हवा में लहराकर भारी भीड़ के बीच जश्न मनाता हुआ दिखाई दे रहा है। तस्वीरों में हथियार दिखाने की यह शैली ना केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनती जा रही है, बल्कि समाज में गलत और खतरनाक माहौल तैयार कर रही है। युवाओं में यह गलत सोच विकसित होती जा रही है कि हथियार दिखाने से उनका रौब बढ़ता है और लोग उन्हें चुनौती नहीं दे पाएंगे। जबकि हकीकत बिल्कुल इसके उलट है,ऐसी हीरा. ेपंती कुछ ही मिनटों में पुलिस केस, जेल, बदनामी और भविष्य के पतन में बदल जाती है।फिलहाल पुलिस इस वायरल फोटो को गंभीरता से लेते हुए तथ्य खंगालने में जुट गई है कि फोटो किस जगह लिया गया, किस कार्यक्रम में बनाया गया, हथियार वैध लाइसेंसी हथियार है या अवैध माध्यम से हासिल किया गया है।गौरतलब है कि सोशल मीडिया की चमक-दमक और बाहरी दिखावे की इस 'हीरोपंती' का परिणाम अंत में युवाओं के भविष्य को ही नुकसान पहुंचाता है। कुछ सेकेंड का स्टेटस, कुछ घंटों की वायरलिटी और लाइक्स की संख्या के लालच में युवक अपने कैरियर, प्रतिष्ठा और जिंदगी की दिशा को दांव पर लगा देते हैं। ऐसे खतरनाक चलन रोकने के लिए अभिभावकों, समाज के बुद्धिजीवियों तथा स्थानीय जनप्रति. निधियों को आगे आकर अपील करनी चाहिए कि इस बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने में सहयोग करें और युवाओं को सही दिशा दिखाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। हथियारों की झूठी चमक, फर्जी हीरोपंती और गुम. राह दिखावे का यह रास्ता कहीं नहीं ले जाता, सिर्फ बर्बादी तक ले जाता है। फिलहाल तो पुलिस वायरल फोटो की छानबीन में जुटी हुई है।



## दिल्ली-सहारनपुर हाइवे पर बंद और टिमटिमाती स्ट्रीट लाइटें बनी परेशानी का सबब

**थाना भवन।** दिल्ली- सहारनपुर हाइवे पर कस्बे के भीतर लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले काफी दिनों से बंद पड़ी हैं जबकि कुछ लाइटें लगातार टिमटिमा रही हैं। इससे रात के समय हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।रात में जब टिमटिमाती लाइटों की तेज चौंध वाहनों के चालकों की आंखों पर पड़ती है तो कुछ क्षणों के लिए आंखे चौंधिया जाती है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं कई खंभों पर लगी लाइटें पूरी तरह बंद हैं जिससे सड़क के अंधेरे हिस्सों में पैदल यात्रियों और दोपहिया चालकों को भी दिक्कत हो रही है।स्थानीय लोगों का कहना है ए लाइटें पिछले काफी दिनों से ऐसे ही खराब पड़ी हुई है और कुछ लाइटें टिमटिमा रही है।इतने दिन बीत जाने के बावजूद इन लाइटों की मरम्मत नहीं कराई गई। रामवीर फैय्याज तनवीर संजय कुमार ने बताया हाइवे पर लगी इन स्ट्रीट लाइटों की जिम्मेदारी नेरानल हाईवे की है उन्होने टोल तो प्रारम्भ कर दिया सुविधाऐ पूरी नही की। देर सायं साफ देखा जा सकता है कि कई स्ट्रीट लाइटें बुझी पड़ी हैं और कुछ टिमटिमा रही हैं, जिससे सड़क का एक बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूबा रहता है।नेशनल हाईवे के ठेकेदार तुरंत कार्रवाई कर इनकी मरम्मत कराए ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और राहगीरों को राहत मिल सके।

# डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़ा कूड़ा ही कूड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गंगेरू मार्ग पर पालिका प्रशासन के द्वारा बनाया गया डंपिंग ग्राउंड राहगीरों ओर ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबक बना हुआ है। शिकायत के बाद भी पालिका के कर्मचारी कूड़े को डंपिंग ग्राउंड में न डालकर सड़क के किनारे डाल रहे हैं।पालिका प्रशासन के द्वारा कस्बे के गंगेरू मार्ग पर कूड़ा डाला जाता था, जिसके चलते आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कस्बे के लोगों की मांग पर पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी वाजिद हसन के द्वारा लाखों रूपए की कीमत से डंपिंग ग्राउंड का निर्माण कराया गया था। डंपिंग ग्राउंड का निर्माण होने के बाद राहगीरों और कस्बे के लोगों ने राहत की सांस ली थी। आरोप है कि पालिका में तैनात सफाई कर्मचारी कस्बे से कूड़ा उठाकर



डंपिंग ग्राउंड में न डालकर डंपिंग ग्राउंड के बाहर कूड़े को डाल रहे हैं। डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़े कूड़े के ढेर से निकलने वाली बदबू ने कस्बे के लोगों और गंगेरू मार्ग पर चलने वाले राहगीरों का जीना मुहाल कर रखा है। क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी संजीव ने जिला अधिकारी को शिकायत करते हुए डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़े बदबूदार कूड़े को डंपिंग ग्राउंड में डाले जाने की मांग की थी, लेकिन पालिका प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वर्तमान पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने भी चुनाव में कस्बे के लोगों से वादा किया था कि वह कस्बे को पेरिस बना देंगे। कस्बे में जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेर और डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़ा बदबूदार कूड़ा लोगों में बीमा. रियां बांटने का काम कर रहा है। कस्बे के लोगों का कहना है कि कस्बे को पेरिस बनाने वाले पालिका अध्यक्ष अब ज्यादातर समय दिल्ली में बिताते हैं। क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी संजीव, इंतजार अली सहित कस्बे के कई लोगों ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़े बदबूदार कूड़े से निजात दिलाए जाने की मांग की है। मामले में पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया हैं। डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़े कूड़े को उठवाकर डंपिंग ग्राउंड में डलवाया जाएगा।

# गुरुद्वारा में गुरुनानक देव का 556वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया

**शामली।** शहर के धीमानपुरा फाटक के निकट गुरुद्वारा में गुरुनानक देव का 556वां प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बाहर से आए रागी जत्थे ने शबद कीर्तन किया। इसके साथ लंगर का आयोजन किया। बुधवार को गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहर के गुरुद्वारा में शबद कीर्तन, लंगर का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सवेरे करीब 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई और गुरूनानक देव महाराज के सिखाए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर देहरादून से ज्ञानी किशन सिंह, अमृतसर से मनजिंदर सिंह ने संगत को निहाल गया। उन्होंने कहा कि नानक देव ने मानवता का उद्धार करने हुए लाखों प्राणियों का उद्धार हुआ। उन्होंने कहा कि गुरु नानक ने सज्जन, ठग और राक्षस सभी को सत्य का मार्ग बताया और उन्हें नाम जपना, नेक कमाई और बांट कर खाने का संदेश दिया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में अटूट लंगर का भी आयोजन किया। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। इस अवसर पर सरदार राजेन्द्र सिंह, सरदार गुरजीत सिंह, प्रमिन्द्र सिंह, अर्जन सिंह, जगजीत सिंह, जसविन्द्र सिंह, मनजीत सिंह, हरदीप सिंह, सतनाम सिंह, हरविन्द्र सिंह, संतोष सिंह, जगनप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा थानाभवन, जलालाबाद, बाबरी, मुंडेट, रंगामा फार्म आदि स्थानों पर भी गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।







# गंगा स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं ने यमुना में लगाई आस्था की डुबकी

**बिडौली।** सनातन धर्म में गंगा स्नान के पर्व को अत्यंत पवित्र माना जाता है। इसी परंपरा को निभाते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बिडौली स्थित यमुना नदी में आस्था की डुबकी लगाई। भोर होते ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और ह्हर हर गंगेह्व के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने परंपरागत विधि से पूजा-अर्चना कर नदी में स्नान किया। मान्यता है कि इस दिन यमुना या गंगा में स्नान करने से जीवन के पापों का नाश होता है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर श्रद्धालु अपने घरों से आटा गूंदकर दो हिस्सों में बांटकर लाते हैंकृएक हिस्से से नदी में दिया जलाकर आरती करते हैं, जबकि दूसरे हिस्से को प्रसाद स्वरूप मछलियों को डालते हैं। इसके बाद स्नान कर मन्नतें मांगी जाती हैं। प्रशासन की ओर से पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। झिंझाना पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से एक दर्जन से अधिक गोताखोरों को नदी तट पर तैनात किया। वहीं, पुलिस फोर्स के साथ-साथ पीएसी बटालियन की एक टीम भी मौके पर मुस्तैदी से डड्रूटी निभा रही थी। घाटों पर सफाई व्यवस्था और प्रकाश की भी उचित व्यवस्था की गई थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों ने लगातार गश्त की। भक्तों ने शांति और श्रद्धा के साथ पर्व का आनंद लिया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।





# इस्सोपुर टील यमुना घाट पर आस्था का सागर, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील स्थित यमुना नदी घाट पर गुरु नानक देव के 555वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर आस्था और श्रद्धा का अनुपम नजारा देखने को मिला। सुबह होते ही गांवों एवं कस्बों से भारी संख्या में श्रद्धालु यमुना किनारे पहुंचे तथा गुरु नानक देव की जय-जयकार के मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र यमुना नदी में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बनी रही। महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे . सभी अपनी-अपनी बारी का इंतजार करते हुए धैर्य के साथ डुबकी लगाते दिखे। श्रद्धालुओं ने बताया कि गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व सद्भाव, भाईचारा और सेवा का संदेश देता है और इसी भाव से यमुना घाट पर आस्था की डुबकी लगाना उनके लिए आध्यात्मिक अनुभूति है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड में रहा। घाट क्षेत्र में पुलिस बल की कड़ी तैनाती की गई, वहीं नदी की धारा और गहराई को देखते हुए गोताखोरों को भी सतर्कता के साथ तैनात रखा गया। पुलिस एवं गोताखोर टीम लगातार नदी के किनारे मॉनिटरिंग करती रही, ताकि कोई हादसा न हो और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। चौकी प्रभारी विक्रम सिंह भाटी ने बताया कि गुरु नानक जयंती पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिस जवान नदी किनारे तथा घाट के रास्तों पर मुस्तैदी से तैनात रहे। उन्होंने बताया कि दिनभर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति के साथ यमुना नदी में पवित्र स्नान किया और पूरा माहौल धार्मिक ऊर्जाओं से सराबोर रहा।



## कार्तिक पूर्णिमा पर यमुना नदी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**कैराना।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यमुना नदी पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। यूपी-हरियाणा से नदी पर पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान विशेष पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। व्यवस्था चाक-चौबंद होने के चलते यमुना स्नान बिना किसी हादसे के शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। वहीं, सुरक्षा के .ष्टिगत यमुना पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। बुधवार को क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार रात्रि से ही यूपी-हरियाणा सीमा से गुजर रही यमुना नदी पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। सूर्य उगने तक यमुना पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। यूपी और हरियाणा से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने स्नान कर परिवार में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। वहीं, श्रद्धालुओं ने यमुना घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों के दर्शन करके पितरों की शांति के लिए विशेष पूजा-अर्चना की।

# गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में गुरु पर्व पर विशेष कार्यक्रम


**कांधला।** नगर के मोहल्ला शेखजादगान स्थित संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों को उनके जन्म, जीवन परिचय तथा सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी रोचक तरीके से दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं गुरुवंदना से हुआ। बच्चों ने 'गुरु नानक देव का जीवन,विषय पर आधारित नाटक, भजन व कविता की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। शिक्षकों ने बताया कि गुरु नानक देव ने समाज को सेवा, समानता, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा अंधविश्वास व सामाजिक भेदभाव का विरोध किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य कुमारी रंजना मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव का सम्पूर्ण जीवन मानवता, एकता और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा, इसलिए उनके बताए सिद्धांत आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से देश में एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम का समापन सहभागियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं और 'वाहे गुरु का खालसा, वाहे गुरु की फतेह' के जयकारों के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक क्षितिज मित्तल, प्रबंध कार्यकारिणी तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# विव्रत सागर के सानिध्य में धर्मिक प्रवचन का आयोजन

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में बुधवार को मुनि 108 विव्रत सागर के सानिध्य में धार्मिक प्रवचन का आयोजन किया गया। उन्होने प्रवचन में कहा कि आत्मा को सच्चा स्वामी मानना ही आध्यात्मिक जीवन का मूल तत्व है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपने भीतर स्थित गुरु, भगवान और साधु की पहचान करता है, तभी वह वास्तविक आत्म-ज्ञान के मार्ग पर अग्रसर होता है।

मुनि ने कहा कि सच्चा गुरु और भगवान बाहर नहीं, बल्कि हमारी आत्मा ही है। बाहरी गुरु केवल मार्गदर्शन कर सकते हैं, परंतु मुक्ति का मार्ग व्यक्ति को स्वयं बनाना पड़ता है। जो व्यक्ति अपनी आत्मा को ही भगवान और गुरु के रूप में मान लेता है, वह बाहरी पूजा, अर्चना और दान की सीमाओं से ऊपर उठकर आत्मिक कल्याण की दिशा में अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि सच्चा भक्त केवल एक ही स्वामी का होता है। अनेक स्वामियों की भक्ति करने वाला व्यक्ति किसी का भी सच्चा भक्त नहीं रह पाता। जब मनुष्य धन को स्वामी मान लेता है, तब उसकी आत्मिक शक्ति क्षीण होने लगती है और लालच उसके जीवन पर अधिकार कर लेता है। लालच सभी पापों की जड़ है, जो मनुष्य को दूसरों की अधीनता में ले आता है। मुनि ने कहा कि यदि संस्कार अशुद्ध हों, तो पुण्यफल भी दुख का कारण बन सकता है, जैसे धन भी कभी-कभी दुख का कारण बन जाता है। आत्मा का सच्चा स्वामी बनने के लिए संकल्प की .ढ़ता आवश्यक है। संकल्प केवल कहना नहीं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी उसका पालन करना ही सच्ची परीक्षा है। कार्यक्रम के दौरान चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन रजनी जैन, प्रीति जैन, विजेता जैन, मनीषा जैन, सीमा जैन, अरुण जैन, सिद्धांत जैन आदि मौजूद रहे।










# श्याम बाबा परिवार में हुआ भजन कीर्तन

**शामली।** ओम बाबा श्याम परिवार शामली एवं मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सती वाला की ओर से चल रहे श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का देर रात्रि भजन कीर्तन के साथ समापन हो गया। इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया।

गत मंगलवार देर रात्रि ाहर के सती मंदिर में बाबा श्याम की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भजन कीर्तन के साथ समापन किया गया। इस दौरान विधि विधान और मंत्रोउच्चारण के साथ बाबा की मूर्ति विराजमान कराई गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी व पूर्व आईडी विजय गर्ग तथा सजिन जिंदल रहे। तत्पश्चात मंदिर परिसर में भजन कीर्तन हुआ जिसमें भजन गायक वृंदावन से खुश्बू राधा तथा कुरूक्षेत्र पेवा जतिन जिंदल ने बाबा श्याम के सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। मंदिर प्रांगण बाबा के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु नाचते झूमते दिखाई दिए। कार्यक्रम का समापन महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विकास गर्ग, सचिव मनीष तायल, कोषाध्यक्ष नितिन जिंदल, सती मंदिर के अध्यक्ष सचिन जिंदल, विकास गोयल, अखिल तायल, नीरज गोयल, प्रणव गुप्ता, नितिन तायल, सचिन तायल, श्रवण गोयल आदि रहे।

## विमर्श सागर महामुनिराज का जलालाबाद में मंगल प्रवेश



**जलालाबाद।** 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद जनपद शामली में परम पूज्य भावलिंगी संत श्रमणाचार्य विमर्श सागर महामुनि. राज संसघ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। बैंण्ड बाजो व भक्ति के सागर आचार्य विमर्श सागर का मंगल प्रवेश जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में हुआ। विमर्श सागर महाराज ने अतिशय कारी 1008 भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा के दर्शन किए। दर्शन करने के बाद महाराज ने अतिशय क्षेत्र में विराजमान भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा का अतिशय बताया। गुरुदेव के साथ दिल्ली , सहारनपुर, शामली, मु0नगर, बडौत, नानौता रामपुर से आए सैकडो भक्तो ने प्रभु के दर्शन किए। दर्शन करने के बाद आचार्य विमर्श सागर महाराज ने अहिंसा परमो धर्म के बारे में बताया। और कहा कि भगवान महावीर स्वामी के संदेशो पर चलो और सभी को जियो और जीने दो । नगर पंचायत जलालाबाद एवं पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। मंगल प्रवेश में तरुण कुमार जैन अध्यक्ष, सुशील कुमार जैन मंत्री, सतेंद्र कुमार जैन कोषाध्यक्ष,सतीस जैन, प0 सनत जैन, अपर्ण जैन, सचिन जैन, हर्ष जैन, अभिषेक जैन,ऋषभ जैन, रोबिन जैन, शुभम जैन, नवकार जैन, सव्य जैन, शुभव जैन, अनिल जैन, डॉ भूपेंद्र जैन कान्हा जैन युवी जैन संदीप कुमार आर्य, विनोद कुमार, मित्रपाल, राहुल जैन, विशाल जैन, प्रवीण सैनी व दूर दराज से आए जैन श्रावकगण रहे।

## तेज आवाज में गाने बजाने का विरोध करने पर चिकित्सक पर हमला

**कैराना।** तेज आवाज में गाने बजाने से मना करने पर दर्जी ने चिकित्सक को डंडे से हमला करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित चिकित्सक ने कोतवाली पुलिस से मामले की लिखित शिकायत की है। चिकित्सक पर हमले की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मोहल्ला सरावज्ञान निर्मल चौराहा निवासी डॉ। प्रदीप जैन ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि उसका क्लीनिक मोहल्ले में ही स्थित है, जिस पर वह और उसकी पत्नी बैठते है। क्लीनिक के पास में ही मोहल्ला अफगानान निवासी युवक ने सिलाई की दुकान कर रखी है। युवक अपनी दुकान में तेज आवाज में गाने बजाता है और मना करने के बावजूद भी नही मानता। बुधवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह और उसकी पत्नी क्लीनिक पर मरीजों की जांच करके दवाई लिख रहे थे। इसी बीच उसने एक मरीज की धड़कन चेक करनी चाही, लेकिन पड़ोसी युवक की दुकान में बज रहे गाने की तेज आवाज के चलते मरीज की धड़कन का पता नही चल पाया। उसने युवक को गाने की आवाज कम करने को कहा, जिस पर युवक आगबबूला होकर उस पर टूट पड़ा। आरोपी ने उसके साथ में गाली-गलौच करते हुए भयंकर मारपीट शुरू कर दी। आरोपी उसे जमीन पर गिराकर डंडे से मारपीट करने लगा, जिसमें वह लहूलुहान हो गया। आस-पास के लोगो व राहगीरों ने आरोपी से बामुश्किल उसे बचाया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चला गया। चिकित्सक का कहना है कि आरोपी युवक के हमले में उसे काफी चोट पहुंची है तथा उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। पीड़ित चिकित्सक ने आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है।

# सतलोक आश्रम में भक्ति, सेवा व समानता का अनूठा संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** संत रामपाल महाराज के सान्निध्य में सतलोक आश्रम वेदखेड़ी में आयोजित तीन दिवसीय श्दिव्य धर्म यज्ञ दिवस 2025श के दूसरे दिन भक्ति, सेवा और सामा. जिक सुधार के अद्भुत .श्य देखने को मिले। इस पवित्र समागम में देशभर से आए लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

यह पवित्र परंपरा लगभग 600 वर्ष पूर्व कबीर परमेश्वर द्वारा आरंभ की गई थी, जब उन्होंने केशव बंजारे के रूप में तीन दिनों तक 18 लाख साधु-संतों को भोजन कराया था। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए संत रामपाल महाराज ने इसे मानवता, समानता और भक्ति के व्यापक उत्सव के रूप में स्थापित किया है। इस वर्ष यह आयोजन 4 से 6 नवंबर तक चल रहा है।



समाज में फैली दहेज जैसी कुरी. ति के उन्मूलन के लिए आश्रम परिसर में आज 11 जोड़ों का दहेज-मुक्त सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। सभी विवाह संत रामपाल महाराज के आध्यात्मिक मार्गदर्शन में सादगीपूर्ण श्रमैणी विधिश से पूरे किए गए। इन विवाहों में न तो बैंड-बाजे का शोर था और न ही आतिशबाजी का दिखावा, बल्कि पूरा वातावरण भक्ति गीतों और सत साहेब के जयकारों से गूंज रहा था। इस अवसर पर रिकॉर्ड हुए प्रसारण पर संत रामपाल महाराज ने कहा सच्चा विवाह वही है जिसमें दिखावे और लोभ के बजाय सादगी और भक्ति का स्थान हो। जो विवाह दहेज रहित है, वही वास्तव में धार्मिक और मंगलकारी है। आश्रम में मानव सेवा के उद्देश्य से आयोजित रक्तदान शिविर में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दूसरे दिन कुल 60 श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर निस्वार्थ सेवा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अभियान को स्थानीय डॉक्टरों और आश्रम के सेवादारों की टीम ने सफलतापूर्वक संचालित किया।रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संत रामपाल महाराज ने कहा, ष्रक्तदान किसी धर्म, जाति या संप्रदाय से नहीं जुड़ाय यह तो शुद्ध रूप से मानवता की पूजा है। किसी के जीवन को बचाना, सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है।

यह समागम देशभर में फैले संत रामपाल महाराज के 13 सतलोक आश्रमोंकृजिनमें धनाना धाम, कुरुक्षेत्र, भिवानी, इंदौर, सितापुर और वेदखेड़ी जैसे प्रमुख केंद्रों में एक साथ मनाया जा रहा है। सभी स्थानों पर अखंड भंडारा, नि:शुल्क नामदीक्षा, रक्तदान शिविर और दहेज-मुक्त विवाह जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आश्रम प्रशासन ने हर संभव व्यवस्था की है पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग विश्राम पंडाल।शुद्ध पेयजल, स्नान और कपड़े धोने की उत्कृष्ट सुविधा।ठंड से बचाव के लिए कंबल और रजाई का प्रबंध।चौबीसों घंटे चलने वाला अखंड भंडारा।सुरक्षित जूता घर में टोकन प्रणाली।कई एकड़ में फैला विशाल पार्किंग क्षेत्र। दूसरे दिन भी सैकड़ों नए लोगों ने नि शुल्क नामदीक्षा ग्रहण की। बरवाला ढ्ढहरियाणाऋ से लाइव प्रसारित सत्संग में संत रामपाल महाराज ने समझाया, ष्दिव्य धर्म यज्ञ का अर्थ केवल अनाज की आहुति देना नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर के अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष को जलाने का पर्व है। जब मनुष्य अपने अंदर के विकारों का अंत करेगा, तभी सच्चे धर्म की स्थापना होगी। तीसरे और अंतिम दिन अखंड पाठ का समापन, एक विशेष सत्संग समारोह और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं में इस पवित्र उत्सव के समापन को लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है। दूसरे दिन का समापन एक भव्य सामूहिक आरती और भक्ति गीतों के साथ हुआ, जिसके बाद पूरा आश्रम परिसर ष्सत साहेबष के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर आश्रम के प्रवक्ता हृदेश दास ने कहा, ष्दिव्य धर्म यज्ञ दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह समाज में समानता, सेवा और सत्य ज्ञान के प्रसार का एक सशक्त अभियान है।

# परिवहन व पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध खनन में लगे दो डंपर सीज किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** अवैध खनन के खिलाफ अभियान के चलते सहायक संभागीय परिवहन विभाग एवं पुलिस की टीम ने चैकिंग के दौरान खेड़ामुगल में अवैध खनन (मिट्टी) से भरे दो ओवरलोड डंपरों को सीज किया।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वाणी विलास शुक्ला एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को खेड़ामुगल में वाहन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम को बिना नंबर प्लेट के अवैध खनन से भरे दो डंफर आते दिखाई दिए। टीम ने उन्हें रोकते हुए सीज करने की कार्रवाई की। एआरटीओ वाणी ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जिससे कि दुघर्टनाओं को रोका जा सके। उन्होंने वाहन मालिकों से अपील की कि वह अपने वाहनों के सभी दस्तावेज रखें और यातायात के नियमों का पालन करें।



# आवारा कुत्तों का आतंक: ग्रामीण पर हमला, घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** आवारा कुत्तो के आतंक से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में लोग आए दिन कुत्तो के हमलो से परेशान लोग भयभीत है। लेकिन पालिका प्रशासन के कानो पर जूं तक नहीं रींग रही है। क्षेत्र के परौली गांव में आवारा कुत्ते ने ग्रामीण पर हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया है। घायल को परि. जनों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

परौली गांव निवासी 30 वर्षीय मसरुफ बृहस्पतिवार की सवेरे गांव में स्थित दुकान से सामान लेने के लिए जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आए एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। शोर की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने बामुश्किल कुत्ते को खड़ेदा। बाद में परिजनों ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष से गांव में बढ़ रहे आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। यह पहला मौका नहीं हैं कि आवारा कुत्ते ने हमला कर ग्रामीण को घायल किया है। इससे पहले भी नगर में कई लोगो को आवारा कुत्तो ने निशाना बनाकर लोगो को घायल कर दिया है।

**परौली गांव में आवारा कुत्ते ने ग्रामीण पर हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया है। घायल को परिजनों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।**

# सड़क किनारे लगे कूड़े ढेर, पालिका अंजान, लोग परेशान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नगर में सफाई व्यवस्था सुचारू नहीं होने के कारण लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे लगे कूड़े के ढ़ेर से लोगों को आने-जाने में भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। नगर वासियों ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि नगर में सफाई व्यवस्था को सुचारू किया जाए ताकि लोग गंदगी से पैदा होने वाली बिमारियों से बच सकें।

नगर के मोहल्लो व सड़को के किनारे जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लगे रहने से आवारा कुत्ते खींचकर कूड़े को सड़क के बीच ले आते हैं। मोहल्लावासी रहमान, कुरबान, अकबर, फैसल आदि का कहना है कि कूड़ा डालने की उचित व्यवस्था न होने के कारण लोग सड़क किनारे घरों की गंदगी डालते हैं, जबकि यहां काफी संख्या में खाने के होटल हैं, जहां से काफी गंदगी सड़क किनारे डाली जाती है। उन्होंने पालिका प्रशासन से गंदगी से निजात दिलाने की मांग की है।

# पेट्रोल पम्पो पर पुलिस की सख्ती, हैलमेट नहीं तो तेल नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सड़क हादसों में हो रही घटनाओं को लेकर शासन प्रशासन लोगो को जागरूक करने का काम कर रही है। लेकिन लोग अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक नहीं हो रहे है। जिस कारण सड़क घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। इसी के चलते सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस चैकिंग अभियान चलाकर लोगो को जागरूक करने का काम कर रही है इसी तहत नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत बुधवार को पुलिस ने पेट्रोल पंपों पर सख्ती की। जिसके चलते बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल पंपों पर पहुंचे दुपहिया वाहन चालकों को तेल नहीं दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह ने पुलिस टीम के साथ पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर दुपिहया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए हेलमेट लगाने के प्रति जागरुक किया। उन्होंने बताया कि हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटना में सिर की चोट का खतरा 70 प्रतिशत तक कम हो जाता है।

# श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया गुरु नानक देव महाराज का प्रकाश पर्व

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** प्रथम पातशाह साहिब श्री गुरुनानक देव महाराज का प्रकाश पर्व बुधवार को श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। रागी जत्थों ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया।

गुरुद्वारा श्री गुरू नानक सभा में आयोजित कार्यक्रम में सोमवार से चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के बाद कीर्तन दरबार आयोजित किया गया, जिसमें गुरदयाल सिंह, अमनदीप सिंह, चरण सिंह नायब, दशमेश कीर्तनी जत्थे के चंद्रदीप सिंह, बलदीप सिंह, जितेश बतरा व चन्नी बेदी ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार व सचिव गुरजोत सेठी ने संगत का आभार व्यक्त करते हुए प्रकाश पर्व की बधाई दी। अरदास उपरांत गुरू का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने लंगर ग्रहण किया। गुरूद्वारा कमेटी की ओर से अखंड पाठ साहिब की सेवा लेने वाले अरविंदर सिंह कपूर को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुलभूषण छाबड़ा, अशोक साहनी, श्याम लाल अरोड़ा, सचिन छाबड़ा, श्याम लाल भारती, हर्ष भारती, अन्नू छाबड़ा, हरविंदर सिंह बेदी, परमजीत सिंह, सुखजिंदर सिंह, सतीश गिरधर, राजेश अजमानी, नवीन भसीन, शोभा सिंह मनचंदा, राजपाल सिंह, जसमीत सिंह, राजेश अजमानी, अनिल गाबा, कैप्टन कपूर, युवराज अरोड़ा, हर्ष नारंग आदि मौजूद रहे।





# साईबर ठगी का शिकार पीडित युवक की रकम कराई वापिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** साईबर ठगी के शिकार युवक की रक्म वापिस कराई जाने पर पीड़ित युवक ने साईबर सेल का आभार जताया।

पुलिस ने ऑनलाइन साइबर ठगी का शिकार रेलवे रोड निवासी शामिल के पुलिस ने 10 हजार रुपये वापस कराए हैं। गत सात अप्रैल को शामिल की ओर से ऑनलाइन ठगी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कार्रवाई करते हुए साइबर सेल ने उसकी रकम को होल्ड कराया था, जिसे शत-प्रतिशत शामिल के खाते में वापस कराई गई है। पीड़ित ने रकम वापस होने पर साइबर सेल का आभार जताया है।

# गंगा मेले का गजेन्द्र टिकैत ने किया शुभारंभ

**स्योहारा।** ग्राम किवाड़ में श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बन चुका एक दिवसीय गंगा स्नान मेला बड़ी धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। यह मेला सिंबल वाले बाबा के नाम से पिछले 24 वर्षों से लगातार लगता आ रहा है। मेले का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि गंगा स्नान केवल आस्था का प्रतीक नहीं बल्कि यह हमारे समाज की एकता और परंपरा का भी प्रतीक है। ऐसे मेले हमारी संस्कृति को जीवित रखते हैं और लोगों को एकजुट करने का कार्य करते हैं। चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत ने उपस्थित श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान यूनियन हमेशा किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज को बुलंद करती रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम किवाड़ जैसे आयोजनों से सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंबल वाले बाबा के दरबार में जो भी सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी हर मनो. कामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि हर वर्ष यह मेला आस्था का केंद्र बनता जा रहा है। इस अवसर पर आसपास के कई गांवों से भारी संख्या में लोग मेले में पहुंचे। भक्तों ने गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की और बाबा से आशीर्वाद लिया। पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। मेले में व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ग्राम प्रधान एवं प्रशास. निक अधिकारियों की देखरेख में आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस मौके पर जयवीर सिंह, अमित चौधरी, सोनू चौधरी, विनय त्यागी, राजेश सैनी, बंटी कुमार, योगेंद्र सिंह, गुड्डू प्रधान, फैयाजुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# भाजपाईयों ने गंगा मेले में लगाया कैंप

**स्योहारा।** नगर से ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित रामगंगा पुल पर लगने वाले गंगा स्नान मेले के अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जलपान कैंप लगाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि गंगा स्नान आस्था का पर्व है, जिसमें प्रशासन और समाज के सहयोग से श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं विधायक पुत्र प्रियंकर राणा ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सेवा और धार्मिक आयोजनों के सम्मान के लिए सदैव तत्पर है। भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और गंगा स्नान जैसे आयोजनों में सेवा कर पवित्र भाव से श्रद्धालुओं का स्वागत करना गौरव की बात है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, डा. दीप सौरभ, मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार राणा, मंडल मंत्री अमित कुमार वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, विपिन शर्मा, मनोज कुमार, सुरेंद्र सैनी, डायरेक्टर दिनेश कुमार, मंडल मंत्री दीपांशु, विजय पाल, शरणजीत जोशी, सेवक वाल्मीकि, मदनपाल चौहान, कोषाध्यक्ष संजीत कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा से अकरम अल्वी, हाजी इंतजार अहमद, मंडल महामंत्री सुरेश तोमर, करण सिंह, रोहिताश सिंह, हरिओम, परमवीर यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष डा. नेपाल सिंह, सेक्टर संयोजक मनुज वर्मा, बूथ अध्यक्ष करण सिंह एवं उनकी समिति सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व समाजसेवी समाजसेवी कनिष्क वर्मा, निखिल वर्मा, पं राजेंद्र शास्त्री, हेमंत वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, अक्षय वर्मा, सोनू वर्मा, मोहित वर्मा, शोभित वर्मा, विवेक वर्मा, अंशुल वर्मा, हरीश अरोड़ा, कृष्ण अरोड़ा, सुभान भाई, मौ. अहमद भाई विपिन मिगलानी सलमान भाई महेंद्र सिंह सैनी कुश कुमार दीपांशु चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

## दोनों बदमाश घायल अवस्था में गिरफ्तार, तमंचे व लूटा गया सामान बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**झालू।** थाना हल्दौर पुलिस ने महिला से लूटपाट करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों लुटेरों को पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगी है। बदमाशों के पास से महिला के गहने, मोबाइल, अवैध तमंचे और घटना में प्रयुक्त टैम्पो बरामद किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शोभा वाल्मीकि पत्नी रोहताश निवासी ग्राम हुसमापुर, थाना नौगांवा सादात, जनपद अमरोहा अपने दो बच्चों के साथ देहरादून से बिजनौर आई थी। रोडवेज बस स्टैंड पर चांदपुर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थीं। इस दौरान दो अज्ञात टैम्पो सवार युवकों ने उन्हें चांदपुर ले जाने के बहाने अपने वाहन में बैठा लिया।

दोनों टैम्पो सवार युवक महिला को बरूकी नहर खारी के पास सुनसान स्थान पर ले गए और डरा-धमकाकर उसके गहने, 300-400 रुपए नकद और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। महिला की शिकायत पर थाना हल्दौर पुलिस ने तत्काल मुकदमा अपराध संख्या 254/2025 धारा 309(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में टीम गठित की। अगले दिन, पांच नवंबर 2025, थाना हल्दौर पुलिस को सूचना मिली कि लूटपाट करने वाले दोनों आरोपी कस्बा झालू से नवादा-मुकरदपुर नहर पटरी से बिजनौर-नूरपुर रोड की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने नहर पटरी पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। तभी सामने से एक हरे रंग का बजाज मैक्सिमा सीएनजी टैम्पो (यूपी 20 सीटी 0963) आता दिखाई दिया।

पुलिस को देखकर टैम्पो सवारों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी। उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राजीव पुत्र दीवान सिंह, निवासी ग्राम छितावर, थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर। अश्वनी शर्मा पुत्र जयकिशन शर्मा, निवासी ग्राम ढांकी हुसैनपुर, थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर। दोनों के कब्जे से बरामद एक अंगूठी (पीली धातु), एक जोड़ी बाली (पीली धातु), एक मंगलसूत्र (पीली धातु), एक मोबा. इल फोन (रियलमी कंपनी का), दो अवैध तमंचे 315 बोर, जिन्दा व खोखा कारतूस सहित, बजाज मैक्सिमा सीएनजी टैम्पो नंबर यूपी 20 सीटी 0963, दोनों आरोपी लूट की नीयत से टैम्पो चलाते थे। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि व जीविकोपार्जन के नाम पर टैम्पो चलाते थे, लेकिन सवारी के रूप में भोले-भाले लोगों को बैठाकर सुनसान जगहों पर ले जाकर लूटपाट करते थे।

महिला से लूटे गए गहने और मोबाइल को वह बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। इस घटनाक्रम में थाना हल्दौर पुलिस की सराहनीय भूमिका रही। जिसमें थाना प्रभारी संजय कुमार, थाना हल्दौर, प्रभारी सर्विलांस/स्वाट सेल टीम, जनपद बिजनौर, पुलिस अधीक्षक ने हल्दौर पुलिस टीम की तत्परता, सक्रियता और बहादुरी की सराहना की है।





# सर्राफ को ठगने की कोशिश

**चारों ठगों से पूछताछ कर रही पुलिस**

**किरतपुर।** एक सर्राफा की दुकान पर एक महिला समेत चार लोगों ने फर्जी लूट का ड्रामा रचकर दुकानदार को ठगने की कोशिश की। लेकिन पुलिस की सजगता से चारों लोगों पकड़े गए। पुलिस चारों ठगों से पूछताछ कर रही है।

मंगलवार को एक सर्राफा की दुकान पर पहले एक महिला और पुरुष पहुंचे और दो सोने की चुड़ियों का वजन कराकर भाव पूछने लगे। इतनी देर में दो युवक और दुकान पर आएं और चालाकी दिखाते हुए सोने की चुड़ियों को लूट कर फरार हो गए। चूड़ी लाने वाले महिला पुरुष ने दुकानदार पर ही चूड़ी लूटवाने का आरोप लगाते हुए ड्रामा शुरू कर दिया। दुकानदार ने तुरंत पुलिस बुला ली। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो महिला समेत चारों लोग साथ साथ नजर आए। पुलिस दुकानदार पर लूट का आरोप लगाने वाले व्यक्ति को थाने ले गई। जिसके बाद महिला समेत चारों दो अन्य युवक भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस चारों से पूछताछ कर रही है।

# पीड़ित सीधे आकर मिले : थाना प्रभारी

**नूरपुर।** नवनियुक्त थाना प्रभारी विकास कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पीड़ित व्यक्ति सीधा मुझसे आकर मुलाकात कर अपनी समस्या को बता सकता है। किसी भी दलाल को लाने की जरूरत नहीं। उनकी समस्या को गंभीरता के साथ हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चोर उचक्के बदमाश क्षेत्र में अपराध करना छोड़ दें। वरना चोर, उचक्के व बदमाश को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। चाहे अपराधी कितना बड़ा क्यों न हो। कोई भी कानून से खिलवाड़ न करें। उन्होंने कहा कि सभी धर्मो के सम्मानित व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा।

**सूचना**

मैंने अपना नाम JAINAB KHATUN से बदलकर ZAINAB KHATOON रख लिया है अब भविष्य में मुझे ZAINAB KHATOON नाम से ही जाना जाये।

ZAINAB KHATOON W/O FAKHRUL ISLAM R/O 201/2 AZMI APARTMENT GULISTAN E KHALID NEAR DARUL ULOOM WAQF DEOBAND SAHARANPUR, U.P.

# आहार एवं पोषण जागरूकता विषय पर प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** मौलाना मोहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में आहार एवं पोषण जागरूकता विषय पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने नॉन फ्लेम कुकिंग,पोस्टर मेकिंग तथा कोलाज प्रतियोगिता में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी कालरा (नगीना विधानसभा प्रभारी, बीजेपी शोध प्रमुख) एवं श्रीमती मरियम खान (मैनेजर, मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल) ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने की, जबकि संचालन डा. शमशाद हुसैन ने किया। अपने संबोधन में मौहम्मद साईम राजा ने छात्रों की शिक्षित और व्यवहारिक बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए, किरतपुर क्षेत्र में शिक्षा के विस्तार के लिए राजा गजंफर अली खान मरहूम के योगदान को याद किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी कालरा ने कहा कि जीवन में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए, लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखो और आलोचकों की परवाह किए बिना मेहनत करते रहो। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए व्यंजनों की सराहना की। वहीं श्रीमती मरियम खान ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुस्लिम फंड बसी किरतपुर के सेक्रेटरी मुंशी हसीनुद्दीन तथा वजातुल्लाह खान ने भी छात्र-छात्राओं को मुबारकबाद पेश की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डा. मोहित बंसल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में नॉन फ्लेम कुकिंग में प्रथम सदफ नाज, द्वितीय नाजरीन, तृतीय सानिया परवीन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम सुब्हानी, द्वितीय शिफा मुस्तकीम, तृतीय अलीशा खुर्शीद तथा कोलाज प्रतियोगिता में प्रथम नाजिया, द्वितीय शिफा मुस्तकीम, तृतीय सूफिया परवीन रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. बेगराज यादव, डा. अनुज कुमार राजपूत, डा. चारु बंसल, निखिल भटनागर, दानिश परवेज, डा. अजय कुमार राणा, सायमा, उजमा, आसमा, बैतूल निशा, अल्फिया, नशरा, मौहम्मद निशात सोहेल, वीरेंद्र, ईरम एवं ऐमन का विशेष योगदान रहा।



छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी

# गंगा स्नान मेले में लिखे पोस्ट कार्ड

**नांगल सोती।** गंगा स्नान मेले में गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर खूब पोस्ट कार्ड लिखे गए। बिजनौर वासियों की यह मांग अब धीरे धीरे जनांदोलन का रूप ले रही है। सभी इस एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर प्रयासरत दिखाई दे रहे है। बिजनौर की धरती से गंगा एक्सप्रेसवे निकाले जाने की मांग को लेकर सामाजिक संगठन, राजनैतिक दल, व्यापारिक संगठन, किसान संगठन, छात्र संगठन, बार संगठन अपने अपने तरीके से सरकार से मांग कर रहे है। वहीं भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के वरिष्ठ नेता दिगम्बर सिंह के आह्वान पर गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर बीते एक माह से लगातार किसान, नेता, छात्र, ग्रामीण, व्यापारी पोस्ट कार्ड पर एक्सप्रेसवे की मांग लिखकर मुख्य मंत्री के नाम भेज रहे है। जानकारी के अनुसार अब तक एक लाख से अधिक पोस्ट कार्ड भेजे जा चुके है। मुख्यमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड लिखने का यह सिलसिला अब जनांदोलन बन चुका है। गांव से लेकर शहर तक हर व्यक्ति पोस्ट कार्ड लिखने के लिए लालायित दिखाई दे रहा है।

**कार्यालय:- ग्राम पंचायत कुतुबखेड़ी, वि०ख० गंगौह**

पत्रांक:- मीमो/ ग्राम पंचायत/ निविदा/2025-26 दिनांक- 01.11.2025

**-: अति अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

समस्त शासकीय पंजीकृत निर्माण ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुतुबखेड़ी, विकास खण्ड गंगोह में 15वा वित्त/राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने प्रस्तावित है, जिसके लिये अल्पकालीन निविदायें दिनांक 08.11.2025 की अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.11.2025 की अपरान्ह 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। सम्बन्धित निविदादाता को निविदा के साथ कार्य की अनुमानित लागत के 2 प्रतिशत की दर से जमानत राशि एफ0डी0आर0, जो ग्राम पंचायत अधिकारी कुतुबखेड़ी के नाम से बन्धक हो, के रूप में जमा करानी होगी। कार्यो के नियम एवं शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर देखी जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 08.11.2025 की अपरान्ह 04:00 बजे उक्त कार्य हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य का माप | योजना का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+जी. एस.टी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शमशान घाट में मिट्टी भराव कार्य | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 141952 | 2800 | 300 | 3 माह |

**ग्राम प्रधान कुतुबखेड़ी** **ग्राम सचिव कुतुबखेड़ी**

# गुरु नानक जयंती पर प्रभातफेरी निकाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**नूरपुर।** गुरु नानक जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें सिख संगत ने गुरु वाणी कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण किया। इस जुलूस का नेतृत्व निशांत साहब ने किया और श्रद्धालु गुरु नानक देव की झांकी के साथ वाहेगुरु सतनाम के जयकारे लगा रहे थे। इस दौरान गुरुवाणी का गायन हुआ और भक्तों ने उत्साह से भाग लिया। प्रभात फेरी की शुरुआत गुरुद्वारा परिसर में अरदास के बाद हुई। पंज प्यारे (सिख धर्म के पांच प्रियजन) ने प्रभात फेरी का नेतृत्व किया। उनके पीछे संगत निशान साहिब लहराते हुए चल रही थी। संगीत और जय कारे ढोल मंजीरा की धुन पर वाहेगुरु सतनाम और अन्य शब्दों के जय कारे लगाए गए। प्रभात फेरी का स्वागत विभिन्न समाजों और परिवारों द्वारा अपने निवास पर पुष्प वर्षा और जलपान से किया गया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा परिसर में अरदास और प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुई। जयंती के अवसर पर गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन दरबार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**कार्यालय:- ग्राम पंचायत मोहड़ा, वि०ख० गंगौह**

पत्रांक:- मीमो/ ग्राम पंचायत/ निविदा/2025-26 दिनांक- 01.11.2025

**-: अति अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

समस्त शासकीय पंजीकृत निर्माण ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहड़ा, विकास खण्ड गंगोह में 15वा वित्त/राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने प्रस्तावित है, जिसके लिये अल्पकालीन निविदायें दिनांक 08.11.2025 की अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.11.2025 की अपरान्ह 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। सम्बन्धित निविदादाता को निविदा के साथ कार्य की अनुमानित लागत के 2 प्रतिशत की दर से जमानत राशि एफ0डी0आर0, जो ग्राम पंचायत अधिकारी मोहड़ा के नाम से बन्धक हो, के रूप में जमा करानी होगी। कार्यो के नियम एवं शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर देखी जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 08.11.2025 की अपरान्ह 04:00 बजे उक्त कार्य हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य का माप | योजना का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+जी. एस.टी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्व मा0 वि0 मोहड़ा कन्या में कक्षो का फर्श टाईल निर्माण कार्य | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 120851 | 2400 | 300 | 3 माह |

**ग्राम प्रधान मोहड़ा** **ग्राम सचिव मोहड़ा**

**कार्यालय:- ग्राम पंचायत बोडपुर, वि०ख० गंगौह**

पत्रांक:- मीमो/ ग्राम पंचायत/ निविदा/2025-26 दिनांक- 01.11.2025

**-: अति अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

समस्त शासकीय पंजीकृत निर्माण ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बोडपुर, विकास खण्ड गंगोह में 15वा वित्त/राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने प्रस्तावित है, जिसके लिये अल्पकालीन निविदायें दिनांक 08.11.2025 की अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.11.2025 की अपरान्ह 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। सम्बन्धित निविदादाता को निविदा के साथ कार्य की अनुमानित लागत के 2 प्रतिशत की दर से जमानत राशि एफ0डी0आर0, जो ग्राम पंचायत अधिकारी बोडपुर के नाम से बन्धक हो, के रूप में जमा करानी होगी। कार्यो के नियम एवं शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर देखी जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 08.11.2025 की अपरान्ह 04:00 बजे उक्त कार्य हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य का माप | योजना का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+जी. एस.टी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रकमुद्दीन के मकान से इरशाद के मकान तक इन्टरलोक निर्माण | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 240067 | 4800 | 300 | 3 माह |

**ग्राम प्रधान बोडपुर** **ग्राम सचिव बोडपुर**

# भारत की नजरें सीरीज में बढ़त बनाने पर

● टीम इंडिया सीरीज के चौथे टी-20 मैच में प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाने को आत्मविश्वास से भरी हुई है

**क्वींसलैंड, वार्ता।** भारत गुरुवार को कैरारा ओवल में सीरीज के चौथे टी-20 मैच में प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाने के इरादे से आत्मविश्वास से भरा हुआ है। ट्रैविस हेड के एशेज सीरीज के लिए स्वदेश लौटने के साथ, ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल का सामना करना पड़ेगा, जिससे भारत को अपनी बढ़त का फायदा उठाने और कड़े मुकाबले वाली सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने का सुनहरा मौका मिलेगा। शुभमन गिल और निडर अभिषेक शर्मा की अगुवाई में भारत का शीर्ष क्रम लगातार लय बना रहा है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा बीच के ओवरों में अपनी आक्रामकता और आक्रामकता दिखाते हैं, जो मुश्किल परिस्थितियों को भारत के पक्ष में मोड़ने में सक्षम हैं। भारत की बल्लेबाजी में गहराई - जिसमें जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे या रिकू सिंह शामिल हैं - यह सुनिश्चित करती है कि पूरी पारी में दबाव बनाए रखा जा सके, एक ऐसा कारक जो थोड़े अस्थिर ऑस्ट्रेलियाई लाइनअप के खिलाफ निर्णायक साबित हो सकता है। गेंदबाजी आक्रमण भी उतना ही संतुलित है। जसप्रीत बुमराह भारत के अगुआ बने हुए हैं, जबकि अर्शदीप सिंह दूसरे छोर पर गति और नियंत्रण प्रदान करते हैं। वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी मैच आगे बढ़ने के साथ कैरारा की सूक्ष्म स्पिन का पूरा फायदा उठाने के लिए उपयुक्त है, और बीच के ओवरों में विकेट लेने की उनकी क्षमता खेल का रुख बदल सकती है। हेड की अनुपस्थिति के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया मिशेल मार्श, टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस और चंचल ग्लेन मैक्सवेल की आक्रामक बल्लेबाजी पर काफी हद तक निर्भर करेगा। नाथन एलिस और मैथ्यू कुहनेमैन भारत की रन गति पर अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि बेन ड्वारशुइस और जेवियर बार्टलेट तेज गेंदबाजी में गहराई लाएंगे। मेजबान टीम को नियंत्रण हासिल करने के लिए सामूहिक प्रदर्शन की आवश्यकता होगी, खासकर उस सतह पर जो ऐतिहासिक रूप से लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के अनुकूल रही है, जहां लगभग 180-190 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर है। टॉस निर्णायक भूमिका निभा सकता है, क्योंकि टीमें पहले गेंदबाजी करने की संभावना रखती हैं, जिससे कैरारा ओवल की शुरुआती सीम मूवमेंट और बाद के चरणों में स्पिनरों की क्षमता का फायदा उठाया जा सकता है। एक रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है, जहां गति में बदलाव, तेज पारी और रणनीतिक गेंदबाजी बदलाव परिणाम तय कर सकते हैं। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ, भारत को बढ़त हासिल करने का एक अच्छा मौका दिख रहा है, जबकि ऑस्ट्रेलिया को अपनी उम्मीदों को बनाए रखने के लिए फिर से संगठित होकर पलटवार करना होगा। चौथा टी-20 मैच गुरुवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:45 बजे शुरू होगा, जिससे प्रशंसकों को तीव्रता, नाटकीयता और क्रिकेट की चमक से भरपूर एक रोमांचक मुकाबले का वादा किया जा सकता है।

टीमें : ऑस्ट्रेलिया: टिम डेविड, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल मार्श (कप्तान), मिशेल ओवेन, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), जोश फिलिप (विकेटकीपर), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुहनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, एडम जम्पा, तनवीर संघा, महली बियर्डमैन

भारत: सूर्या (कप्तान), गिल, तिलक, रिकू, अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी

# द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान

● पंत की टीम में वापसी हुई है जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं

**मुंबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। ऋषभ पंत की टीम में वापसी हुई है, जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। पंत को उपकप्तान की भूमिका मिली है, जबकि शुभमन गिल टीम की अगुआई करेंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 14 नवम्बर से होगी। टीम में ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम का हिस्सा रहे थे। करुण नायर की एक बार फिर अनदेखी हुई है। वह हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में दिखे हैं। वहीं, टीम की ओपनिंग की जिम्मेदारी एक बार फिर यशस्वी और राहुल पर ही होगी। सुदर्शन नंबर तीन की भूमिका निभाएंगे। वहीं, नंबर तीन पर सुदर्शन और नंबर चार पर देवदत्त पडिक्कल या ध्रुव जुरेल में से किसी एक को मौका मिल सकता है। अक्षर, कुलदीप, सुदंर और जडेजा के रूप में टीम में चार स्पिनर हैं, जबकि बुमराह, सिराज और आकाश के रूप में तीन पेसर हैं। नीतीश पेस बॉलिंग ऑलराउंडर के तौर पर टीम में हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच 14 नवम्बर से कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवम्बर से गुवाहाटी में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 30 नवम्बर से छह दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, फिर नौ दिसंबर से 19 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। भारत की टेस्ट टीमरू शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर, उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेढी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, आकाश दीप।

भारत-ए टीम भी घोषित-इसके अलावा चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी भारत-ए टीम घोषित की। टीम की कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उपकप्तान हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय खिलाड़ियों ने किया बैटिंग और बॉलिंग का अभ्यास

**करारा, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रही पांच टी-20 मैचों की सीरीज के चौथे मुकाबले से एक दिन पहले बुधवार को भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जमकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी अभ्यास किया। यहां मैच से एक दिन पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और सहयोगी सदस्यों के संरक्षण में अभ्यास सत्र के दौरान तेज गेंदबाज, जसप्रीत बुमराह और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने अभ्यास किया। इसके साथ ही पिछले दो मुकाबलों बड़ा स्कोर करने में विफल रहे शुभमन गिल और तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी का जमकर अभ्यास करते देखे गए। भारतीय टीम पिछले मैच में मिली जीत से उत्साहित है और वह कल होने वाले मैच में जीत हासिल कर सीरीज में बढ़त के इरादे से मैदान में उतरेगी।

### एशेज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में लाबुशेन की वापसी

मेलबर्न, वार्ता। जेक वेदरल्ड को पर्थ में खेले जाने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है, जबकि मार्नस लाबुशेन को टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है। वेदरल्ड के अलावा, मेजबान टीम ने दो अन्य अनकैप्ड खिलाड़ियों - सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट - को भी टीम में शामिल किया है। 31 वर्षीय वेदरल्ड को पिछले सीजन में शेफ़ील्ड शील्ड में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में शामिल किया गया है, जहां उन्होंने तस्मानिया के लिए 18 पारियों में 50-33 की औसत से 906 रन बनाए थे। सैम कोंस्टास के टीम से बाहर होने के बाद, वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलिया की पहली टेस्ट टीम: स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, बोलैंड, कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, ग्रीन, हेजलवुड, ट्रैविस हेड, इंगलिस, उस्मान,लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल स्टार्क

# रोहित-कोहली का द. अफ्रीका 'ए' के खिलाफ खेलना लगभग असंभव




● चयनकर्ताओं के पास इन तीन मैचों के लिए कुछ योजनाएं है और इन मैचों के लिए दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में जगह मिलना मुश्किल है

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के दक्षिण अफ्रीका ए टीम के भारत दौरे पर आने वाली तीन मैचों की सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने की संभावना नहीं है।

भारत ए टीम 13, 16 और 19 नवम्बर को राजकोट में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी - सभी दिन/रात के मैच-लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में केवल एकदिवसीय प्रारूप में खेलने वाले इन दो वरिष्ठ क्रिकेटरों के टीम में शामिल होने की संभावना नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एक-दो दिन में भारत ए टीम की घोषणा कर सकता है, लेकिन पता चला है कि चयनकर्ताओं के पास इन तीन मैचों के लिए कुछ योजनाएं हैं और इन मैचों के लिए इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने की संभावना नहीं है। रोहित और विराट, जिन्होंने सभी प्रारूपों में भारत का नेतृत्व किया, ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में तीन एकदिवसीय मैच खेले और दोनों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रोहित, वास्तव में, मैन ऑफ द सीरीज रहे, लेकिन उन्हें लय में आने के लिए दो या तीन मैचों की आवश्यकता थी। पहले मैच में असफल रहने के बाद, रोहित ने 73 और नाबाद 121 रनों की पारी खेलकर मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार अपने नाम किया, जबकि विराट ने पहले दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद तीसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया (नाबाद 74)। अगर दोनों ऑस्ट्रेलिया में इतने प्रभावशाली नहीं होते तो स्थिति अलग हो सकती थी। वर्तमान में भारत ए की एक टीम बेंगलुरु के सीओई में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो मैचों की लाल गेंद की श्रृंखला खेल रही है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली भारत ए ने 2 नवम्बर को समाप्त हुए पहले चार दिवसीय मैच में जीत हासिल की। दूसरा मैच गुरुवार (6 नवम्बर) से शुरू होगा। भारतीय चयनकर्ता जल्द ही टेम्बा बावुमा की टीम के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा करने के लिए बैठक करेंगे और इसी बैठक में भारत ए टीम का भी चयन हो सकता है। टेस्ट टीम की बात करें तो हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने वाली टीम में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है।

## रोमांचक मुकाबले में एटलेटिको मैड्रिड ने यूनियन एसजी को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** एटलेटिको मैड्रिड ने चैंपियंस लीग के रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम की टीम यूनियन सेंट-गिलोइस को 3-1 से हराया।

एटलेटिको के लिए जूलियन अल्वारेज ने मंगलवार रात खेले गए मुकाबले में 39वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में एंटोनी ग्रिजमैन का एक गोल रद्द कर दिया गया, जब नहुएल मोलिना ने क्रॉसबार पर शॉट मारा था और ग्रिजमैन ने स्लाइड करके गोल करने का प्रयास किया।

लेकिन कॉनर गैलाघर ने 78वें मिनट में एटलेटिको की बढ़त को दोगुना कर दिया। एटलेटिको आरामदायक बढ़त पर था, लेकिन यूनियन एसजी के खिलाड़ियों ने कभी हार नहीं मानी और रॉस साइक्स ने एक जोरदार हेडर से उन्हें मैच में वापस ला दिया। यूनियन एसजी के गोलकीपर केजेल शेर्पेन ने शानदार शानदार बचाव करते हुए अल्वारेज को दूसरा गोल करने से रोक दिया। मार्कोस लोरेंटे ने इंजरी टाइम के आखिरी मिनट में एक आसान फिनिश के साथ एटलेटिको का तीसरा गोल किया।

# सबालेंका ने दूसरी जीत दर्ज की



● सबालेंका ने जेसिका पेगुला को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 3-6 वह 6-3 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की

**रियाद, वार्ता।** बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने महिला टेनिस एसोसिएशन (डब्ल्यूटीए) फाइनल्स के ग्रुप स्तर पर अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 2-6, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत में जोरदार ग्राउंडस्ट्रोक खेले, पहले तीन गेम ड्यूस तक ले गए और दोनों ने अपनी सर्विस बचाई। सबालेंका ने 5-2 की बढ़त के लिए पहला ब्रेक हासिल किया। पेगुला ने एक सेट पॉइंट बचाया और अंतर को 4-5 कर दिया, लेकिन सबालेंका ने फिर से ब्रेक लेकर सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। पेगुला ने दूसरे सेट में अपना लेवल बढ़ाया, दो बार ब्रेक किया और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाकर सेट 6-2 से जीत लिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में पहले ब्रेक लेकर 2-1 की बढ़त बनाई, लेकिन दुनिया की नंबर वन खिलाड़ी ने लगातार चार गेम जीतकर 6-3 से जीत हासिल कर ली।

दिन के एक अन्य एकल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन अमेरिका की कोको गॉफ ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराया।

## मेरा इंडियन हेवन प्रीमियर लीग से कोई लेना-देना नहीं : खन्ना

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना ने स्पष्ट किया है कि उनका इंडियन हेवन प्रीमियर लीग से कोई लेना-देना नहीं है। खन्ना ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि मीडिया में यह खबर आई है कि इंडियन हेवन प्रीमियर लीग को उसके मालिकों और आयोजकों ने उन कारणों से रद्द कर दिया है जो उन्हें ही पता हैं।

इस संदर्भ में, यह स्पष्ट करना जरूरी है कि मेरा इस लीग से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक हमारी जानकारी और विश्वास है, लीग का स्वामित्व और संचालन पूरी तरह से युवा सोसाइटी के पास है। मैं न तो इसका सदस्य हूं, न ही कार्यवाहक या पदाधिकारी, और न ही मैं किसी भी तरह से उक्त सोसाइटी से जुड़ा हूं। सुरेन्द्र खन्ना का लीग से कोई भी संबंध नहीं है - भूतकाल, वर्तमान या भविष्यकाल में - और उन्हें एक अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। वे किसी भी तरह से लीग की योजना, वित्तीय व्यवस्था, प्रशासन, व्यवस्था, संगठन या निरंतरता से जुड़े नहीं हैं और न ही कभी रहे हैं। साथ ही, खन्ना का इस लीग से कोई वित्तीय हित नहीं था और वे किसी भी लाभ के हकदार नहीं थे, वे केवल एक अतिथि थे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि लीग के निर्माण, संचालन और समाप्ति से संबंधित सभी निर्णय विशेष रूप से युवा सोसाइटी और उसके आयोजकों के पास हैं।

## ओलंपिक भारोत्तोलन वर्ग में बदलाव के बाद मीराबाई अपना वर्ग बदलने को तैयार

● लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में भारोत्तोलन के लिए महिलाओं की न्यूनतम श्रेणी अब 53 किग्रा होगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा सोमवार को घोषित लॉस एंजेलिस 2028 के लिए ओलंपिक भार वर्गों के पुनर्गठन के बाद भारतीय स्टार मीराबाई चानू को एक वर्ग ऊपर जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। टोक्यो 2020 में महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने वाली और पेरिस 2024 में इसी वर्ग में चौथे स्थान पर रहने वाली मीराबाई चानू अब लॉस एंजेलिस में इस वर्ग में भाग नहीं ले पाएंगी। लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में भारोत्तोलन के लिए महिलाओं की न्यूनतम श्रेणी अब 53 किग्रा होगी। आईडब्ल्यूएफ ने लॉस एंजेलिस 2028 में 12 नए वर्गों की पुष्टि की है। पुरुषों और महिलाओं के लिए छह-छह। पेरिस 2024 में प्रत्येक लिंग के लिए पांच वर्ग थे।

लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक भारोत्तोलन भार वर्ग

पुरुष: 65 किग्रा, 75 किग्रा, 85 किग्रा, 95 किग्रा, 110 किग्रा, 110 किग्रा

महिला: 53 किग्रा, 61 किग्रा, 69 किग्रा, 77 किग्रा, 86 किग्रा, 86 किग्रा

पेरिस 2024 में, पुरुषों के लिए 61 किग्रा, 73 किग्रा, 89 किग्रा, 102 किग्रा और 102 किग्रा और महिलाओं के लिए 49 किग्रा, 59 किग्रा, 71 किग्रा, 81 किग्रा और 81 किग्रा थे। आईडब्ल्यूएफ ने अब एक साल से भी कम समय में दो बार भार वर्ग बदले हैं। इस साल की शुरुआत में, आईडब्ल्यूएफ द्वारा ओलंपिक कार्यक्रम से 49 किग्रा वर्ग को हटाने के बाद, चानू 48 किग्रा वर्ग में आ गईं। 49 किग्रा वर्ग को तब से आईडब्ल्यूएफ के विश्व चैंपियनशिप जैसे आयोजनों में बहाल कर दिया गया है, लेकिन इसे ओलंपिक में शामिल नहीं किया जाएगा। मीराबाई चानू की सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां - जिनमें तीन विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप पदक और तीन राष्ट्रमंडल खेल पदक शामिल हैं - 50 किग्रा से कम भार वर्ग में ही आई हैं। हालांकि, भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि यह बदलाव मीराबाई के पक्ष में काम कर सकता है। शर्मा ने कहा कि यह (49 किग्रा हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है ।

# पाकिस्तान ने द. अफ्रीका को हराया



● नसीम शाह और अबरार ने 3-3 विकेट हासिल किए, आगा सलमान ने 62 और रिजवान ने 55 रनों की पारी खेली

**फैसलाबाद, वार्ता।** नसीम शाह और अबरार अहमद (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद आगा सलमान (62) और मोहम्मद रिजवान (55) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को पहले एकदिवसीय मुकाबले में दो गेंदे शेष रहते दो विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। पाकिस्तान ने मंगलवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को लुआन-द्रे प्रेटोरियस और क्विंटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 98 रन जोड़े। 16वें ओवर में सैम अयूब ने लुआन-द्रे प्रेटोरियस (57) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 25वें ओवर में नसीम शाह ने क्विंटन डी कॉक (63) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते रहे। पाकिस्तनी गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका को 49-1 ओवर में 263 के स्कोर पर रोक दिया। टोनी डीजॉर्जी (18), सिनेतेम्बा केशिले (22), कप्तान मैथ्यू ब्रीत्जके (42) और कॉर्बिन बॉश ने 41 रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह और अबरार अहमद ने तीन-तीन विकेट लिए। सैम अयूब को दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए फखर जमान और सैम अयूब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़कर मजबूत शुरुआत की। डॉनोवन फरेरा ने सैम अयूब (39) को आउटकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद उन्होंने फखर (45) को भी अपना शिकार बना लिया। तीसरे विकेट के रूप में बाबर (सात) को ब्योर्न फ़ोर्टेन ने पगबाधा आउट किया। अफ्रीकी गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में मेजबान टीम को रोकने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन रिजवान ने 55 रन बनाकर बीच के ओवरों में अपनी टीम को शांत रखा।

# स्टालिन ने पुरुष जूनियर विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण किया

● हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा



**चेन्नई, वार्ता।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम-के- स्टालिन ने आज एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की ट्रॉफी का अनावरण किया। हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा। स्टालिन ने राज्य सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में चमचमाती ट्रॉफी और टूर्नामेंट के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी उपस्थित थे, जिनके पास खेल विकास एवं युवा कल्याण विभाग का प्रभार भी है और तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) और हॉकी इंडिया के अधिकारी भी मौजूद थे।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं तमिलनाडु हॉकी इकाई के अध्यक्ष शेखर जे- मनोहरन भी उपस्थित थे। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025, 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार होगा जब इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी। मेजबान देश भारत ने 2001 और 2016 में दो बार यह टूर्नामेंट जीता है और वह तीसरी बार अपनी धरती पर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद करेगा। भारत को ओमान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।

## आयरलैंड सीरीज के बाद सलाहुद्दीन सहायक कोच का पद छोड़ेंगे

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के बाद अपने पद से हटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 5 नवम्बर को बीसीबी में शामिल हुए सलाहुद्दीन का 2027 विश्व कप तक का अनुबंध था, लेकिन राष्ट्रीय टीम के साथ एक साल पूरा करने के बाद उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ने का फैसला किया है। क्रिकबज को पता चला है कि उन्होंने बोर्ड को अपना इस्तीफा भेज दिया है क्योंकि उन्हें अपनी भूमिका पसंद नहीं आ रही है, और देश के प्रमुख स्थानीय कोच ने इस बात को स्वीकार किया है। सलाहुद्दीन ने मंगलवार को क्रिकबज से कहा कि हां, मैं इस्तीफ़ा दे रहा हूं। उन्होंने ज़्यादा जानकारी दिए बिना यह बात कही।

# अंबेहटा में डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के सम्मान समारोह की धूम

## पत्रकारिता, शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक क्षेत्रों में सराहनीय कार्यों के लिए कई हस्तियां हुई सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अंबेहटा।** नगर के सांस्कृतिक परिवेश में सोमवार को डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब अंबेहटा इकाई द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह ने सामाजिक एकता और प्रेरणा का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन के आगमन से हुआ। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है, जो अच्छाई और बुराई का अंतर दिखाता है। आज नशे की लत समाज के लिए गंभीर चुनौती है। इसे समाप्त करने के लिए हर व्यक्ति को आगे आना होगा, क्योंकि जागरूकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उनके उद्बोधन ने युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। एसपी सागर जैन ने इंटरमीडिएट व हाईस्कूल में प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए। शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा क्षेत्र से मास्टर नरेश कुमार शर्मा और मास्टर मरगूब अहमद को सम्मान मिला। चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. मोहमद हामिद को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सराहा गया। सामाजिक क्षेत्र में नरेश गोयल, अनवर शफीक, बेसरा ग्रुप, तजीम अंसारी, साकिर अहमद (विद्युत विभाग) और इरशाद सलमानी को सम्मानित किया गया।

क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले सीओ नकुड़ अशोक कुमार सिसोदिया, थाना प्रभारी संतोष कुमार



■ नशा गंभीर चुनौती इससे निपटने के लिए आगे आए: एसपी देहात

त्यागी और चौकी प्रभारी विकास चारण को भी उनके समर्पण और कार्यकुशलता के लिए सम्मानित किया गया।

डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने कहा कि समाजसेवियों और जनहित में कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना गर्व की बात है। संयोजक अबूबकर शिब्ली ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मकता बढ़ाते हैं। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, उसकी स्वतंत्रता की रक्षा हर नागरिक का कर्तव्य है।

कार्यक्रम में ऋषिपाल अरोड़ा, मनोज कुमार मिढ़ा, श्रवण शर्मा, अरविंद टबक, मनोज सिंघल, आबाद अहमद, मोहिन सिद्दीकी, नोशाद उस्मानी, मुशर्रफ उस्मानी, फहीम उस्मानी, अरविंद चौहान, विजय सैनी, नवीन चौहान, सलीम सिद्दीकी, वीरेंद्र सैनी, खालिद मजीद, नितिन सैनी, विपिन चौधरी, विकास शर्मा, अभिषेक कौशिक, राव शमीम, नदीम अहमद, अरशी शफीक, आजाद अहमद, सुरेंद्र अरोड़ा, विकी चौधरी सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे। स्थानीय नेतृत्व से चेयरमैन प्रति. निधि नईम अहमद, सभासद जिंदा हसन, तारिक चौधरी, शादाब, प्रधान मुस्तफा, अब्दुल जब्बार, डॉ. कादिर और शाहरुख राव ने भी सहभागिता की।




# एसआईआर की घोषणा केवल भाजपा बचाने का अभियान: रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि एसआईआर की घोषणा सिर्फ भाजपा बचाओ अभियान है। इससे घबराने की जरूरत नही है।



देहरादून से चरथावल जाते समय छुटमलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के आवास पर पत्रकार वार्ता करते हुए कही। श्री रावत ने कहा कि एस आई आर की घोषणा सिर्फ भाजपा बचाओ अभियान है इससे घबराने की जरूरत नहीं है भाजपा पूरे देश में ये अभियान अपने आप को बचाने के लिये चला रही है कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस पार्टी किसानों के दर्द को समझती है भाजपा उद्योगपतियों के लिये कार्य करती है दोनों में ये ही फर्क है बिहार में भाजपा का जाना तय है बिहार में हार देख कर भाजपा ओछी राजनीति पर उतर आयी है देश की जनता सब समझ चुकी है 2027 में भाजपा का उत्तराखण्ड में पूर्ण रूप से सफाया होना तय है भाजपा के पास 9 साल में कोई एक उपलब्धि हो तो उत्तराखण्ड सरकार बताये कांग्रेस के जमाने में लगाये गये उधोगधंधे वापसी कर रहे है क्योंकि भाजपा का ध्यान बेरोजगारों और किसानों पर नहीं है एक सवाल के जवाब में उन्होंनेकहा कि उत्तराखंड कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है सब एकजुट है भाजपा भ्रम और झूट बोल कर सत्ता में आयी थी अब जनता सब समझ चुकी है काठ की हांडी एक बार चढ़ती है बार बार नहीं। मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि देश का किसान मजदूर बेरोजगार कांग्रेस की आशा भरी निघाओ से देख रहा है। इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान मलिक, नासिर प्रधान, रामबीर सिंह, पदम् सिंह, अरशद एडवोकेट, फैशल मिर्जा, नासिर सैफी, कुद्दूस मलिक, कारी आबिद, वकील मलिक, महबूब तलहेड़ी, याहीया मलिक, राव यूसुफ, परवेज मलिक, सुखदेव चौहान, अजीम मलिक आदि मोजूद रहे।

# सड़क हादसे ने ले ली बाइक सवार युवक की जान

**नकुड़।** ईदगाह रोड पर हुए दिल दहला देने वाले सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नसरूल्लागढ़ निवासी 38 वर्षीय रविंद्र सैनी बाइक से अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह ईदगाह रोड के निकट पहुंचा तो सामने से आ रही एक ई रिक्शा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रविंद्र गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।

पुलिस ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया लेकिन उनकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इलाके में भी इस घटना से शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# यमुना नदी में किया स्नान

**गंगोह।** कार्तिक पुणिमा के अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने ठंड के बावजूद यमुना नदी में स्नान कर दानपुण्य करके धर्म लाभ उढाया।

यमुना घाटों पर पुलिस प्रशासन ने जहां सकेंत चिन्ह लगा रखे थे, टेंट लगाने के साथ ही गोताखोरों को भी सजग रखा हुआ था और प्राथमिक चिकित्सा के भी प्रबन्ध किये हुए थे। मौसम के सर्द होने के चलते श्रद्धालु नर नारी अपेक्षित कम संख्या में ही स्नान करने यमुना घाटों पर पहुंचें। इसके विपरीत सीओ प्रवीण कुमार यादव, कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित, कुंडा चौकी इंजार्ज व दौलतपुर घाट चौकी प्रभारी व एलआईयू इंजार्ज तैनात रही।

# कोच्चि की तर्ज पर काम करे नगर निगम: टिंकू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पार्षद एवं सपा महानगर प्रभारी टिंकू अरोडा ने कहा कि सहारनपुर नगर निगम कोच्चि नगर निगम की तर्ज पर कार्य करें।

केरला के कोच्चि नगर निगम में एजुकेशन टूर पर गए वरिष्ठ पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि कोच्चि नगर निगम द्वारा जनता हित में किए गए कार्य प्रशंसा योग्य है कोच्चि नगर निगम ने अपनी स्वयं की जमीनों पर जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए हॉस्पिटल, स्कूल ओर कॉलेजों का निर्माण करवा रखा है और जिसमें शिक्षा और इलाज की दरें भी बहुत कम है इसका सीधा लाभ कोच्चि की जनता को मिल रहा है। टिंकू अरोड़ा ने बताया कि पीछे बोर्ड बैठकों ओर कार्यकारिणी बैठकों में नगर की जनता के हितों के लिए निगम की जमीनों पर निगम द्वारा हॉस्पिटल, स्कूल ओर कॉलेजों का निर्माण करने का प्रस्ताव रख चुका हु और जल्द ही इस प्रस्ताव को पास करवा कर यह कार्य किया जाएगा। कोच्चि नगर निगम द्वारा बहुत ही सुसज्जित तरह से पार्कों का निर्माण किया हुआ है और उसमें बैठने के लिए अच्छी व्यवस्था की हुई है और व्यायाम शाला, आर्युवेदिक शाला के साथ साथ तालाब का निर्माण भी किया हुआ है और एक बोतल नुमा डिजाइन का डस्टबिन जगह जगह पर लगाया हुआ है जिसमें प्लास्टिक बोतल को जनता द्वारा कूड़े में ना डालकर उस डस्टबिन में डाला जाता है और निगम की गाड़ी उसे एकत्र करके उसका डिस्पोजल करके अच्छी मात्रा में निगम की आय वृद्धि कर रही है।

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 3 की मौत

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली बेहट रोड स्थित मढ़ गांव के पास मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर पलट जाने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद आज दोपहर बाद नम आंखों के बीच तीनों शवों का अन्तिम संस्कार किया गया। पूर गांव शोक में डूबा है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह तीनों खेत में बुआई का काम करने निकले थे। देर रात लौटते समय उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगभग 5-6 फीट नीचे खेत में पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि तीनों व्यक्ति ट्रैक्टर के नीचे दब गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर को सीधा कर शवों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक सभी की सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलते ही देहात कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में ईंट भट्टों के लिए लगातार मिट्टी निकाले जाने से खेतों और सड़कों के बीच गहराई बढ़ गई है, जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से कई बार सड़क की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। मृतकों की पहचान खुबनपुर गांव निवासी विशंभर सिंह (70), करण पाल (40) और अपिन (25) के रूप में हुई है। मृतक विशंभर सिंह वर्ष 1995 में बसपा सरकार के दौरान जिला अध्यक्ष रह चुके थे। एक साथ तीन लोगों की मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। पोस्टमार्टम हाउस पर बसपा जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह ननौता भी पहुंचे और हादसे के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह बड़ा हादसा है और तीनों के परिवार में जो एक क्षति हुई है उसकी भरपाई संभव नहीं है इस दुख घड़ी में पूरी पार्टी उनके साथ है।

# प्रमुख मेहरबान मुखिया ने किया सड़क उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्लाक पुंवारका प्रमुख मेहरबान मुखिया ने हौजखेडी में सीसी रोड का उदघाटन करते हुए ग्रामीणों से कहा कि वह क्षेत्र में सम्पूर्ण विकास कराने से पीछे नही हटेंगे।




आज ग्राम हौजखेड़ी में विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए ब्लॉक प्रमुख मेहरबान मुखिया ने अपनी निधि से निर्मित सीसी रोड का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा गाँव उत्साह और खुशी से झूम उठा। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़े से प्रमुख साहब का भव्य स्वागत किया और विकास कार्य के लिए उनका दिल से शुक्रिया अदा किया।

ब्लॉक प्रमुख मेहरबान मुखिया ने कहा कि हर गाँव का विकास हमारा संकल्प है। लोगों की सुविधा और गाँवों की तरक्की के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेगा। किसी भी गाँव को विकास से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। गाँव के लोगों ने बताया कि लंबे समय से इस सड़क की मांग की जा रही थी, जिसके पूरा होने से अब आवागमन में काफी सुविधा होगी।

उद्घाटन कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# निगम ने की टैक्स के 4 बड़े बकायादारों की दुकानें सील

**सहारनपुर।** नगर निगम में बड़े बकायादारों के खिलाफ वसूली अभियान जारी रखते हुए आज सार्वजनिक अवकाश के बावजूद नगरायुक्त के निर्देश पर टैक्स के चार बड़े बकायादारों की दुकानों को सील कर दिया। जबकि सील की कार्रवाई से बचने के लिए 5 बकायादारों ने मौके पर ही टैक्स जमा करा दिया।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम की राजस्व टीम कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी के नेतृत्व में कोर्ट रोड स्थित पार्श्वनाथ प्लाजा पहुँची तो टैक्स बकायादारों में हड़कंप मच गया। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि कोर्ट रोड पार्श्वनाथ प्लाजा में बकायेदार नीतिका की ओर बकाया राशि एक लाख चार हजार सात सौ उनत्तीस रुपए, बकायेदार उपजीत सिंह की ओर बकाया राशि सतत्तर हजार छह सौ बावन रुपये, बकायेदार पी.सी. पाल एण्ड सन्स की ओर बकाया राशि चवालीस हजार एक सौ तीन रुपये एवं उनकी दूसरी दुकान पर बकाया राशि एक लाख दो हजार पांच सौ तेरह रुपये जमा न कराने पर चारों दुकानों को सील कर दिया। पांच अन्य बकायादारों ने सील की कार्रवाई से बचने के लिए मौके पर ही कुल एक लाख सत्ताईस हजार रुपये जमा कराये। इसके अतिरिक्त दो लाख तेरह हजार रुपये कैश काउंटर एवं अन्य वसूली से आज जमा किए गए। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर ली गई है। अब प्रतिदिन सभी राजस्व निरीक्षक वसूली व सीलिंग की कार्यवाही करेंगे। कर निरीक्षक सुशील गुप्ता, कर संग्रहक सागर डंग के अलावा प्रवर्तन दल से प्यार सिंह व हेमराज आदि मौजूद रहे।

# वाहनों पर चीनी मिलें लगवाएं रिफलेक्टर: ओपी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर ओ. पी. सिंह द्वारा रात्रि ओर धुंध तथा कोहरे में दुर्घटनाओं से बचाव के लिए चीनी मिलों में गन्ना लेकर आने वाले सभी प्रकार के वाहनों पर रिफलेक्टर पट्टियां लगवाया जाना सुननिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं।

उप गन्ना आयुक्त ने त्रिवेणी चीनी मिल देवबंद में निरीक्षण के समय गन्ना लेकर आए किसानो के वाहनों पर स्वयं रिफ्लेक्टर पट्टियां लगाई साथ ही उन्होंने चीनी मिलों में निरीक्षण के समय यार्ड में खड़े वाहनों और तौल करा रहे वाहनों पर इसकी जांच भी की। इसी प्रकार से चीनी मिल रोहाना में भी उन्होंने वाहनों पर रिफ्लेक्टर पट्टीयां लगवाई।उपस्थित किसानों को इसकी महत्ता के बारे में भी बताया विशेष रूप से गन्ना लेकर आने वाले भैसा बुग्गी जो रात्रि में आते है उन सभी पर भी तत्काल रिफ्लेक्टर लगवाएं जाने के निर्देश दिए।



उप गन्ना आयुक्त ने सहारनपुर मंडल के सभी चीनी मिलों के अध्याशीयों को भी निर्देश दिए है,की अब कोहरा पड़ने लगा है और किसान मिल गेट पर रात में भी गन्ना लेकर आते हैं तो ऐसे में गन्ने की बुग्गी, ट्रालियो, ट्रको, आदि वाहनों पर रिफलेक्टर पट्टियां अनिवार्य रूप से लगाई जाएं और यदि पहली लगी हुई रिफ्लेक्टर पट्टी पुरानी या हल्की लग रही हो तो तत्काल नई लगाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारियों, सहायक चीनी आयुक्तों, सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों और सचिवों को भी निर्देश दिए हैं कि अपने अपने चीनी मिल क्षेत्रों में निरीक्षण करते समय गन्ना किसानों को भी जागरूक करें की अपने गन्ना सप्लाई करने वाले वाहनों पर रिफलेक्टर पट्टियां अनिवार्य रूप से लगवाई जाएं। निरिक्षण के समय अन्य विभागीय अधिकारी ओर चीनी मिल के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डिजिटल अरेस्टिंग के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिलाओं को उनकी सुरक्षा तथा तथा पुरुषों को डिजिटल अरेस्टिंग के प्रति जागरूक किया गया।

बुधवार को मिशन शक्ति इंचार्ज महिला एसआई सुमन एवं महिला कांस्टेबल चांदनी शर्मा द्वारा नगर के मुख्य चौराहों पर महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सरकारी योजनाओ, सायबर फ्रॉड तथा पुरुषों को डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में जानकारी दी। इस दौरान टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, वूमेन पावर लाइन, आपातकालीन पुलिस सेवा तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर आदि की जानकारी देते हुए पम्पलेट भी वितरित किये।

# गुरमत समागम कीर्तन दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** धन धन साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश गुरपुरब के पावन उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से गुरमत समागम एक भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया।

गुरूद्वारा रोड स्थित गुरूद्वारा परिसर आयोजित गुरमत समागम की कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: प्रभातफेरी के स्वागत से हुई। गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप को कीर्तन के साथ समागम स्थल तक ले जाया गया, जहां दीवान सजाया गया। दीवान में भाई गुरदेव सिंह, भाई बेअंत सिंह, भाई अमरपाल सिंह, भाई जतिंदर सिंह तथा भाई नरेंद्र सिंह ने गुरबाणी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। तीनों स्कूलों गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, गुरु नानक बॉयज इंटर कॉलेज एवं गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी गुरमत विचार व कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भावविभोर किया। गुरु का लंगर संगत ने श्रद्धा भाव से लंगर छक कर वाहेगुरु का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सभा के प्रधान सरदार सुजसबीर सिंह एवं जनरल सचिव अमनप्रीत सिंह ने संगत को गुरपुरब की शुभकामनाएं दीं तथा आयोजन में सहयोग करने वाली सभी सोसायटियों, जत्थेबंदियों एवं संगत का आभार व्यक्त किया।



गुरुपुरब आयोजन में मेयर डा. अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, स.गुरप्रीत सिंह बग्गा ने भी मत्था टेका।

आयोजन में सीनियर मीत प्रधान प्रभजोत सिंह, मीत प्रधान प्रमिंदर सिंह कोहली, मीत सचिव छवप्रीत सिंह, गुरपुरब कन्वीनर सरदार हरेंद्र सिंह चड्ढा, तेजपाल सिंह, रंजीव सिंह हरजीत, तजिंदर सिंह ढंग, इंद्रप्रीत सिंह चड्ढा, स्टेज सचिव सरदार परमजीत सिंह चड्ढा, कोषाध्यक्ष प्रितीपाल सिंह जुनेजा, करनदीप सिंह, इंद्रजीत सिंह खालसा, तीनों स्कूलों के प्रबंधक सतविंद्र सिंह माकन, गुरविंद्र सिंह कालरा, जसवंत सिंह बतरा, एम.पी. सिंह चावला, बलबीर सिंह धीर, इंद्रजीत सिंह बतरा, जगमोहन सिंह, जसबीर सिंह बग्गा, दलजीत सिंह बवेजा, हरप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह बग्गा, डॉ. स्वर्णजीत सिंह, प्रविंदरपाल सिंह, बलबीर सिंह भाटिया, दीदार सिंह सेठी, रघुबीर सिंह, इंद्रजीत सिंह गुरकिरपा, गुरमीत सिंह शंटी, उपकार सिंह सेठी, तरनजीत सिंह बग्गा एवं अन्य संगत सदस्य का विशेष सहयोग रहा

# किसानों के अहित में लगी भाजपा: फरहाद

## कहा- प्रदेश में खाद की किल्लत व खराब बीज सरकार की विफलता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के नेता फरहाद आलम गाड़ा ने भाजपा सरकार पर किसानों को योजनाबद्ध तरीके से खेती से दूर करने की गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार खाद की किल्लत, खराब गुणवत्ता वाले बीज और गन्ना मिलों द्वारा भुगतान न होने की स्थिति सरकार की असफलता नहीं, बल्कि सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है।



फरहाद आलम ने कहा कि प्रदेश के किसान आज भी गन्ना भुगतान को लेकर परेशान घूम रहे हैं, जबकि मिलों पर करोड़ों रुपये बकाया होने के बावजूद सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ऐसा माहौल बना रही है कि किसान मजबूर होकर खेती छोड़ दें और उसके बाद किसानों की जमीनें सस्ते दामों में उनके चहेते कॉर्पोरेट घरानों को ट्रांसफर हो जाएँ।

उन्होंने कहा कि धान सीजन के बाद अब गेंहूँ की बुआई शुरू हो रही है, लेकिन न डीएपी उपलब्ध है और न ही एनपीके खाद। सहारनपुर, शामली व मुजफ्फरनगर सहित आसपास के जिलों में हजारों किसान सहकारी समितियों के बाहर

■ किसानों को खेती छोड़ने के लिए मजबूर करने का लगाया आरोप

घंटों-घंटों लाइन में लगे रहने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे हैं।

फरहाद आलम का कहना है कि खाद की कृत्रिम कमी पिछले सीजनों से लगातार बनाए रखी जा रही है, और सरकार किसानों की वास्तविक स्थिति से आँखें चुरा रही है। उन्होंने कहा कि इस लापरवाही से फसल उत्पादन घट रहा है और किसान हताशा की स्थिति में पहुँच रहे हैं। "यह साफ है कि भाजपा सरकार कृषि भूमि को कॉर्पोरेट हितों को सौंपने के लिए किसानों को खेती छोड़ने मजबूर करना चाहती है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 6 नवम्बर 2025

# धोखाधड़ी का पैमाना

डिजिटल धोखाधड़ी की वर्तमान लहर को पारंपरिक साइबर अपराध से जो बात अलग करती है, वह है इसका औद्योगिक पैमाना और सीमा-पार संरचना। डिजिटल घोटालों के बढ़ते खतरे की व्यापक जांच का सुप्रीम कोर्ट का आह्वान, भारतीय नागरिकों के साथ की जा रही धोखाधड़ी के खतरनाक पैमाने को दर्शाता है। पीठ का खास ध्यान डिजिटल अरेस्ट घोटालों पर था, जहां धोखेबाज पैसे ऐंठने के लिए कानून प्रवर्तन अधिका. रियों का रूप धारण करते हैं, जो इन करतूतों के परिष्कृत तौर-तरीकों और निर्लज्जता को रेखांकित करता है। घोटाला परिसरों का एक विशाल नेटवर्क दक्षिण-पूर्व एशिया के उन संघर्षग्रस्त क्षेत्रों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों, खासतौर पर म्यांमार में स्थित, से संचालित होता है जहां राज्य का नियंत्रण न्यूनतम है और जहां, चिंताजनक रूप से, शासन की मिलीभगत स्पष्ट दिखाई देती है। गुलामी के इस आधुनिक रैकेट की कार्यप्रणाली बेहद ही भयावह है। पीड़ितों को वीजा-मुक्त व्यवस्था का फायदा उठाते हुए, अक्सर बैंकाक के रास्ते, आकर्षक वेतन और सुविधाओं का वादा करने वाले धोखाधड़ी भरे नौकरी के विज्ञापनों के जरिए लुभाया जाता है। वहां से, उन्हें सीमा पार, मुख्य रूप से म्यांमार के उन क्षेत्रों में तस्करी कर लाया जाता है, जो सैन्य जुंटा से संबद्ध सीमा रक्षक बलों द्वारा नियंत्रित होते हैं। ये परिसर डिजिटल स्वेटशाप के रूप में कार्य करते हैं, जहां तस्करी कर लाए गए व्यक्तियों को हिंसा, यातना और यौन उत्पीड़न के जरिये व्यापक घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिसमें पीग बुचरिंग, रोमांस और क्रिप्टोकरेंसी निवेश से जुड़े धोखाधड़ी का एक परिष्कृत संयोजन शामिल होता है। म्यांमार के गृहयुद्ध ने इन कारगुजारियों के फलने-फूलने के लिए आदर्श परिस्थितियां पैदा कर दी हैं। जुंटा के 2021 के तख्तापलट और उसके बाद के संघर्ष ने जातीय मिलिशिया को बढ़ावा दिया, जिन्हें सीमा रक्षक बलों के रूप में पुनः ब्रांडेड किया गया और जिन्होंने इन घोटाले केंद्रों के संचालन को राजस्व के एक ऐसे आकर्षक स्रोत के रूप में देखा, जिन पर सैन्य अभियानों को वित्तपोषित करने के लिए हकरह लगाया जा सकता है। धोखाधड़ी के जरिये हासिल आय को ह्म्यूल्स और कंबोडिया के हुइओन पे जैसे संदिग्ध वित्तीय संस्थानों के जरिये लाकर क्रिप्टोकरेंसी में तब्दील किया जाता है, जिसके बाद उसके सिरे का पता लगाना और उसकी वसूली लगभग असंभव हो जाती है। वैश्विक पर्यवेक्षकों ने इन अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्कों के संचालकों के रूप में चीन के संगठित अपराध सिंडिकेटों की पहचान की है। भारत दोहरे संकट का सामना कर रहा है, इसके हजारों नागरिकों को क्रूर परिस्थितियों में जबरन श्रम के लिए तस्करी करके लाया जाता है, जबकि घर पर हजारों लोग उन्हीं धोखाधड़ी का शिकार होते हैं जिन्हें ये बंधक जबरन अंजाम देते हैं। इससे निपटने के लिए एक बहुआयामी जवाबी कार्रवाई की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक को केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर इन घोटालों के बारे में व्यापक जन जागरूकता अभियान शुरू करना चाहिए तथा साइबर अपराध से निपटने के बुनियादी ढांचे और पुलिसिंग क्षमताओं को मजबूत करना चाहिए।

## ...ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके



हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था, बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है, चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लो. कतंत्र को मारा जा सके, ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला, इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई, 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया, अब ये व्यवस्था क्या है, हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई, 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नायाब सिंह सैनी की एक बाइट पर संदेह पैदा होता है, सैनी कहते हैं, मैंने शुरू से यह कहा है कि भाजपा एकतरफा सरकार बना रही है, हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं, आप चिंता मत करिए।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व



रजनीश कपूर



विद्यार्थी जीवन को जीवन का स्वर्णकाल कहा जाता है। यही वह समय होता है जब व्यक्ति का चरित्र, सोच और भविष्य की दिशा तय होती है। इस अवस्था में यदि कोई एक गुण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो वह है अनुशासन। अनुशासन केवल समय पर विद्यालय जाने, पढ़ाई करने या नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है। यह जीवन की एक सोच और आदत है जो व्यक्ति को आत्मसंयम, जिम्मेदारी और सम्मान सिखाती है। अनुशासन वह मार्गदर्शक है जो विद्यार्थी को उसके लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करता है। यदि विद्यार्थी अपने समय, ऊर्जा और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना सीख ले, तो वह किसी भी चुनौती का सामना साहस और विवेक से कर सकता है। परंतु आज के समय में, जब विद्यार्थी विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और मानसिक दबावों से गुजर रहे हैं, अनुशासन का पालन पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अनुशासन विद्यार्थियों के चरित्र-निर्माण की नींव रखता है। यह उन्हें आलस्य, असंगठितता और गैर-जिम्मेदारी से बचाता है। नियमित अध्ययन, समय पर कार्य पूरा करना, नियमों का सम्मान करना और स्वयं के प्रति ईमानदार रहना, ए आदतें उसी अनुशासन का परिणाम हैं। एक अनुशासित विद्यार्थी न केवल अकादमिक सफलता प्राप्त करता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में संतुलित और आत्मविश्वासी व्यक्ति के रूप में उभरता है। जब विद्यार्थी अपने दैनिक जीवन में अनुशासन अपनाता है, तो वह जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की क्षमता भी विकसित करता है। वह समय की कीमत समझता है, दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना सीखता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी पहचानता है। आज के दौर में विद्यार्थी अध्ययन के साथ-साथ प्रतियोगिता, सहपाठियों की तुलना, सोशल मीडिया और अन्य कई दबावों से गुजरते हैं। कई बार ए दबाव मानसिक थकान, असंतोष और असफलता की भावना जन्म देते हैं। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भावनात्मक सहारा और मानसिक स्थिरता प्रदान करना भी आवश्यक हो जाता है। माता-पिता को अपने बच्चों की समस्याओं और भावनाओं को समझने की को. शिश करनी चाहिए। संवाद के द्वार खुले रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि बच्चा अपनी चिंताओं को बिना डर के व्यक्त कर सके। यदि माता-पिता केवल अंकों या रैंकों पर ध्यान देंगे, तो बच्चा अनुशासन को भय या दबाव के रूप में देखने लगेगा। लेकिन जब वही अनुशासन प्रेम, समझ और प्रेरणा से जोड़ा जाएगा, तो विद्यार्थी उसे जीवन का हिस्सा बना लेगा। साथ ही, बच्चों को यह भी समझाना चाहिए कि माता-पिता की अपेक्षाएं केवल सफलता के लिए नहीं होतीं, बल्कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए होती हैं। माता-पिता अपने जीवन के अनेक सुख-त्याग कर बच्चों के सपनों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इसलिए, विद्यार्थियों के लिए यह समझना जरूरी है कि उनके माता-पिता द्वारा दिए गए अनुशासनात्मक सुझाव विरोध नहीं, बल्कि मार्गदर्शन हैं। हर विद्यार्थी का स्वभाव और क्षमताएं अलग होती हैं। अतः सभी पर समान दबाव डालना अनुचित है। माता-पिता को यह समझना चाहिए कि बच्चों की तुलना किसी और से नहीं की जानी चाहिए, बल्कि उन्हें अपने व्यक्तिगत विकास और रुचि के आधार पर बढ़ने देना चाहिए। दूसरी ओर, विद्यार्थियों को यह सिखाया जाना भी आवश्यक है कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि नई शुरुआत का अवसर होती है।

अनुशासन का संबंध मानसिक संतुलन से भी है। उचित नींद, संतुलित भोजन, खेलकूद और योगाभ्यास विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त रखते हैं। जब मन शांत और संतुलित होगा, तभी अनुशासन का पालन भी सहज बनेगा। वहीं शिक्षक का दायित्व केवल पाठ पढ़ाना नहीं है। वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करते हैं। शिक्षक वह आदर्श प्रस्तुत करते हैं जिसे विद्यार्थी अनजाने में अपनाते हैं। जब शिक्षक अपने व्यवहार और कार्यशैली में अनुशासन दिखाते हैं, तो विद्यार्थी भी उसे अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित होते हैं। शिक्षकों को चाहिए कि वे अनुशासन को दंड के रूप में नहीं, बल्कि आत्म-विकास के साधन के रूप में प्रस्तुत करें। कठोर नियमों से भय नहीं, बल्कि स्नेह और संवाद से अनुशासन स्थापित किया जा सकता है। एक प्रेरणादायक शिक्षक विद्यार्थियों के भीतर आत्म-नियंत्रण, टीम भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाता है। विद्यालय, परिवार और समाज मिलकर ही अनुशासन की सु. दृ नींव बना सकते हैं। यदि समाज में सफल व्यक्तियों को केवल धन या पद की दृष्टि से नहीं, बल्कि उनके चरित्र और अनुशासन के आधार पर सम्मान मिले, तो विद्यार्थी भी सही आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।शिक्षा व्यवस्था में भी अनुशासन को सिलेबस का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। केवल नियमों के रूप में नहीं, बल्कि व्यवहारिक अभ्यास के तौर पर। सामूहिक कार्य, सामाजिक सेवा और आत्म-अनुशासन संबंधी प्रायोगिक गतिविधियों से विद्यार्थी में जिम्मेदारी और आत्मसंयम की भावना विकसित की जा सकती है। अनुशासन विद्यार्थी जीवन का सबसे विश्वसनीय साथी है। यह वह मूल्य है जो व्यक्ति को सफलता, सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। माता-पिता यदि प्रेमपूर्वक दिशा दें, शिक्षक अनुशासन का आदर्श प्रस्तुत करें, और विद्यार्थी उसे आत्मसात करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहेगा। अनुशासन वही पुल है जो शिक्षा को व्यक्तित्व से जोड़ता है और सपनों को वास्तविकता में बदलता है।समाज को प्रगतिशील और जिम्मेदार नागरिकों की आवश्यकता है, और यह तभी संभव है जब विद्यार्थी जीवन में अनुशासन को अपनाया जाए। अनुशासन जीवन में सफलता की नींव है, जो विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और चरित्र प्रदान कर उन्हें विश्व का नेतृत्व करने योग्य बनाता है। प्रत्येक छात्र को चाहिए कि वह अनुशासन की महत्ता को समझे और अपने जीवन में इसे अपनाकर समाज, राष्ट्र और स्वयं के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बुढ़ापा रोकने में लगे वैज्ञानिक

**सिन्क्लेयर का मत है कि हमारी कोशिकाओं में डीएनए मरम्मत की व्यवस्था ही इसके लिए जिम्मेदार होती है। तो इस दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे विकसित किए जिनमें यह गुण था कि उन्हें एक विशिष्ट औषधि देने पर वे एक एंजाइम बनाते थे जो उनके जीनोम को २० जगह काट देता है। इन्हें फिर उक्त व्यवस्था द्वारा निष्ठापूर्वक दुरुस्त कर दिया जाता है। परिणाम यह होता है कि कोशिका के डीएनए मिथायलेशन और जीन अभिव्यक्ति में व्यापक परिवर्तन होते हैं। इन चूहों में जो एपिजेनेटिक पैटर्न था वह अपेक्षाकृत बुजुर्ग चूहों का था और उनकी सेहत भी बिगड़ गई - उनके बाल झड़ गए, रंग उड़ गया और उनमें दुर्बलता के कई लक्षण नजर आने लगे।**

एक दशक पूर्व जापान के क्योटो विश्वविद्यालय के शिन्या यामानाका को ऐसे प्रोटीन्स की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था जिनकी मदद से वयस्क कोशिकाओं को वापिस उनकी प्रारंभिक स्थिति (स्टेम कोशिकाओं) में तब्दील किया जा सकता है। अब दो शोधकर्ता दलों ने दावा किया है कि ये प्रोटीन्स सिर्फ कोशिकाओं को नहीं बल्कि पूरे जीव को उसकी प्रारंभिक स्थिति में ला सकते हैं। यानी बुढ़ापे को पलट सकते हैं। इनमें से एक दल एक बायोटेक कंपनी में कार्यरत है और उसने तथाकथित यामानाका फैक्टर को जीन-उपचार की तकनीक से बूढ़े चूहों में प्रविष्ट कराया और उनके जीवनकाल को थोड़ा लंबा करने में सफलता पाई।

दूसरे दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से चूहे विकसित किए और बुढ़ापे के लक्षणों को पलटा। दोनों ही मामलों में लगता है कि यामानाका फैक्टर्स ने चूहों के एपिजीनोम को बदल दिया। एपिजीनोम डीएनए और प्रोटीन्स में होने वाले रासायनिक परिवर्तनों को कहते हैं जो जीन्स की अभिव्यक्ति को बदल देते हैं। उसे ज्यादा युवावस्था जैसा बना देते हैं। गौरतलब है कि इस प्रक्रिया में डीएनए के क्षारों में या उनके क्रम में परिवर्तन नहीं होता। इससे पहले भी कई समूहों ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे तैयार किए हैं जो वयस्क होने पर खुद यामानाका फैक्टर्स बनाने लगते हैं और बुढ़ापे के कुछ लक्षणों को पलटने में सक्षम होते हैं। अब जो प्रयोग किए गए हैं उनका मकसद मनुष्यों के लिए कुछ उपचार खोजना है। इसी संदर्भ में रीजुविनेट बायो नामक कंपनी के शोधकर्ताओं ने उक्त यामानाका फैक्टर्स के जीन्स से युक्त एक वायरस को चूहों में इंजेक्ट किया। देखा गया कि इसके बाद ये चूहे 18 सप्ताह तक जीवित रहे जबकि शेष चूहे मात्र 9 सप्ताह। शोधकर्ताओं ने बायोआर्काइव्स में बताया है कि इन चूहों में डीएनए मिथायलेशन का पैटर्न अपेक्षाकृत युवा चूहों जैसा हो गया था। डीएनए मिथायलेशन एपिजेनेटिक परिवर्तन का एक प्रकार है। वैसे कुछ अन्य अध्ययनों में पाया गया था कि यामानाका फैक्टर्स कैंसर को बढ़ावा देते हैं लेकिन इस अध्ययन में ऐसा कुछ नहीं देखा गया। दूसरा अध्ययन हारवर्ड मेडिकल स्कूल के डेविड सिन्क्लेयर के दल द्वारा सेल में प्रकाशित किया गया है। कहते हैं कि सिन्क्लेयर पिछले दो दशकों में कई वृद्धावस्था रोधी विवादास्पद हस्तक्षेपों के प्रणेता रहे हैं। सिन्क्लेयर का दल वृद्धावस्था के सूचना सिद्धांत के आधार पर काम कर रहा था। इस सिद्धांत में कहा जाता है कि हम बूढ़े इसलिए होते हैं क्योंकि समय के साथ एपिजेनेटिक चिह्न खत्म होते जाते हैं। सिन्क्लेयर का मत है कि हमारी कोशिकाओं में डीएनए मरम्मत की व्यवस्था ही इसके लिए जिम्मेदार होती है। तो इस दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे विक. सित किए जिनमें यह गुण था कि उन्हें एक विशिष्ट औषधि देने पर वे एक एंजाइम बनाते थे जो उनके जीनोम को 20 जगह काट देता है। इन्हें फिर उक्त व्यवस्था द्वारा निष्ठापूर्वक दुरुस्त कर दिया जाता है। परिणाम यह होता है कि कोशिका के डीएनए मिथायलेशन और जीन अभिव्यक्ति में व्यापक परिवर्तन होते हैं। इन चूहों में जो एपिजेनेटिक पैटर्न था वह अपेक्षाकृत बुजुर्ग चूहों का था और उनकी सेहत भी बिगड़ गई - उनके बाल झड़ गए, रंग उड़ गया और उनमें दुर्बलता के कई लक्षण नजर आने लगे। अब शोधकर्ता देखना चाहते थे कि क्या एपिजेनेटिक बदलाओं से इन लक्षणों को पलटाया जा सकता है। उन्होंने एक वायरस के



साथ यामानाका फैक्टर्स दिए और देखा कि बुढ़ाते चूहों की दृष्टि सुधर गई थी। कई अन्य मामलों में यामानाका फैक्टर्स ने एपिजेनेटिक सुधार किए थे। इसके आधार पर सिन्क्लेयर का मत है कि बुढ़ापे को आगे-पीछे कर सकते हैं और कुछ इलाज उभर सकता है। बहरहाल, जैसा कि हमेशा होता है, पूरे मामले में कई अगर-मगर हैं। एक तो यही कि जो एपिजेनेटिक परिवर्तन किए गए थे वे कुदरती नहीं थे। पता नहीं कुदरती परिवर्तन किस तरह होते हैं और उनका क्या असर होता है। दूसरा कि चूहे और मनुष्य बहुत अलग-अलग हैं। तीसरा कि बुढ़ाना एक पेचीदा प्रक्रिया है और ए प्रयोग उसका सरलीकरण करते हैं। इन सारे अगर-मगर के बावजूद शोधकर्ता आगे बढ़कर मनुष्यों पर प्रयोग करने को उत्सुक हैं। बंदरों पर जांच तो शुरू भी हो चुकी है।

...स्रोत फीचर्स

# ब्रज और आसपास के क्षेत्र का खानपान एवं व्यंजन

आजकल यूट्यूब,टीवी चैनल्स, मैगजीन्स, समाचार पत्र सारी जगहों पर रेसिपीज और खाने पर काफी चर्चा और शो देखने-पढ़ने को मिलते हैं। इनके माध्यम से हमको विभिन्न देशों और खुद अपने देश के विभिन्न इलाकों के खाने के इतिहास, खाने की संस्कृति और खाने की चीजों के विषय में जानकारी मिलती है जो काफी अच्छी और रोचक भी होती है।

अगर हम केवल अपने देश की बात करें तो कह सकते हैं कि जितना हमारे देश में विभिन्न इलाकों के मौसम, जलवायु और क्षेत्रीय संस्कृतियों में फर्क है उतना ही हर क्षेत्र के खाने में और जैसे इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हम सब एक हैं यानी कि भारतीय वैसे ही इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हमारे सभी खानों का मूल स्वाद और भाव एक ही है यानी कि हिंदुस्तानी-विशुद्ध भारतीय। आज अपने इस लेख के द्वारा मैं चर्चा करना चाहूँगा एक क्षेत्र विशेष यानी ब्रज क्षेत्र और उसके आगे भी आस-पास के परंपरागत खान-पान की। इनमें से अधिकतर व्यंजन इस इलाके में अधिकांश लोगों के खान-पान का हिस्सा सदियों से रहे हैं और कुछ चतुर्वेदी समुदाय के विशेष रूप से।

जब मीडिया या सोशल मीडिया में हम भारतीय खान-पान की चर्चा देखते-सुनते-पढ़ते हैं तो हमको दक्षिण भारतीय, उत्तर-पूर्व, राजस्थानी, गुजराती, मुगलई, बंगाली, कश्मीरी और न जाने कितने किस्म के खानों की चर्चा सुनने को मिलती है किंतु जिस इलाके का खान-पान बिल्कुल सादा होते हुए भी अद्भुत है, बिल्कुल सात्विक होते हुए भी तमाम राजसी भोजनों को मात देने वाला है, जहां से ही 56 भोग की शुरुआत हुई उस इलाके यानी ब्रज-क्षेत्र के खाने का जिक्र कुछ अपवादों को छोड़ कर अधिकतर चर्चाओं में दिखता-मिलता ही नहीं है।

सच यह है कि खाना तो हर जगह का अच्छा ही है किंतु सुबह जलेबी-बेड़ई/कचौड़ी साथ में शानदार रायता और आलू की सब्जी का नाश्ता हो या दोपहर में गेहूं के अलावा बेझर बेसन की रोटी साथ में उड़द की दाल हो या बाजरा की रोटी और गुड़ सर्दी के मौसम में। शाम की चाट-पकौड़ी हो, मूंग की दाल के मंगोड़े हों या चाय के संग भीमसेन या पंछी की दालमोठ। रात के भोजन की बात हो तो पराठे और सब्जी इन सभी का स्वाद अलग ही होता है और साथ में विविध किस्म के मिष्ठान और फिर बाद में भरपूर मेवा युक्त औटाया हुआ दूध वो भी कुल्हड़ में, पर इसमें से तो अधिकांश चीजें तो हम जानते ही हैं इसलिए अब बात कुछ उन खान-पान की चीजों की जो खाते तो हम रोज रहे हैं किंतु धीरे-धीरे उनका इलाका सिमटता जा रहा है और आजकल के ग्लैमर भरे चर्चा-प्लेटफॉर्म्स पर उनकी चर्चा लगभग न के बराबर होती है। सुबह बासी पराठे और मट्ठे के नाश्ते के बाद हमारे इलाके में दोपहर के भोजन में दाल-रोटी आदि के अलावा खीर, मीठा भात, धोई, भात, झोर, मीठी मूंग, पालक का रसे वाला बेसनयुक्त साग, आलू-बरी, भट (बैंगन) बरी, मीठी सिकिंद आदि का प्रचलन रहा है और यह व्यंजन कई बार किसी विशेष आयोजन का अंग भी होते हैं जैसे माथुर चतुर्वेदी समुदाय के लोगों में कतरों के झोर की जन्मदिन-वर्षगांठ पर बनाने की परंपरा रही है और मूंग-भात-झोर शादी में घुड़चढ़ी के दिन।

यहां जो झोर है यह है तो बेसन की ग्रेवी का ही किंतु इसके आयुर्वेदिक औषधियों के गुण युक्त मसाले, खास तौर पर गरम मसाले इसको अन्य इलाकों की कढ़ी से भिन्न बनाते हैं। झोर में बेसन के कतरों का झोर, मटर-बरी का झोर,आलू-बरी का झोर,पकौड़ी का झोर आदि। इसके अतिरिक्त विशेष अवसरों पर या मौका लगते ही पूरी-कचौड़ी, सब्जी, रायता, सौंठ आदि। रायता मौसम के अनुसार बून्दी, बथुआ, पुदीना, आलू, टमाटर, बैंगन या फलों का मीठा रायता भी हो सकता है। थोई धुली हुई पीली मूंग की दाल की सूखी (थोड़ी सेमी सॉलिड किस्म की) नमकीन चीज है जबकि मीठी मूंग छिलके सहित गुड़ से मीठी की गई मूंग की दाल का व्यंजन है। जब खीर की बात करें तो मथुरा में बहुत सी जगहों पर गाढ़ी या सेमी सॉलिड किस्म की फीकी चावल की खीर बनती है और पत्तल में परोस कर उसमें बूरा मिला कर उसको स्वादानुसार मीठा करके खाया जाता था। अच्छी खीर वो ही जो सामने दीवाल पर फेंक कर मारें तो चिपक जानी चाहिए।मथुरा की इस खीर के अलावा घुटे चावल की खूब औटाई हुई किंतु सेमी-लीक्विड किस्म की खीर अन्य स्थानों पर प्रचलित है ही जिसमें से सौंधी महक आती हो। चावल की खीर के अतिरिक्त सिवइयों की खीर, गणेश चौथ के व्रत के दिन शकरकंदी की खीर, सिंघाड़े के आटे की लप्सी,कूटू की पकौड़ी और पूड़ी, अन्य व्रतों में मखाने-छुआरे की खीर का भी प्रचलन रहा है। सिकिंद दही को घोल कर पिसी हुई इलायची के फ्लेवर का एक रायता नुमा पेय है जिसमें चावल डाल कर भी खाते हैं।इसके अलावा शरद पूर्णिमा की रात को बनने वाली बासौन्धी। वृंदावन के पवित्र-पावन स्थल टटीय स्थान पर राधा-अष्टमी को बनने वाली सूखी अरवी की सब्जी का दिव्य स्वाद जिसने चखा है वही जानता है। मथुरा की गरम मसाले युक्त तेज मसालेदार स्वाद की आयुर्वेदिक गुणों से युक्त आलू की चटपटी रसे की सब्जी और सरोंट का रायता जिन्होंने खाया है वो ही उसका स्वाद जानते हैं।ऐसे ही डुबकी वाले आलू की सब्जी बहुत प्रसिद्ध है। सर्दी के मौसम में इस इलाके में मलीदा यानी कि बाजरे की रोटी और गुड़ को घी में मीज कर-पका कर बनाया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्नकूट के दिन और नव-दुर्गा के दिनों में सभी सब्जियों-फलों के गड्ड की सब्जी और पूरी के प्रसाद का प्रचलन है। अन्नकूट के दिन गड्ड का साग, सूखे तले जिमीकन्द की सब्जी,लौंग की छौंक की रतालू की मरुं वाली रसेदार सब्जी, उबले सिंघाड़े आदि व्यंजनों की तो बात ही अलग है। जहां तक शाम के खाने का सवाल है तो अभी कुछ दशक पहले तक इन इलाकों में शाम को कटोरिया जिसको आप बोलचाल की भाषा में पराठे कहते हैं और साथ में मट्ठे दही के आलू, अरवी घुइयां, रतालू, कच्चे केले, कच्चे पपीते के रसे और साथ में सूखी हरी सब्जी के खाने का प्रचलन रहा है। उल्लेखनीय बात यह है कि ये पराठे तले हुए,पंजाबी पराठे न होकर तवे पर घी में सिके हुए परतों वाले पराठे होते हैं। यहां एक और उल्लेखनीय बात यह है कि इस इलाके का ए सारा भोजन परंपरागत तरीके से पूर्णतः शाकाहारी और प्याज-लहसुन रहित होता है। गर्मी में आम का पना, नींबू-मिर्च की चौंचं, मूली का हत्था आदि भी हैं गर्मी के ताजे पड़े अचारों के अतिरिक्त। जहां तक मिठाइयों की बात है तो सादी खड़पुरी और गिन्दोरा तो अब लुप्तप्राय हैं लेकिन खोए के पेड़े जिनकी मथुरा में ही एक से अधिक किस्म हैं,जो आपको बृजवासी की दुकान से लेकर मथुरा-वृंदावन-गोवर्धन में हर जगह मिल जाएंगे।एक ओर भुने खोए के पेड़े तो दूसरी ओर बूरे में लिपटे सूखे स्वादिष्ट पेड़े।मथुरा से निकलें तो फिर फिरोजाबाद के रतन लाल या प्यारे लाल के पेड़े, इटावा के कुंज बिहारी के पेड़े, बाह की खोए की गुझिया,कानपुर का सफेद मीठा पेड़ा और यही पेड़ा मलवां जाकर कच्चे खोए का और इलाहाबाद के फाफामऊ में लाल भुने खोए का पेड़ा हो जाता है। पेड़े के अतिरिक्त खुरचन, रबड़ी, आगरा का पेठा, हाथरस, मैनपुरी और इटावा की बलदेव (अब अलका स्वीट्स), फिरोजाबाद की जलेसर वाले, प्यारेलाल, हाथरस वाले और



गोपाल स्वीट हाउस की सोन पपड़ी,फिरोजाबाद का सोन-हलुवा (दिल्ली का सोहन हलुवा नहीं बल्कि उससे भिन्न), इटावा की पतंगा लाल की हेशमी, सादाबाद और हाथरस की बालूशाही, फिरोजाबाद-इटावा के दनदाने, कपूरकन्द, मक्खन के समोसे, मक्खन की पान की गिलौरी, इमरती, मलाई पूड़ी, सिंघाड़े के सेव, कई किस्म के लड्डू, अलग-अलग किस्म की गजक जिसमें फिरोजाबाद की जैन की चमकनी गजक बहुत अनोखी और प्रसिद्ध है। वैसे है तो बंगाली मिठाई किंतु वृंदावन के गाय के दूध के रसगुल्ले और फिरोजाबाद का सूखा खीरमोहन, राया के आसपास के रसगुल्ले और बंगाली मिठाइयों के वैरिएंट्स और न जाने कितनी मिठाइयाँ हैं जो इस इलाके में आज भी बहुत प्रचलित हैं और उनकी क्वालिटी भी अच्छी है। शुद्ध देसी मिठाई में बलदेव की माखन मि के क्या कहने हैं। सर्दी के मौसम में घरों में बनने वाली सौंठ वाली घीयुक्त बर्फी,मकर संक्रांति पर बनने वाले लाई, चने, ज्वार के लड्डू, निशास्ता के लड्डू, तिल के गुड़ वाले तिलवा,गुड़ और खोए के तिलकुटा लड्डू,मूंग के लड्डू आदि।

-साभार अतुल चतुर्वेदी

# न्यूयॉर्क के मेयर बने जोहरान ममदानी

## राष्ट्रपति ट्रम्प के विरोध के बाद भी डेमोक्रेट उम्मीदवार ने प्रतिष्ठित चुनाव जीता

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के डेमोक्रेट उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने न्यूयार्क मेयर का चुनाव जीत लिया है। उन्हें 50.4 प्रतिशत वोट मिले। वे मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाली मीरा नायर के बेटे हैं। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे। भाषण के बाद वे अपनी पत्नी के साथ 'धूम मचा ले' गाने पर झूमते नजर आए।

मां मीरा नायर ने मंच पर आकर उन्हें गले लगा लिया। पिता महमूद ममदानी भी मौजूद रहे। न्यूयॉर्क मेयर चुनाव में जीत के ममदानी ने ब्रुकलिन पैरामाउंट थिएटर में समर्थकों को संबोधित किया। ममदानी ने अपनी जीत को न्यूयार्क के हर नागरिक की जीत बताया। ममदानी के सामने 3 बड़ी चुनौतियां हैं, अपने वादे पूरे करना ममदानी ने वादा किया है कि वे न्यूयार्क में सभी बच्चों के लिए फ्री केयर शुरू करेंगे, सब्सिडी वाले घरों का किराया फ्रीज करेंगे, पब्लिक बसों में मुफ्त यात्राा देंगे और सिटी की अपनी किराने की दुकानें खोलेंगे। उनका कहना है कि इसके लिए अमीरों और बड़ी कंपनियों पर नए टैक्स लगाकर 9 अरब डॉलर जुटाए जाएंगे। लेकिन अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इन वादों को पूरा करना बहुत मुश्किल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि वे न्यूयार्क की फेडरल फंडिंग रोक सकते हैं। अगर वे ऐसा कदम उठाते हैं तो ममदानी की परेशानी बढ़ सकती है। ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के वामपंथी धड़े से आते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी के मध्यम मार्गी धड़े को खुश करना उनके लिए मुश्किल हो सकता है।




**मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में करने वाली मां मीरा नायर ने मंच पर गले लगाया**

**पिछले 100 सालों में न्यूयॉर्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे**

कुल मिलाकर, ममदानी के लिए असली परीक्षा अब शुरू हुई है। अपने वादों को सच करना, विरोधियों के हमले झेलना और अपनी ही पार्टी में भरोसा बनाना। ममदानी ने पूरे कैंपेन में सिर्फ एक बात पर फोकस किया कि न्यूयार्क बहुत महंगा हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम है लोगों की जिंदगी आसान बनाना। उनके रैलियों में लगे बैनर पर नारे लिखे थे कि एक शहर जो हम अफोर्ड कर सकें और सस्ता घर बनाओ। राजनीति में ज्यादातर वक्त बातें घुमा-फिराकर कही जाती हैं, लेकिन ममदानी ने बिल्कुल साफ बात की। उन्होंने खुलकर कहा कि अमीरों पर टैक्स लगाओ, बच्चों की देखभाल बढ़ाओ और घर को हक बनाओ। ममदानी को पार्टी के बड़े नेताओं का सपोर्ट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने जनता और इंटरनेट का सहारा लिया। उन्होंने स्कैवेंजर हंट, फुटबाल टूर्नामेंट और स्ळठज्फ बार में देर रात पाप-अप इवेंट किए। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक, उन्होंने सभी पुराने नियम तोड़ दिए और सीधे लोगों से रिश्ता बनाया। ममदानी ने स्वयंसेवकों की संख्या में इजाफा किया। उनकी प्रचार टीम में शामिल युवा उनसे भी कम उम्र के हैं।

ज्यादातर को इतने बड़े पैमाने पर काम करने का बहुत कम अनुभव था। लेकिन वे सामान्य सलाहकारों और रणनीतिकारों की तुलना में अधिक सक्षम और प्रभावी साबित हुए। फोर्ब्स के मुताबिक, जोहरान ममदानी की कुल संपत्ति लगभग 200,000 डॉलर (करीब 1.71 करोड़) है। ममदानी ने 2020 में न्यूयार्क स्टेट असेंबली का चुनाव जीता था। तब उन्हें सालाना 142000 डॉलर की सैलरी मिलती थी। वे फिलहाल न्यूयार्क के एस्टोरिया इलाके में किराए के घर में रहते हैं। उसका किराया 2250 डॉलर प्रति माह है। उनके पास खुद की कार भी नहीं है। वे रोजाना सबवे (मेट्रो ट्रेन) से सफर करते हैं। ममदानी के पास युगांडा के जिन्जा इलाके में करीब चार एकड़ जमीन है। इसकी कीमत 150000 डॉलर से 250000 डॉलर (1.2 से 2 करोड़) के बीच है। मेयर बनने के बाद उनकी सालाना सैलरी 260000 डॉलर (करीब 2.2 करोड़) हो जाएगी।

### ममदानी ने किया पडिंत नेहरू का जिक्र

**न्यूयार्क।** अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में से एक न्यूयार्क में डेमोक्रेटिक पार्टी के जोहरान ममदानी ने मेयर पद का चुनाव जीत लिया है। इसके बाद उन्होंने बुधवार को ही जनता को संबोधित किया। इस दौरान ममदानी ने न सिर्फ भारत के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू और भारत की आजादी के बाद उनके पहले भाषण-ट्रिस्ट विद डेस्टिनी का जिक्र किया, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आव्रजन के मुद्दे पर चुनौती भी दी। ममदानी ने अपनी ऐतिहासिक जीत को राजनीतिक वंश का अंत बताया और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भी जिक्र किया। उन्होंने पंडित नेहरू के

**आव्रजन पर ट्रम्प को चुनौती दी**

ट्रिस्ट विद डेस्टिनी भाषण के शब्दों का हवाला देते हुए कहा कि आज मैं आपके सामने खड़ा हूं और मुझे जवाहरलाल नेहरू के शब्द याद आ रहे हैं। एक क्षण आता है, जो इतिहास में बहुत कम आता है, जब हम पुराने से नए में प्रवेश करते हैं। आज रात, हमने पुराने से नए में कदम रखा है। उनके इस बयान के बाद समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ममदानी ने ट्रम्प को चुनौती देते हुए कहा कि न्यूयार्क प्रवासी समुदाय की मेहनत से बनाया गया, उन्हीं से संचालित और अब एक प्रवासी के नेतृत्व में चलने वाला शहर रहेगा।

# टोरंटो में कैफे के अंदर भारतीय पर हमला

**टोरंटो।** टोरंटो में कैफे के भीतर एक भारतवंशी पर कथित तौर पर नशे में एक व्यक्ति ने हमला किया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसने जनता में आक्रोश है। वीडियो में देखा जा सकता है कि नीला जैकेट पहने एक शख्स और भारतीय मूल के व्यक्ति के बीच मोबाइल ऑर्डर पिक अप काउटंर के पास बहस होती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कनाडाई व्यक्ति बिना वजह गुस्से में अपनी कोहनी से भारतवंशी के हाथ पर टक्कर मारता है, जिससे उसका फोन गिर जाता है।

इसके बाद भारतीय व्यक्ति अपना फोन उठाता है। लेकिन कथित तौर पर नशे में व्यक्ति उस पर झपट पड़ता है और उसका कॉलर पकड़ देता है और अपने से बड़ा दिखाना का आरोप लगाता है। इस दौरान पीड़ित शांत रहते हुए उसे चेतावनी देता है कि तुम खुद परेशानी में पड़ सकते हो। इस दौरान भारतवंशी ने कोई प्रतिरोध नहीं किया, लेकिन आक्रामक व्यक्ति बार-बार उसे धक्का देता रहा और उसके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करता रहा। अंत में कैफे के कर्मचारियों ने दखल दिया और दोनों को बाहर जाने के लिए कहा। घटना तभी शांत हुई, जब आक्रामक व्यक्ति को बाहर ले जाया गया। घटना का वीडियो तेजी से



**वीडियो ऑनलाइन वायरल होने से जनता में आक्रोश**

ऑनलाइन वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया पर लोग कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले ने कनाडा में प्रवासियों की सुरक्षा और बढ़ती नस्लीय हिंसा पर चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में एडमंटन में भारतीय मूल के व्यवसाई अरवी सिंह सगू पर हमले के बाद यह मामला सामने आया है। 19 अक्टूबर को सगू पर हमला हुआ था, जिसमें वह घायल हो गए और पांच दिन बाद अस्पताल में उनकी मौत हो गई। आरोपी काइल पापिन को गिरफ्तार किया गया और उस पर गंभीर हमले का आरोप लगाया गया। सगू के दोस्तों ने उनके बच्चों और अंतिम संस्कार के खर्च के लिए फंड जुटाया। दोनों घटनाओं ने कनाडा में आप्रवासियों की सुरक्षा और नस्लीय हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर बहस को फिर से तेज कर दिया है।

# मोदी सुधार रहे कमजोरियां

**लंदन।** लंदन में आयोजित लंदन ग्लोबल कन्वेंशन में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं और देश को 2047 तक विश्व की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अग्रसर हैं। इंस्टिटड्ूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम में नायडू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा भारत के पास कई बड़ी ताकतें हैं आर्थिक सुधार, आईटी क्षेत्रा में अग्रणी भूमिका और सबसे बड़ी बात, एक मजबूत नेता नरेंद्र मोदी। नायडू ने आगे कहा कि मोदी सरकार देश की सभी संरचनात्मक कमियों को दूर कर रही है। उन्होंने जीएसटी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत आज चौथी

**2047 तक भारत बनेगा शीर्ष अर्थव्यवस्था: चंद्रबाबू नायडू**

सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और आने वाले वर्षों में यह शीर्ष पर पहुंचेगा। कार्यक्रम के दौरान हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की वाइस-प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर नारा भुवनेश्वरी (नायडू की पत्नी) को कार्पोरेट प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए एलओडी विशिष्ट फैलोशिप और गोल्डन पीकाक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नायडू ने अपनी पत्नी की सराहना करते हुए कहा भुवनेश्वरी न केवल एक सफल उद्यमी हैं बल्कि समाजसेवा और भारतीय संस्कृति की सच्ची प्रतिनिधि भी हैं। भुवनेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार का असली उद्देश्य तभी पूरा होता है जब वह समाज को सशक्त बनाए।

## अमेरिकी कार्गो विमान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, 11 घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य केंटकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने बुधवार को कहा कि लुइसविले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद कार्गो विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए। बेशियर ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि हमारा मानना है कि कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है लेकिन यह संख्या और भी बढ़ सकती है। संघीय विमानन प्रशासन ने कहा कि होनोलूलू जा रहा यूपीएस का एक कार्गो विमान मंगलवार को शाम करीब 5:15 बजे (2215 जीएमटी) यूपीएस के विश्वव्यापी हवाई केंद्र, लुइसविले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# ट्रम्प और मोदी में लगातार संवाद जारी

## अमेरिका-भारत की व्यापार वार्ता के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और भारत की व्यापार वार्ता के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बड़ा बयान दिया। कैरोलिन लीविट ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच लगातार बातचीत होती रहती है और दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर गंभीर चर्चाएं जारी हैं। उन्होंने बताया कि ट्रम्प की ट्रेड टीम भारत के साथ लगातार संपर्क में है।

लीविट ने कहा राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बात करते हैं। दोनों देशों की टीमें व्यापार पर बहुत गंभीर चर्चा कर रही हैं। लीविट ने बताया कि हाल ही में दिवाली समारोह के दौरान व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रम्प और मोदी के बीच अहम बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोरे भारत में देश का प्रतिनिधित्व बेहतरीन ढंग से करेंगे। ट्रम्प ने 28 अक्टूबर को पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें



**राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बात करते हैं: लीविट**

सबसे अच्छे दिखने वाले व्यक्ति कहा था और मजाकिया अंदाज में उन्हें 'किलर' बताया था। यह बयान उन्होंने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन से पहले दिया था। ट्रम्प ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा। पिछले महीने से ट्रम्प इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस बीच उन्होंने आयात शुल्क को अमेरिका की ताकत के तौर पर भी दर्शाया। ट्रम्प ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा कि अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद सम्मान करता हूं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कैरोलिन लीविट ने न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरन ममदानी द्वारा लगाए गए मतदाता धमकाने के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा ये आरोप बिना सबूत के लगाए गए हैं और यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी अब किसी ठोस नीति के लिए नहीं खड़ी है।

## तूफान मेलिसा के कारण 30 की मौत, 15 लाख प्रभावितः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि जमैका और आसपास के इलाकों में आए भीषण चक्रवाती तूफान मेलिसा ने भारी तबाही मचाई है और इसके कारण 30 लोगों की मौत हो गई और 15 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि जमैका में सड़कें, बिजली और संचार व्यवस्था बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। लगभग एक सौ तीस सड़कें अवरुद्ध हैं और कई क्षेत्रों में बिजली तथा मोबाइल नेटवर्क ठप पड़े हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका गंभीर असर पड़ा है क्योंकि कई अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम का अनुमान है कि जमैका में लगभग साढ़े तीन लाख लोगों को खाद्य पदार्थों की सहायता की आवश्यकता पड़ सकती है।

# अमेरिका में 4 करोड़ लोगों की फूड सप्लाई बंद

## लाखों बेरोजगार, कर्ज लेकर घर चला रहे, राष्ट्रपति ट्रम्प की जिद से लगा सबसे लंबा शटडाउन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन का आज 36वां दिन है। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था।

शटडाउन की वजह से 42 मिलियन (4.2 करोड़) अमेरिकियों की फूड स्टैंप (एसएनएपी) सहायता रुक गई है। अमेरिका के एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट (यूएसडीए) के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डालर का रिजर्व फंड है, जबकि नवम्बर में फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डालर की जरूरत होगी। वाशिंगटन स्थित बाइपार्टिसन पालिसी सेंटर के मुताबिक अब तक 6.7 लाख सरकारी कर्मचारी छुट्टी पर भेजे जा चुके हैं, जबकि 7.3 लाख कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं। इस तरह

**इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था**

लगभग 14 लाख लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं। ट्रम्प हेल्थ केयर प्रोग्राम की सब्सिडी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं, इस वजह से अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं हो पा रहा है। इस बिल पर अब तक 14 बार वोटिंग हो चुकी है, लेकिन हर बार बहुमत के लिए जरूरी 60 वोट नहीं मिल पाए। फूड सप्लाई प्रोग्राम रुकने के बाद न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया और मैसाचुसेट्स समेत 25 राज्यों ने इस फैसले के खिलाफ ट्रम्प प्रशासन पर मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का कहना है कि लाखों लोगों की फूड सप्लाई रोकना गैरकानूनी है। वहीं, शटडाउन से अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। कांग्रेसनल बजट आफिस (सीबीओ) के मुताबिक अब तक 11 अरब डालर (करीब 1 लाख करोड़) का नुकसान हो चुका है। अगर शटडाउन जल्द खत्म नहीं हुआ तो देश की जीडीपी में चौथी तिमाही में 1 प्रतिशत से 2 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। सीबीओ के मुताबिक, जबरदस्ती छुट्टी पर भेजे गए कर्मचारियों (फर्लो कर्मचारी) की करीब 400 मिलियन डालर (3300 करोड़) प्रतिदिन सैलरी का नुकसान हो रहा है। सीबीओ के डायरेक्टर फिलिप स्वैगल ने कहा कि शटडाउन के कारण सरकारी खर्च में देरी हो रही है और इसका अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। यह असर कुछ हद तक खत्म हो जाएगा, लेकिन पूरी तरह नहीं। अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप पड़ने (शटडाउन) के चलते हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

## केयर होम में आग लगने से 10 की मौत

**साराजेवो।** उत्तर-पूर्वी बोस्निया और हर्जेगोविना के तुजला रिटायरमेंट होम में मंगलवार देर रात आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि लगभग 20 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। संस्थान की ओर से जारी बयान में कहा गया कि आग संस्थान की सातवीं मंजिल पर रात करीब 8:45 बजे (1945 जीएमटी) लगी और तुजला तथा निकटवर्ती नगर पालिकाओं के पेशेवर और स्वयंसेवी अग्निशामकों ने उस पर काबू पाया। घायलों को कई स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों की चिकित्सा टीमों द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया।



**लाहौल-स्पीति। हिमाचल प्रदेश में हुए हिमपात के बाद बर्फ से ढके क्षेत्र का दृश्य।**

# मेक्सिको की राष्ट्रपति को जबरदस्ती किस करने की कोशिश

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम के साथ बुधवार को सड़क पर एक शख्स ने बदसलूकी की कोशिश की। एक नशेड़ी ने राष्ट्रपति को छूने और किस करने की कोशिश की। यह घटना राजधानी मेक्सिको सिटी के पुराने इलाके में हुई। यहां राष्ट्रपति शीनबाम लोगों से बात कर रही थीं।

इसी दौरान वह आदमी उनके पास आता है और उनकी कमर पर हाथ रखकर उन्हें पकड़ने और किस करने की कोशिश करता है। शीनबाम ने मुस्कराते हुए शांत तरीके से उसका हाथ हटाया और उसकी तरफ देखकर कहा कि चिंता मत

**नशेड़ी आदमी ने कमर पर भी हाथ रखा, सिक्योरिटी गार्ड ने तुरंत दूर हटाया**

करो। इसके बाद उनके सिक्योरिटी गार्ड तुरंत उसे दूर हटा दिया। इस घटना को लेकर अभी तक राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। शीनबाम अक्सर सड़कों पर जाकर लोगों से हाथ मिलाती हैं, सेल्फी लेती हैं और उनकी बात सुनती हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब मेक्सिको में राजनीतिक हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। हाल ही में मिचोआकान राज्य के उरुआपान शहर के मेयर कार्लोस मैनजो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# अमेरिका के केंटकी में कार्गो प्लेन क्रैश

## सात की मौत, डेढ़ लाख लीटर तेल फैला, लोगों को घर से न निकले के आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी राज्य में बुधवार को लुईविल में एक कार्गो प्लेन क्रैश हो गया है।

हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कम से कम 11 के घायल होने की खबर है। फेडरल एविएशन अथारिटी (एफएए) के मुताबिक, यूपीएस कंपनी की फ्लाइट 2976 ने मोहम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होनोलुलु (हवाई) के डेनियल इनौये इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। एफएए ने बताया कि यह हादसा शाम करीब 5:15 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में तेज आग और मलबा दिखाई दे



रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक विमान में करीब 38000 गैलन ईंधन (करीब डेढ़ लाख लीटर तेल) भरा हुआ था, जो धमाके के बाद आग की लपटों में बदल गया। पुलिस ने एयरपोर्ट से 8 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को घर के अंदर रहने का आदेश दिया है। साथ ही, एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया है। लुईविल पुलिस ने कहा कि हादसे वाली जगह पर अभी भी आग लगी हुई है और मलबा फैला है। शुरुआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि हो सकता है प्लेन में लिथियम बैटरियों से आग लगी हो, ठीक वैसे ही जैसे 2010 में यूपीएस फ्लाइट 6 के हादसे में हुआ था। यूपीएस कंपनी ने बताया कि विमान में तीन क्रू मेंबर थे।

## अमेरिकी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत आयात शुल्क स्थगित करेगा चीन

**बीजिंग।** चीनी वित्त मंत्रालय ने आज कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हाल ही में हुई व्यापार वार्ता के अनुरूप चीन 10 नवम्बर से एक वर्ष के लिए अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त 24 प्रतिशत आयात शुल्क को स्थगित करेगा। मंत्रालय के मुताबिक चीन-अमेरिका व्यापार वार्ता के दौरान बनी सहमति को लागू करने के लिए आयात शुल्क कानून, सीमा शुल्क कानून, विदेश व्यापार कानून और अन्य प्रासंगिक कानूनों तथा विनियमों तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून के मूल सिद्धांतों के अनुसार यह निर्णय लिया गया है। राज्य परिषद की स्वीकृति से 10 नवम्बर, 2025 से अमेरिकी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत का अतिरिक्त सीमा शुल्क एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। लेकिन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू रहेगा। मंत्रालय ने आगे कहा कि यह स्थगन जारी रखने से दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों के स्वस्थ, स्थिर और सतत विकास सुनिश्चित होगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108